शुक्रवार
05 जुलाई 2024

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज




15 दिन में 12 पुल गिरे, मोदी-नीतीश इसका दोष भी विपक्षियों को ही देंगे: लालू यादव 2



# दिल्ली से लेकर मुंबई तक जश्न का माहौल... वर्ल्ड चैंपियन ने फैंस के साथ बांटी खुशी

## पीएम मोदी ने टीम इंडिया का किया गर्मजोशी से स्वागत



**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी को अपने नाम करने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार की सुबह स्वदेश वापस लौटी। बारबाडोस के मैदान पर फाइनल मुकाबला जीतने के बाद टीम इंडिया वहां पर आए चक्रवाती तूफान की वजह से तुरंत रवाना नहीं हो सकी थी। टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी बारबाडोस से एयर इंडिया की स्पेशल फ्लाइट से सीधे दिल्ली पहुंचने के बाद होटल के लिए रवाना हुए, जिसके बाद टीम 11 बजे सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने पीएम आवास पहुंची। पीएम ने सभी खिलाड़ियों और ट्रॉफी के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनसे बात की। पीएम ने खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके परिवार वालों से भी मुलाकात की। इसके बाद टीम मुंबई के लिए रवाना हो गई।

## अलग स्वैग में नजर आई चैंपियन टीम



**कप्तान के एक मैसेज का दिखा असर :** ट्रॉफी घर आ रही है। हम इस पल को आपके साथ एंज्वॉय करना चाहते हैं, तो आइए मरीन ड्राइव विश्व विजय के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने सिर्फ यही मैसेज किया था। टीम इंडिया के खिलाड़ी जब देश की धरती पर उतरे तो उनका स्वागत करने के लिए फैंस बेताब थे। जैसे ही टीम इंडिया मुंबई पहुंची, जान हथेली पर लेकर लाखों फैंस सड़कों पर उतर आए। मरीन ड्राइव पर जनसैलाब नजर आ रहा था। वर्ल्ड चैंपियंस को देखने के लिए हर कोई बेताब नजर आ रहा था।

## मरीन ड्राइव पर उमड़ा जनसैलाब



### 154 दिनों के बाद दुबारा संभाला दायित्व, 7 को कैबिनेट के मंत्री लेंगे शपथ

# हेमंत सोरेन फिर बने झारखंड के मुख्यमंत्री बोले- षडयंत्रकारियों ने रची थी गहरी साजिश

- झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पद और गोपनीयता की दिलाई शपथ

**एजेंसी/रांची**

झारखंड में एक बार फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया अलायंस की सरकार बन गई है। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान इंडिया अलायंस के कई प्रमुख नेता मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह में जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन समेत परिवार और गठबंधन के कई नेता मौजूद थे। हेमंत सोरेन ने गुरुवार शाम 4.55 बजे झारखंड के सीएम के रूप में शपथ ले ली है। कुल 154 दिनों के बाद उन्होंने एक बार फिर यह दायित्व संभाला है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि कैबिनेट के बाकी मंत्रियों को 7 जुलाई या किसी और दिन शपथ दिलाई जाएगी। समारोह में चंपई सोरेन, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर सहित इंडिया गठबंधन की झारखंड इकाई के शीर्ष नेता मौजूद रहे।





## 5 महीने पहले अंहकारियों ने की थी चुप कराने की कोशिश

शपथ ग्रहण से ठीक पहले हेमंत सोरेन ने अपना एक वीडियो संदेश जारी कर बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होने अपने संदेश में कहा है कि 5 महीने पहले सत्ता के मद में चूर अंहकारियों ने उन्हें चुप कराने की कोशिश की थी। आज झारखंडियों की जनमत वापस बुलंद होगी। उन्होंने कहा कि पांच महीनों तक मुझे अलग-अलग तरीकों से लंबे समय तक जेल में रखने का प्रयास किया। जिसके बाद उन्होंने कानूनी लड़ाई का रास्ता अख्तियार किया। अंतोगत्वा उन्हें न्याय मिला। हेमंत सोरेन ने कहा कि 2019 में जनता ने उन्हें मौका दिया था लेकिन षडयंत्रकारियों को यह पचा नहीं कि आदिवासी नौजवान कैसे इतने उंचे पदों पर जा सकता हैं। 31 जनवरी को झूठे केस बना कर उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने के लिए मजबूर कर दिया। भगवान के घर अंधेर नहीं होती है। लोकसभा चुनाव में आपने जिस झारखंडी एकता का परिचय दिया है उसका ऋणी रहूंगा। झारखंड के गरीब आदिवासी, दलितों की आवाज है। लोगों ने उन्हें सेवा का मौका दिया। उन्होंने लोगों के दरवाजे तक पहुंचने का प्रयास किया। लेकिन कुछ लोगों ने उनके कदमों को रोकने के लिए एड़ी चोटी एक कर दिया। कुछ समय के लिए रोकने में कामयाब हो पाए, लेकिन अब वो फिर से आ रहे हैं। वो हर वर्ग के लिए काम करेंगे। हेमंत सोरेन को इसी साल 31 जनवरी को ईडी ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था और उन्होंने उसी रोज रात 8.30 बजे सीएम पद से इस्तीफा दिया था।

## झामुमो-कांग्रेस-राजद के पास बहुमत से ज्यादा वोट

सरकार बनने के बाद झारखंड विधानसभा में विश्वास मत साबित करना होगा। झारखंड विधानसभा में अभी 76 सदस्य हैं और बहुमत साबित करने किए 39 मतों की आवश्यकता होगी। दलगत स्थिति में झामुमो-कांग्रेस-राजद के पास बहुमत से ज्यादा वोट हैं। सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद चंपाई सोरेन नाराज बताए जा रहे हैं, लेकिन उन्हें अब झामुमो का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो हेमंत सोरेन चंपाई सोरेन को झामुमो कार्यकारी अध्यक्ष पद के रूप में नई जिम्मेदारी देने को तैयार हैं। वहीं झारखंड के चार विधायकों के सांसद बनने और विधायक सीता सोरेन के इस्तीफे और कल्पना सोरेन के विधायक बनने के बाद झारखंड विधानसभा का समीकरण बदल चुका है। विधानसभा की 81 में से पांच क्षेत्र जामा, शिकारीपाड़ा, बाघमारा, हजारीबाग, मनोहरपुर सीट खाली हो गई है। अब दलीय स्थिति को देखें तो वर्तमान में विधानसभा में कल्पना सोरेन को शामिल कर झामुमो के 27, बाबूलाल मरांडी को शामिल कर भाजपा के 24, प्रदीप यादव को जोड़ कर कांग्रेस के 17, आजसू के तीन, राजद के एक, भाकपा माले के एक, एनसीपी के एक और निर्दलीय दो सदस्य हैं।

# हाथरस हादसे में छह लोग गिरफ्तार, मुख्य आयोजक पर एक लाख का इनाम घोषित

- सीएम योगी के मोर्चा संभालने के बाद यूपी पुलिस ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई, गिरफ्तार सभी अभियुक्त सेवादार
- सेवादारों का कबूलनामा, भोले बाबा की चरणरज लेने के लिए भीड़ को अनियंत्रित छोड़ा, जिसके बाद हुआ बड़ा हादसा

**केटी न्यूज/हाथरस-लखनऊ**

हाथरस में हुए हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मोर्चा संभालने के बाद यूपी पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई को अंजाम देना शुरू कर दिया है। पुलिस ने गुरुवार को 6 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की है, जिनमें सत्संग आयोजन समिति से जुड़े 4 पुरुष तथा 2 महिलाएं शामिल हैं। यूपी पुलिस के सीनियर अफसर के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राम लडैते यादव (मैनपुरी), मंजू यादव (हाथरस), उपेंद्र सिंह यादव (फिरोजाबाद), मंजू देवी यादव (हाथरस), मेघ सिंह (हाथरस) और मुकेश कुमार (हाथरस) शामिल हैं। ये सभी सेवादार हैं। वहीं, पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को भोले बाबा के चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिसके बाद भगदड़ मच गई। हालात खराब देखकर ये सेवादार भाग निकले। मालूम हो कि सोमवार को घटी इस घटना में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के कुल 121 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी, जिसमें अधिकांश महिलाएं शामिल हैं।

## भीड़ नियंत्रित करने की थी जिम्मेदारी

अलीगढ़ मंडल के आईजी शलभ माथुर ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वे आयोजन समिति के सदस्य हैं एवं सेवादार के रूप में कार्य करते हैं। इनका मुख्य कार्य सत्संग कमेटी में भीड़ इकट्ठा करना और चंदा इकट्ठा करना है। साथ ही ये बैरिकेटिंग द्वारा भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं को धूप व गर्मी से बचाने के लिए पंडाल की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर खड़ंजा, सफाई इत्यादि की व्यवस्था भी करते हैं। कार्यक्रम के आयोजन के लिए इन लोगों को विभिन्न प्रकार की वर्दी दी गई है। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के लिए महिलाओं एवं पुरुषों को काले रंग की कमांडो ड्रेस व एकरूपता के लिए पिंक ड्रेस भी दी जाती है, जिससे वो भीड़ को अपने हिसाब से नियंत्रित कर सकें।

## अनियंत्रित भीड़ को छोड़ भाग निकले

पूछताछ में यह जानकारी भी सामने आई कि बाबा के अनुयायियों में बाबा के बारे में काफी मान्यताएं हैं। बाबा के चरणरज से बहुत सारे संकट दूर हो जाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि हम लोग बाबा के काफिले को भीड़ के बीच से निकालने के लिए आगे व पीछे दौड़ते हैं। उस दिन भी बाबा की चरणरज के लिए भीड़ गाड़ी के पास आई तो सेवादारों ने भीड़ को रोका और जैसे ही काफिला आगे निकल गया तो सेवादारों ने भीड़ को चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिससे वहां पर महिलाएं व बच्चे एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे और अफरा-तफरी मच गई। यह देख सेवादार वहां से निकल गए। विवेचना में यह भी प्रकाश में आया है कि यह लोग पुलिस प्रशासन को आयोजन की फोटो, वीडियो बनाने से रोकते थे। ये भी विवेचना की जा रही है कि इन सेवादारों में से किसी के द्वारा कोई आपराधिक साजिश तो नहीं की गई है।

# अब रात के समय सड़कों पर भक्तों से नहीं मिलेंगे संत प्रेमानंद महाराज

**एजेंसी/वृंदावन**

हाथरस में सत्संग स्थल पर हुई भगदड़ की घटना के बाद वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज अब रात्रि के समय सड़क पर अनिश्चित काल के लिए भक्तों से नहीं मिलेंगे। उन्होंने भक्तों से रात्रि के समय संत दर्शन के लिए रास्ते में खड़े न होने और भीड़ लगाने से मना किया है। संत प्रेमानंद के रमणेरती क्षेत्र स्थित श्रीहित राधा केली कुंज आश्रम से जारी पत्र में कहा गया कि हाथरस में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और ह्रदय विदारक है। इसमें हम सब की संवेदनाएं उनके परिजनों के साथ हैं। उन्होंने ठाकुरजी से प्रार्थना की है कि भविष्य में ऐसी कोई भी घटना न घटे। उन्होंने अपने अनुयायियों को संदेश दिया कि हाथरस की घटना को देखते हुए सावधानी के तौर पर संत प्रेमानंद महाराज अपने छटीकरा मार्ग स्थित निवास स्थान से रात्रि 2.15 बजे से पद यात्रा करते हुए अपने आश्रम श्रीहित राधा केलि कुंज जाते थे। इस दौरान श्रद्धालु उनके दर्शन करते थे।

# नीट के सफल अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर परीक्षा रद्द करने से रोकने की अपील की

**एजेंसी/अहमदाबाद**

गुजरात में नीट-यूजी में सफलता हासिल करने वाले 50 से ज्यादा अभ्यर्थियों ने सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया है। इनमें कई पहले स्थान पर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने याचिका दाखिल कर शीर्ष अदालत से आग्रह किया है कि वह केंद्र और एनटीए को विवादित परीक्षा रद्द करने से रोकने के लिए निर्देश जारी करे। याचिका में शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को यह निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया है कि वह उन छात्रों व अन्य लोगों की जांच व पहचान करे, जो इस साल पांच मई हुई नीट-यूजी की परीक्षा के पेपर लीक जैसे अनुचित कार्यों में लिप्त थे और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। शीर्ष अदालत में 56 छात्रों की ओर से नई याचिका ऐसे समय में दायर की गई है, जब मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ उन 26 याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है, जिनमें कथित अनियमितता के कारण परीक्षा की जांच कराने और उसे फिर आयोजित करने की मांग की गई है।

याचिका में कहा गया है, माननीय अदालत प्रतिवादियों (केंद्र सरकार और एनटीए) को नीट-यूजी दोबारा न कराने का निर्देश जारी कर सकती है, क्योंकि यह न केवल ईमानदार और मेहनती छात्रों के लिए अनुचित होगा, बल्कि शिक्षा के अधिकार और संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का भी उल्लंघन होगा।







### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की लोक निर्माण विभाग के कामकाज की समीक्षा, दिए निर्देश

# 50 वर्ष पुराने प्रदेश के सभी पुलों का बारीकी से कराएं निरीक्षण

**केटी न्यूज/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि 50 वर्ष पुराने प्रदेश के सभी पुलों का बारीकी से निरीक्षण कराया जाए। उनके सुपर स्ट्रक्चर, पियर की स्थिति, सेतुओं के वाटर-वे में ब्लाकेज, पियर के साइड में स्कावर होल, सेतु के एबटमेन्ट ढाल व बोल्डर का परीक्षण किया जाएगा। असुरक्षित पुल को तत्काल यातायात के लिए बंद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात साल में प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। सात साल में स्टेट



हाइवे 7002 किमी से बढ़कर 10214 किमी हो गया है। जबकि ग्रामीण मार्गों की लंबाई 1,87,517 किमी से बढ़कर 1,93,581 किमी हो गई है। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 9 किलोमीटर मार्गों का चौड़ीकरण हो रहा है। हर दिन गांवों में लगभग 11 किमी नई सड़क बन रही है। इस रफ्तार को और तेज करने के निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इनसे जुड़े मार्गों को 15 जुलाई तक शतप्रतिशत गड्ढामुक्त कर दिया जाए। जलभराव वाली सड़कों पर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। ब्लॉक मुख्यालयों को दो लेन सड़क की कनेक्टिविटी का अभियान समय से पूरा करने पर जोर देते हुए संतोष जताया कि कुल 165 में से 143 मार्गों का निर्माण पूरा हो गया है।

## अंतरराज्यीय तथा अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बनेंगे भव्य द्वार

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अंतरराज्यीय तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों पर भव्य द्वार तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। सड़कों के पुराने मैटेरियल को रीसाइकिल कर दोबारा प्रयोग की तकनीक की सराहना करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में सबसे पहले यूपी पीडब्ल्यूडी ने इस तकनीक का प्रयोग किया है। उन्नाव में इस तकनीक से पुराने मार्ग को रीसाइकिल कर सीमेंटेड बेस और कानपुर देहात में एडिटिव का प्रयोग कर निर्माण कार्य कराया गया था। कुल बनने वाली सड़कों में आधी सड़कें इसी तकनीक से बनाने के निर्देश दिए।

### राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद ने लगातार गिर रहे पुलों को लेकर बोला हमला

# 15 दिन में 12 पुल गिरे, मोदी-नीतीश इसका दोष भी विपक्षियों को ही देंगे

- 18 जून से लेकर अभी तक 12 पुल ध्वस्त हो चुके हैं। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार इस पर खामोश
- बिहार में पुल ढहने के मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में लगातार धराशायी हो रहे पुलों को लेकर विपक्ष डबल इंजन सरकार पर हमलावर हो गया है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के बाद उनके पिता आरजेडी चीफ लालू प्रसाद ने राज्य और केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। लालू प्रसाद ने कहा है कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार अब इसके लिए भी विपक्ष को ही दोषी कहेंगे। सोशल मीडिया एक्स पर लालू ने एक दैनिक अखबार की हेडलाइन की कटिंग शेयर करते हुए लिखा कि, नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार इसका दोष भी मुगलों, अंग्रेजों और विपक्षियों को ही देंगे। कल एक ही दिन में 5 पुल ढहे। 15 दिन में 12 पुल गिर चुके हैं। पुलियों का कोई हिसाब-किताब नहीं। इससे पहले तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया के जरिए सरकार को घेरने की कोशिश की। तेजस्वी ने कहा कि तीन जुलाई को बिहार में एक दिन में पांच पुल गिर गए। 18 जून से लेकर अभी तक 12 पुल ध्वस्त हो चुके हैं। नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार इन उपलब्धियों पर खामोश हैं और सोच रहे हैं कि इस मंगलकारी भ्रष्टाचार को जंगलराज में कैसे परिवर्तित करें?

बता दें कि बिहार में लगातार पुलों के गिरने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। बिहार में पुल ढहने के मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता ने पिछले दो साल में12 पुलों के गिरने का हवाला देते हुए स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का आदेश देने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की है। छोटे-बड़े सभी पुलों के गिरने की घटना की जांच कराने की मांग की गई है।



### लगातार पुलों के गिरने पर तेजस्वी यादव का तंज... इस मंगलकारी भ्रष्टाचार को जंगलराज में कैसे परिवर्तित करें?



बिहार में लगातार पुलों के ध्वस्त होने को लेकर सियासत तेज हो गई है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कभी अपराध तो कभी पुल गिरने की घटना को लेकर सरकार के खिलाफ हमले बोल रहे हैं। तेजस्वी ने एक बार फिर छपरा में पुल गिरने की घटना को लेकर पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला है। तेजस्वी ने एक्स पर लिखा, ह्य4 जुलाई यानि आज सुबह बिहार में एक पुल और गिरा। कल 3 जुलाई को ही अकेले 5 पुल गिरे। 18 जून से लेकर अभी तक 12 पुल ध्वस्त हो चुके है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन उपलब्धियों पर एकदम खाम़ोश एवं निरुत्तर है। सोच रहे है कि इस मंगलकारी भ्रष्टाचार को जंगलराज में कैसे परिवर्तित करें?ह्न उन्होंने आगे लिखा कि, ह्यसदैव भ्रष्टाचार, नैतिकता, सुशासन, जंगलराज, गुड गवर्नेंस इत्यादि पर राग अलपा दूसरों में गुण दोष के खोजकर्ता, कथित उच्च समझ के उच्च कार्यकर्ता, उन्नत कोटि के उत्कृष्ट पत्रकार सह पक्षकार तथा उत्तम विचार के श्रेष्ठ लोग अंतरात्मा का गला घोंट इन सुशासनी कुकृत्यों पर चुप्पी की चादर ओढ़ सदाचारी बन चुके है। बता दें कि बिहार में लगातार पुलों के गिरने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। बिहार में पुल ढहने के मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता ने पिछले दो साल के भीतर 12 पुलों के गिरने का हवाला देते हुए स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का आदेश देने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की है। छोटे-बड़े सभी पुलों के गिरने की घटना की जांच कराने की मांग की गई है।

### बीजेपी के नेताओं को भी पुल पार करने में लग रहा डर, जांच हो

**पटना।** बीजेपी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव निखिल आनंद ने सोशल मीडिया पर अपने डर को उजागर किया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उन्होंने जो लिखा है उससे सियासी हलचल मच गयी है। पहली दफे बीजेपी के किसी नेता ने पुलों के गिरने पर ऐसा बयान दिया है। वैसे बिहार में ताबड़तोड़ पुल गिरने के बावजूद बीजेपी और जेडीयू दोनों पार्टियों के नेता सरकार का बचाव करते ही दिखे हैं। बीजेपी नेता निखिल आनंद ने कहा है कि उन्हें बिहार में किसी भी फ्लाइओवर या पुल से गुजरने में डर लग रहा है। उन्होंने आश्चर्य जताया है कि पिछले 10 दिनों में आधा दर्जन पुल ध्वस्त हो गए हैं। निखिल ने गंभीरता से पुल गिरने की जांच कराने की मांग की है।

### नीतीश के मंत्री ने पुल गिरने का ठीकरा तेजस्वी के सिर फोड़ा, बोले- डेढ़ साल से राजद के पास था पथ निर्माण विभाग

**पटना।** बिहार में पुलों के गिरने पर सियासत जारी है। एक तरफ जहां लालू-तेजस्वी इसके लिए डबल इंजन सरकार को दोषी बता रहे हैं तो दूसरी तरफ सत्ताधारी दल इसके पीछे विपक्ष की साजिश बता रहे हैं। बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने पुल गिरने का ठीकरा भी तेजस्वी के सिर पर फोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि यह विभाग डेढ़ साल से उनके पास ही था, ऐसे में वह सवाल न ही उठाएं तो ठीक होगा। अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार में अलग-अलग विभाग के जितने भी पुल हैं उन सभी पुलों को लेकर मेंटेनेंस पॉलिसी लाने को लेकर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है। नए और पुराने पुलों की स्थिति क्या है, मेंटेनेंस की स्थिति क्या है, इन सभी मामलों को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री सेतु योजना 2016 में बंद हो गई थी उसको एक बार फिर से शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि कई जगहों पर नदी का रूट बदल गया, जिसकी वजह से घटनाएं हुई हैं और कई जगहों पर सेंटरिंग गिरने की वजह से इस तरह की घटनाएं हुई हैं। जो ठेकेदार काम कर रहे थे उनपर सरकारी धन के दुरुपयोग का केस दर्ज किया जाएगा। ठेकेदार पर एफआईआर का प्रोविजन नहीं है लेकिन अगर इस तरह की घटना होंगी तो सरकारी धन के दुरुपयोग का निश्चित रूप से हम केस करेंगे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा पुलों के गिरने को लेकर सवाल उठाने पर मंत्री ने कहा कि यह विभाग आरजेडी के पास था और तेजस्वी यादव इसके मंत्री थे। जबसे जेडीयू के पास विभाग आया उसके बाद चुनाव था और अभी 20 दिन का समय मिला है तो कौन इसका जिम्मेदार है? जिम्मेवारी 20 दिन वाले पार्टी की है या डेढ़ साल से जिसके पास विभाग था उसकी जिम्मेवारी है।

## सिविल कोर्ट में गवाही देने जा रही महिला दारोगा और ड्राइवर की सड़क हादसे में मौत

**केटी न्यूज/पटना**



गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के फुटानीगंज के पास एनएच-27 पर भीषण सड़क हादसे में महिला दारोगा की मौत हो गई। वह अपने कार से केस की गवाही देने जा रही थीं, एनएच 27 पर सीमेंट लदा ट्रक अनियंत्रित होकर उनकी गाड़ी पर ही पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि महिला दारोगा और ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। मृत दरोगा की पहचान सतीभा कुमारी के रूप में की गई है, जो सिधवलिया थाने में तैनात थीं और बेगूसराय जिला की रहने वाली थीं। वहीं, ड्राइवर की पहचान नहीं हो सकी है। हादसे के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात, एसडीपीओ अभय रंजन, एसडीपीओ प्रांजल मौके पर पहुंचे। कई थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। बताया जाता है कि महिला सब इंस्पेक्टर सतीभा कुमारी सिविल कोर्ट में एक केस की गवाही देने के लिए निकली थीं। रास्ते में सीमेंट से लदा ट्रक उनकी कार पर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक ड्राइवर को हादसे के दौरान पता नहीं चल सका कि सीमेंट की बोरियों से एक कार दबी हुई है। शाम में जब गिरे हुए सीमेंट को दूसरे वाहन में लोड किया जा रहा था, तब क्षतिग्रस्त कार दिखी और उसके अंदर महिला सब इंस्पेक्टर और ड्राइवर मिले, जिनकी मौत हो चुकी थी। सिधवलिया थाने की पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि यह हादसा पुलिस परिवार के लिए बेहद दुखद है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

## किशनगंज में भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के किशनगंज जिले से आ रही है जहां एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार 3 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। घटना से गुस्साएं लोगों ने मुख्य सड़क को जाम कर जमकर हंगामा मचाया। घटना किशनगंज के पोठिया थाना क्षेत्र के धोबनिया के पास की है। बताया जाता है कि एक बाइक पर 4 लोग सवार थे। तभी ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो महिलाएं और एक बच्ची की मौत हो गयी।

वही बाइक चला रहे 23 वर्षीय नूर जमाल की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से गुस्साएं लोगों ने मुख्य सड़क को जाम कर हंगामा मचाया। बताया जाता है कि सिंहिया कुलामनी के रहने वाले नूर जमाल अपनी पत्नी नाहिदा बेगम, साली सबीनाज और एक साल की बच्ची को बाइक से रिश्तेदार के यहां जा रहे थे तभी धुमनियां के पास एक बेगलाम ट्रक ने उन्हें रौंद दिया और मौके पर ही पत्नी, साली और बच्ची की मौत हो गयी।


उचित मूल्य | 9800197310 | उत्तम व्यवहार

गीता प्रेस

पुस्तक की दुकान

सभी प्रकार की धार्मिक पुस्तकों के एकमात्र विक्रेता

सहयोगी प्रतिष्ठान

डॉ. रामप्रवेश राय (मुन्ना राय)

: 6299941536

लक्ष्मी पैलेस मेन रोड, बक्सर (नहर के पास)


### 7 से 28 अगस्त के बीच होगी बिहार सिपाही भर्ती परीक्षा

**पटना।** पेपर लीक के कारण रद्द हो चुकी बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का डेट सामने आया है। आगामी 7 अगस्त से 28 अगस्त के बीच इस परीक्षा को फिर से आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर आयोग ने राज्य के सभी डीएम को पत्र लिखा है। आयोग की तरफ से डीएम को लिखे पत्र के मुताबिक, बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन आगामी 7, 11,18,21,25, और 28 अगस्त को किया जाएगा। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2 बजे सिर्फ एक पाली में होगी। कुल 21 हजार 391 खाली पदों के लिए करीब 18 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इससे पहले साल 2023 में 1 अक्टूबर को सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसका पेपर लीक हो गया था। पेपर लीक की बात सामने आने के बाद सरकार ने इस परीक्षा को रद्द कर दिया था। जिसे अब दोबारा आयोजित किया जा रहा है।

## जेल से छूटकर आए युवक की घर के दरवाजे पर गोली मार हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

मधुबनी में बेखौफ अपराधियों ने घर के दरवाजे पर ही एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। गुरुवार की सुबह बाइक सवार अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। सुबह-सुबह हुई इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

घटना साहरघाट थाना क्षेत्र के केरवा गांव की है। मृतक की पहचान केरवा गांव निवासी मनोज साह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मनोज कुछ ही महीने पहले जेल से छूटकर बाहर आया था। अपराधियों ने गुरुवार की सुबह करीब 6 बजे घर के दरवाजे पर पहुंचकर मनोज साह को आवाज दी और जैसे ही मनोज घर से बाहर निकला उसे गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकार परिजन और आसपास के लोग जबतक जुटे तबतक अपराधी फरार हो चुके थे। साहरघाट थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार और बेनीपट्टी के प्रभारी एसडीपीओ विप्लव कुमार घटना स्थल पर दलबल के साथ पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटे हैं।

### डकैती का विरोध करने पर महिला की हत्या

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में अपराधियों ने डकैती की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। विरोध करने पर डकैतों ने एक महिला को मौत के घाट उतार दिया। घटना कटरा के यजुआर थाना क्षेत्र के सिंघवारी गांव की है। डकैतों ने बुधवार की रात सिंघवारी गांव निवासी शशि शर्मा के घर को निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि करीब 15 लाख के आसपास की जेवरात एवं अन्य सामान की लूटपाट हुई है। गृह स्वामी शशि शर्मा की पत्नी पिंकी देवी ने जब लूटपाट का विरोध किया तो अपराधियों ने गला दबाकर हत्या कर दी।

### कच्ची दरगाह घाट पर पीपापुल से टकराई नाव, बड़ा हादसा टला

**पटना।** पटना सिटी इलाके के कच्ची दरगाह घाट के पास नाव पीपापुल से टकरा गयी। जिसके बाद अफरा-तफरी मच गयी। नाव पर सवार लोग पूरी तरह से डर गये थे कि कही नाव पानी में न समा जाए। हालांकि सभी की किस्मत अच्छी थी की बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली। नाव पर कई शिक्षक और शिक्षिकाएं भी सवार थे जो राघोपुर के दियारा में बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल जा रहे थे। लेकिन गंगा नदी के तेज बहाव के कारण नाव पीपा पुल से टकरा गयी। जिसके बाद नाव में पानी भरने लगा। हालांकि कि किस्मत अच्छी थी कि नाव दुर्घटनाग्रस्त होते-होते बच गयी। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने पीपा पुल में सटाकर नाव पर सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। नाव से निकलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### मोतिहारी में जमुनिया नहर के टूटे बांध पर चल रहे कार्य का मंत्री ने किया निरीक्षण

# बांध का निरीक्षण करते रहें अधिकारी, जहां कहीं रिसाव होता है, उसे तुरंत मरम्मत कर ठीक कराएं

- मंत्री कृष्णनंदन पासवान बोले- जैसे सूचना मिली कि बांध टूट गया है, वैसे ही डीएम से बात कर मरमती कार्य कराने को कहा

**केटी न्यूज/पटना**



मोतिहारी में हरसिद्धि प्रखंड क्षेत्र के जमुनिया नहर के टूटे बांध पर हो रहे कार्य की अचानक जांच करने पहुंचे गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान। इस दौरान हो रहे कार्य का बड़ी बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पहले वहां मौजूद आम लोगों से बात किया और जाना कि आखिर बांध कैसे टूटा। फिर जाकर मंत्री ने डीएम से फोन पर बात की। उसके बाद डीएम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नहर विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता को स्थल पर भेजा और टूटे हुए बांध की मरमती कार्य विभाग द्वारा शुरू किया गया। मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने बताया कि जैसे हमको सूचना मिली कि मेरे क्षेत्र में बांध टूट गया है। वैसे ही फोन पर डीएम से बात कर पहले बांध की मरमती करने का कार्य करने की बात कही। किस तरह का कार्य हो रहा है, उसको खुद से देखने पहुंच गए हैं। ताकि फिर से इस तरह की घटना न हो। बांध घूमने के बाद अधिकारियों को साफ शब्दों में निर्देश दिया है कि आगे से इस तरह की गलती बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बारिश का समय है, इसलिए अधिकारी बांध में रैट कट न हो। इसके लिए लगातार बांध का निरीक्षण करते रहें। जहां भी कहीं बांध से रिसाव होता है, उसे तुरंत मरम्मत कर उसे ठीक कर दुरुस्त किया जाए। अगर बांध फिर से टूटा और जांच में जिसकी भी लापरवाही सामने आई, उनका खैर नहीं है।




# स्वरोजगार की मिसाल बन गई है जीविका, आत्मनिर्भर बन रही हैं महिलाएं : डीएम

- डीएम ने सिमरी के छोटका राजपुर में जीविका भवन, ओपेन जिम व यात्री शेड का किया उदघाटन
- आंगनबाड़ी के भवन का किया गया शिलान्यास

**केटी न्यूज/सिमरी**

गुरूवार को बक्सर जिला के सिमरी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राजपुर पर्सनपाह के छोटका राजपुर के वार्ड संख्या 07 में मनरेगा विभाग, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पंचायती राज विभाग, आईसीडीएस विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग के बीच समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन कराया गया। सबसे पहले डीएम अंशुल अग्रवाल की उपस्थिति में मुखिया मुनेश्वरी देवी के द्वारा सिमरी प्रखंड के ग्राम पंचायत राजपुर पर्सनपाह के ग्राम छोटका राजपुर, वार्ड सात में ग्राम संगठन (जीविका भवन), ओपेन जिम, यात्री शेड का उद्घाटन एवं आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास किया गया। मनरेगा मद से नवनिर्मित जीविका भवन में जीविका दीदीयों को संगठन का कार्य करने के लिए उपयुक्त स्थान, मूलभूत सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, पंखा आदि की सुविधा प्रदान की गई है। उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में डीएम ने कहा कि जीविका समूह अब स्वरोजगार की मिशाल बन गई है। न सिर्फ शहरी क्षेत्रों में बल्कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी अब बेझिझक जीविका समूहों से जुड़ आय अर्जित कर रही है। डीएम ने कहा कि सबसे खास बात यह है कि सबसे कठिन माने जाने वाले कृषि व डेयरी उद्योगों से भी



महिला समूह जुड़ रही है तथा धरातल पर यह नजर भी आ रहा है। डीएम ने कहा कि जीविका समूह अब गांवों की जरूरत व ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनते जा रही है। उन्होंने मौके पर उपस्थित जीविका समूह की महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा आप और मन लगाकर काम करिए, सरकार आपके साथ खड़ी है। कृषि कार्य व डेयरी से लाभ अर्जित कर रही है 670 जीविका दीदियांइस दौरान डीएम को बताया गया कि ग्राम पंचायत राजपुर पर्सनपाह पंचायत के विभिन्न गांवों में अब तक छह ग्राम संगठन में कुल 62 स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया है। इन समूहों में 670 जीविका दीदियां जुड़ी है। जिसमें से 450 दीदियां कृषि कार्य से आय अर्जन कर रही है। जबकि 220 जीविका दीदियां पशुपालन एवं डेयरी का कार्य कर आय अर्जित कर रही है। बैंक से 62 समूहों को 1.5 लाख रुपए का प्रथम ऋण, 42 समूहों को तीन लाख रुपए का द्वितीय ऋण एवं 12 समूहों को तीन लाख का तृतीय ऋण मिल चुका है। राजपुर पर्सनपाह पंचायत के कुल 15 युवक-युवतियों को परक प्रशिक्षण दिया गया है। जिनमें सात युवा रोजगार प्राप्त कर चुके है। सतत जीविकोपार्जन योजना अंतर्गत चयनित कुल 13 लाभार्थी योजना का आर्थिक सहायता प्राप्त कर अपनी कारोबार कर प्रारंभ कर चुकी है। इस योजना के माध्यम से महिलाएं अपना रोजगार प्राप्त कर रही है।

## एक नजर

### वार्डवासियों को जागरूक करेगा सामाजिक मंच

**डुमरांव।** नगर परिषद द्वारा मनमाने ढंग से होल्डिंग टैक्स वसूली को लेकर स्थानीय सामाजिक मंच वार्डवासियों को जागरूक करेगा। इसके लिए हर वार्डों में आम सभा करने की योजना बनायी गयी है। सामाजिक मंच के प्रदीप शरण ने बताया कि इस समस्या को लेकर नप प्रशासन के साथ सभापति व उपसभापति को भी जानकारी दी गयी है। होल्डिंग टैक्स में जालसाजी कर बढ़ोतरी और जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया है।

### छठिया पोखरा के घाटों की सफाई कराने की मांग

**डुमरांव।** शहर के चर्चित छठ घाट छठिया पोखरा के घाटों की सफाई नही होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। बड़े बुजुर्ग और महिलाएं पोखरे के घाटों पर बैठ कर गर्मी व उमस में राहत पाते है। ऐसी स्थिति में गंदगी के कारण बैठना मुश्किल हो गया है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सोनू राय, समाजसेवी सुनील तिवारी, उमेश गुप्ता, राजू प्रसाद, विमल सिंह आदि ने नगर परिषद प्रशासन से छठिया पोखरा के घाटों की सफाई करा स्वच्छ डुमरांव-सुंदर डुमरांव की पहल करने की मांग की है।

### जंगलीनाथ मंदिर रोड में पुलिस गश्ती कराने की मांग

**डुमरांव।** डुमरांव के जंगलीनाथ महादेव मंदिर रोड में इन दिनों असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता हैं। मंदिर के बाहर ऐसे तत्व बाइक की चोरी करते हैं। ऐसे तत्वों से राहगीरों के बीच भय बना रहता है। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक यादव, पंकज कुमार, राजीव सिंह राजपूत आदि ने स्थानीय प्रशासन से डायल 112 बाइक के पुलिसकर्मियों से गश्ती कराने की मांग की है।

### बंधन बैंक लूट कांड का अभियुक्त झारखंड से गिरफ्तार

**नावानगर।** लगभग दो वर्ष पूर्व स्थानीय बाजार स्थित बंधन बैंक से हुई लूटकांड के एक अभियुक्त को पुलिस ने झारखंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त दावथ थाना क्षेत्र के मिजार्पुर निवासी ओम प्रकाश है। जिसे पुलिस ने झारखंड के हजारीबाग सुरेश मुहल्ला से गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष डॉ. नंदू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दो वर्ष पूर्व नावानगर बाजार स्थित बंधन बैंक लूट कांड में अभियुक्त था । जो उसी समय से फरार चल रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी, कि आरोपी हजारीबाग में छुपा हुआ है। सूचना पर नावानगर पुलिस ने झारखंड पुलिस के सहयोग से चिन्हित ठीकाने पर छापेमारी किया। छापेमारी में अभियुक्त को धर दबोचा।

### आधा दर्जन गुर्गों के साथ कुख्यात गुड्डु राय गिरफ्तार

**बक्सर।** बक्सर पुलिस को एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। गुरूवार को राजपुर थाना क्षेत्र के सोनपा गांव में जमीन विवाद के एक मामले के दौरान पुलिस ने कुख्यात गुड्डु राय उर्फ धनंजय राय को उसके छह गुर्गो के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार व कारतूस भी बरामद हुआ है। हालांकि पुलिस अभी इस मामले में कुछ विशेष जानकारी देने से परहेज कर रही है। माना जा रहा है कि शुक्रवार को एसपी मनीष कुमार प्रेस वार्ता आयोजित कर इस संबंध में जानकारी देंगे। वैसे एसपी ने उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि अभी पूछताछ चल रही है। बता दें कि गुड्डु राय बक्सर के साथ ही यूपी का भी मोस्ट वांटेड है। वह मूल रूप से राजपुर के डिहरी गांव का रहने वाला है। इलाके में उसकी धौंस का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह जेल में रहते हुए भी अपनी पत्नी को प्रमुख बना चुका है। वर्तमान में भी उसकी पत्नी सुनीता देवी ही प्रखंड प्रमुख है। पुलिस की मानें तो उस पर हत्या समेत कई अन्य संगीन धाराओं में कई मामले दर्ज है। वह इसके पहले आधा दर्जन बार गिरफ्तार हो चुका है।

### पुलिस को देख भागा युवक, गिरने से हुआ जख्मी

**चौगाई।** पुलिस चौगाईं के गेट नंबर दो के पास वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी, इसी दौरान एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह नहर मार्ग से बसंतपुर गांव की ओर भागने लगा। पुलिस को आशंका हुई तो तत्काल उस युवक का पीछा किया। इस दौरान युवक और तेजी से भागने लगा। लेकिन बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ हो गया है। जिस कारण थोड़ी दूर दौड़ने के बाद उसका पैर फिसल गया तथा वह गिर पड़ा। इधर उसका पीछा कर रही मुरार पुलिस उसके पास पहुंच गई तथा उसे पकड़ भागने का कारण पूछी, लेकिन वह कुछ स्पष्ट नहीं बता सका बल्कि दर्द से कराह रहा था।

## खबरें फटाफट

### बुनियाद केन्द्र जाने में रोड़ा बना गैरेज हटाया जाएगा

**डुमरांव।** दिव्यांगों के इलाज और शारीरिक अभ्यास के लिए प्रखंड कार्यालय स्थित पीएचसी के पीछे तीन मंजिला बुनियाद केन्द्र बना हुआ है। दिव्यांग केन्द्र में जाने के लिए एक सकरा गलीनुमा गढ्ढों से भरा रास्ता है, जिससे वाहन नहीं गुजर सकते हैं। ऐसे में वाहन से इलाज के लिए आने वाले दिव्यांग हो या ट्राइसाईकिल से उन्हें पैदल उतर कर ही केन्द्र में जाना पड़ता है। जो चलने में असमर्थ हैं, उन्हें उनके अभिभावक गोद में उठाकर केन्द्र में ले जाते हैं। इसकी शिकायत केन्द्र के द्वारा डीएम और अपने विभाग के अधिकारियों से की गई थी। डीएम अंशुल अग्रवाल ने गैरेज हटाने के लिए दो माह पहले ही आदेश जारी कर दिया था। आदेश देने के बाद भी उसे हटाने की कोई सुगबुगाहट नहीं हो रही थी। बिनियाद केन्द्र के अधिकारियों द्वारा फिर इसकी शिकायत डीएम से की गई। आनन-फानन में गुरूवार को एडीएसओ मनीष कुमार, बीडीओ संदीप कुमार पांडेय एवं पीएचसी प्रभारी आरबी प्रसाद स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बुनियाद केन्द्र के प्रभारी कश्मीरी चौधरी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद एडीएसओ ने बताया की गैरेज शीघ्र ही हटाया जाएगा।

### नप के नये ईओ ने संभाला कार्य भार

**डुमरांव।** नगर परिषद के नये ईओ मनीष कुमार ने अपना योगदान तीन दिन पहले ही कर लिया था। योगदान करने के बाद वार्ड पार्षदों से उनकी भेंट नहीं हुई थी। गुरूवार को ईओ ने सभी वार्ड पार्षदों से परिचय प्राप्त करने के लिए कार्यालय में आमंत्रित किया था। उनके आमंत्रण पर वार्ड पार्षद नप कार्यालय पहुंचे हुए थे। इनके पहुंचने का अंदाज भी कुछ निराला था। वार्ड पार्षद तीन गुटों में अलग-अलग नप कार्यालय पहुंच ईओ से परिचय प्राप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार विस्तारित क्षेत्र का अलग गुट था, उप मुख्य पार्षद को अलग गुट था और चेयरमैन का अलग गुट था। सभी गुट के लोगों ने मुलाकात की अनौपचारिकता पूरी की। परिचय प्राप्त करने के बाद इओं ने उनके वार्ड के एजेंडों के विषय में जानकारी मांगी।

## डीएम अंशुल अग्रवाल ने केशोपुर हनुमान घाट, एवं उमरपुर बांध का किया निरीक्षण

# तटबंध का कटाव रोकने में विफल बाढ़ प्रमंडल के ईओ से डीएम ने पूछा शोकॉज

- सीओ को दिया निर्देश बाढ़ से पूर्व संबंधित लोगों को अन्यत्र सुरक्षित स्थानों पर भेजना सुनिश्चित करें
- कोईलवर गंगा तटबंध किलोमीटर 08 पर तटबंध से 150 से 200 मीटर की दूरी पर कटाव देखा गया

**केटी न्यूज/सिमरी**



अधिकारियों के साथ तटबंध का निरीक्षण करते डीएम

गुरूवार को जिला पदाधिकारी अंशुल अग्रवाल के द्वारा केशोपुर हनुमान घाट, एवं उमरपुर बांध का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में तटबंध से केशोपुर के बीच में बक्सर कोईलवर गंगा तटबंध किलोमीटर 08 पर तटबंध से 150 से 200 मीटर की दूरी पर कटाव देखा गया। इस कटाव को रोकने के लिए डीएम ने कटाव निरोधक कार्य कराने के लिये विभागीय निदेश के आलोक में प्रस्ताव तैयार कर उप विकास आयुक्त से समन्वय स्थापित करते हुए विभाग को भेजने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, बाढ़ प्रमंडल बक्सर को दिया। जबकि निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि बांध के आस-पास स्थानीय लोगों के द्वारा स्थाई घरों का निर्माण किया गया है। जो बाढ़ के दौरान सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षित नहीं है। इस संबंध में अंचलाधिकारी सिमरी को निर्देश दिया गया कि बाढ़ से पूर्व आस-पास बनाये गये सभी संबंधित आवासीय लोगों को अन्यत्र सुरक्षित स्थानों पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। चूंकि इस वर्ष केन्द्रीय जल आयोग द्वारा बाढ़ आने का अनुमान लगाया गया है। इस संबंध में निर्देश दिया गया कि बाढ़ की संभावना को देखते हुए केशोपुर, गंगौली, निशांत सिंह का डेरा एवं बिहार घाट में संभावित बाढ़ के बचाव के लिए उचित मात्रा में बाढ़ के दौरान काम आने वाली सामग्रियों का भंडारण करने का निर्देश दिया। ताकि आवश्यकतानुसार इसका सुलभता से उपयोग किया जा सके। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित अंचलाधिकारी सिमरी एवं अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव को निर्देश दिया गया कि बाढ़ के दौरान मवेशियों की सुरक्षा के लिए अभी से ही आश्रय स्थल चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। कटाव के रोकथाम में कार्यपालक अभियंता बाढ़ प्रमंडल बक्सर से पूछने पर उनके द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी एवं भावी कार्य योजना के बारे में नहीं बताया गया। डीएम ने कहा कि कार्यपालक अभियंता बाढ प्रमंडल आने वाले संभावित बाढ़ के प्रति गंभीर नहीं है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता बाढ प्रमंडल बक्सर को स्पष्टीकरण समर्पित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान डीएम ने स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित जनता की भी राय ली। ताकि उन्हें सुविधा दिया जा सके।

## स्कूल में बने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल - डीएम

- डीएम ने किया पुराना भोजपुर मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण, बच्चों से बात कर पढ़ाई और एमडीएम के संबंध में ली जानकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई का माहौल बनाने का प्रयास शिक्षकों को करना चाहिए। पढ़ाई में माहौल बहुत कारगर होता है। उक्त बातें बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने गुरुवार को पुराना भोजपुर मध्य विद्यालय परिसर में शिक्षकों से कही। वे सिमरी में वेस्ट प्रोसेसिंग इकाई का उद्घाटन करने जाने के दौरान इस विद्यालय में रूक औचक निरीक्षण करने लगे। डीएम को अपने बीच पा जहा शिक्षकों में हड़कंप मच गया है वही छात्रों की उत्सुकता बढ़ गई। छात्रों की यह उत्सुकता तब और अधिक हो गई जब डीएम उनसे संवाद करने लगे। डीएम करीब 11 बजे विद्यालय परिसर में दाखिल हुए। स्कूल में पहुंचते ही उन्होंने बारी बारी से सभी वर्गकक्षों का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की साफ सफाई की पड़ताल की और संतोष जताया। कई कक्षाओं में उन्होंने जो विषय पढ़ाया जा रहा था उससे संबंधित सवाल भी छात्रों से पूछे। छात्र भी उनके सवालों का बखूबी जबाव दे रहे थे। उन्होंने विद्यालय के शिक्षक उपस्थिति समेत अन्य संचिकाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सभी शिक्षक मौजूद पाए गए। उन्होंने शिक्षकों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए तथा कहा कि विद्यालय में पढ़ाई का माहौल बनाना जरूरी है। बिना माहौल के छात्र पढ़ाई में रूचि नहीं लेते है। इसके लिए विशेष कक्षाओं के आयोजन तथा खेल के माध्यम से शिक्षा पर डीएम ने बल दिया। डीएम ने कहा कि पढ़ाई ऐसी होनी चाहिए जो मनोरंजक हो तथा छात्र इसे बोझ नहीं समझे। इसके अलावे भी उन्होंने कई बिंदुओं पर विद्यालय प्रबंधन का ध्यान भी आकृष्ट कराया। डीएम ने एचएम को निर्देश देते हुए कहा कि आउटसोर्सिंग के माध्यम से स्कूलों की सफाई-सफाई करायी जा रही है। सफाई में किसी तरह की कोताही नहीं की जाए। स्कूल की स्वच्छता बेहद ही जरूरी है। अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। डीएम के इस औचक निरीक्षण से शिक्षकों की मुश्किलें बढ़ी रही। करीब आधा घंटा तक इस विद्यालय में रूकने के बाद डीएम वहां से आगे बढ़े।

# योजना में लाखों रुपये की हेराफेरी को बीडीओ मिथिलेश वर्मा ने किया उजागर

**केटी न्यूज/केसठ**

- निर्माण कार्य प्रकलित राशि व मानक को किया गया दरकिनार

प्रखंड के कतिकनार पंचायत के खरवनिया गांव में कल्याण विभाग के द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन सह वर्क सेड का निरीक्षण गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा ने किया। बीडीओ के इस निरीक्षण में लाखों रुपए की हेराफेरी का मामला सामने आया है। ज्ञात हो की वर्ष 2013-14 में कल्याण विभाग पटना के द्वारा कतिकनार पंचायत के खरवानियां गांव के महादलित टोले में एक सामुदायिक भवन सह वर्क सेड का निर्माण कराया गया था।बीडीओ के निरीक्षण में काफी खामियां उजागर हुई। साथ ही पाया गया की वर्क सेड का निर्माण मानक के अनुरूप नहीं कराया गया है। निर्माण कार्य प्रकलित राशि व मानक को दरकिनार कर किया गया है। साथ ही अभी तक एमबी भी नही कराई गई है। साफ शब्दों में कहा जाय तो निर्माण कार्य में काफी लूट खसोट की गई है। मजे की बात तो यह है कि पूर्व की योजना का एमबी नही कराई गई वही कतिकनार मुखिया छठू राम के द्वारा उसी भवन पर एक और योजना पास कारा कर मरम्मती का कार्य लगभग 4 लाख रुपए का कराया जा रहा है। सोचने वाली बात ये है की पूर्व की योजना का अभी एमबी नही हुई है तो नए योजना कैसे शुरू कर दी गई। यह सबके समझ से परे है। वही गांव के ही राम नाथ राम के द्वारा उक्त भवन पर अवैध कब्जा किया गया है। उनके द्वारा भवन के एक कमरे में पशु का चारा रखा गया है। वही अपने भवन का छत वर्क सेड पर किया गया है। बीडीओ ने दो दिन के अंदर पशु चारा हटाने व भवन को कब्जा मुक्त करने का आदेश दिया।

# चौसा-मोहनिया मार्ग की नवनिर्मित सड़क धंसी

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार में धड़ाधड़ नए व पुराने पुल टूट कर पानी मे बह रहे है। अभी यह सिलसिला थम नही रहा तो अब पुलों के साथ नवनिर्मित सड़क भी धंसने लगी है। ताजा मामला बक्सर के चौसा मोहनिया मार्ग पर चल रहे चौड़ीकरण के तहत सड़क निर्माण का है। जहां जीरो पॉइन्ट पर नवनिर्मित सड़क के तहत पुलिया से सटे सड़क पर बारिस से फेंकी गई नीचे की मिट्टी बह जाने से सड़क धरासायी हो गई है। जहा आठ से दस फिट की दूरी में सड़क नीचे धंस गई तो वही, दूसरे साइड में मिट्टी बहने से सड़क पर चार फीट गढ्ढा हो गया। जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो रहा है। वही, सड़क के धंसने से इस सड़क पर बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इन दिनों हो क्या रहा कही बड़े-बड़े पुल पानी मे बह जा रहे है, वही सड़क भी निर्माण के दौरान ही टूट रहे है। बता दे कि सड़कों पर वाहनों के आवागमन बढ़ने से लोगों की सुविधा हेतु एसएच 13 चौसा-मोहनिया पथ का चौड़ीकरण करने की योजना बनाई गई। विगत वर्ष के अंत मे इसके निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गई। अभी हाल ही में इसके तहत निर्माण की प्रक्रिया सिकरौल गांव से प्रारम्भ की गई। जहा जीरो पॉइंट से प्रारम्भ कार्य मे सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठ गया। हालांकि, देखा जाय तो बारिस की बूंदों से सिकरौल से रामपुर तक निर्मित



सड़क पर कई जगह दरारे उत्पन हुई है। लेकिन, सबसे खराब स्थिति निर्माण के जीरो पॉइन्ट पर उभर कर सामने आ गया। जहा पुलिया के बगल में मिट्टी भरकर सड़क निर्माण किया गया था। जमकर हुई बारिस में सड़क की मिट्टी बह जाने से सड़क किनारे चार फीट गहरा होल उभर आया, जहा सड़के भी कुछ दूरी तक नीचे धंस गई। वही दूसरे साइड में आठ से दस फिट लम्बी व पांच से छह फीट चौड़ी सड़क एक फिट से कुछ ज्यादा धंस गई है। जो बड़े हादसे का दावत दी रही है।

## डीएसपी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर नये कानूनों की दी जानकारी

# नये कानूनों में जांच व्यवस्था में होगा बदलाव: डीएसपी

- कहा कि पहले आईपीसी में 511 धाराएं थी, इसमें 358 धाराएं हैं
- महिलाओं व बच्चों पर अत्याचार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नये कानूनों से न्यायिक और जांच व्यवस्था में बदलाव होगा। उक्त बातें डुमरांव डीएसपी ने गुरूवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कानून में संशोधन से आम लोगों को बहुत फायदे होंगे, क्योंकि इस व्यवस्था में दंड कम और न्याय पर ज्यादा जोर दिया गया हैं। इससे बेगुनाह फंस नही पायेंगे और दोषी अपना बचाव नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि जनहित के हिसाब से नया कानून बनाया गया है। एक जुलाई से पूरे देश में यह लागू हो गया है। तीन नये आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारत साक्ष्य अधिनियम के तहत अब कार्य किया जा रहा है। डीएसपी ने कहा कि पहले आईपीसी में 511 धाराएं थी। इसमें 358 धाराएं हैं। नये कानून में पूरी प्रक्रिया को पेपरलेस बनाने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों को थानों के चक्कर से आजादी दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के इस्तेमाल पर जोर दिया गया है। लोग ई-मेल से भी शिकायत कर सकते हैं। महिलाओं व बच्चों पर अत्याचार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। इस नए कानून में छोटे अपराधों, दिव्यांग या जिनकी उम्र 60 साल से अधिक है, उनकी गिरफ्तारी के लिए नया प्रावधान बनाया गया है, इसके अलावा अगर किसी को तीन साल से कम की सजा हुई है, तो उस व्यक्ति को डीएसपी रैंक के अधिकारी की इजाजत के बिना गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है। डीएसपी ने कहा कि नए कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी। अब किसी भी केस की जांच 180 दिनों के अंदर पूरा करना होगा। जिससे लोगों को समय से न्याय मिलेगा। अब उन्हें न्याय पाने के लिए सालो साल अदालतों में चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। चार्जशीट दाखिल होने के बाद कोर्ट के पास चार्ज फ्रेम करने के लिए 60 दिनों का समय होगा तथा ट्रायल शुरू करना होगा। जांच की सत्यता को बनाए रखने के लिए तथा किसी भी तरह का संदेह नहीं हो उसके लिए पुलिस को जांच के दौरान वीडियो बनाना होगा। डीएसपी ने कहा कि नये कानून का सबसे बड़ा लाभ है कि अब जीरो एफआईआर दर्ज होगा। इसके तहत लोग कही से भी अपना एफआईआर दर्ज करा सकते है जो संबंधित थाना में स्वतः दर्ज हो जाएगा।

# रेल कॉरिडोर व वाटर पाइप लाइन में अधिग्रहित भूमि के मुआवजे को लेकर लगा विशेष कैम्प

**केटी न्यूज/बक्सर**

चौसा में निर्माणधीन 1320 मेगावाट बक्सर विद्युत संयत्र परियोजना में आवश्यक निर्माण होने वाले रेल कॉरिडोर व वाटर पाइप लाइन में अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के मुआवजे के भुगतान को लेकर गुरुवार को भू-अर्जन पुनर्वासन व व्यवस्थापन प्राधिकार कोर्ट के पीठासीन पदाधिकारी शिवानन्द मिश्र की अध्यक्षता में अखौरीपुर गोला स्थित महर्षि च्यवन महा विद्यालय में कोर्ट कैम्प का आयोजन किया गया। इस कोर्ट कैम्प में चार किसानों के दस्तावेजों को दुरुस्त कर हाथों-हाथ मुआवजे की राशि का चेक वितरण किया गया। जबकि अन्य कई आवेदन भुगतान



के लिए डाले गए। इस दौरान किसानों की भी भीड़ लगी रही। हालांकि, दस्तावेजो को दुरुस्त कराने आये के किसानों ने कहा, कहा जाता रहा कैम्प में बढ़ाकर मुआवजा दिया जाएगा मगर, भुगतान पहले ही वाला दिया जा रहा है। बता दे कि प्लांट निर्माण के तहत कच्चे माल ले जाने व पानी आपूर्ति किये जाने को लेकर बनने वाले रेल कॉरिडोर व वाटर पाइप लाइन के लिए भूमि अधिग्रहित का मामला भू-अर्जन पुनर्वासन व व्यवस्थापन प्राधिकार कोर्ट में लंबे दिनों से चल रहा था। जबकि, अक्षम वैसे किसान कोर्ट तक नही जाने की वजह से कोर्ट द्वारा विशेष तौर पर चौसा में दो दिवसीय कैम्प लगाने का निर्णय लिया गया था।

# सीसीटीवी पर टिकी संझौली में एसआई और चिकित्सक के बीच मारपीट की कड़ी

- जमीन को लेकर झगड़ा के चलते विवाद और हत्याएं होती है। लगभग 60 प्रतिशत मामला इससे जुड़ा होता है

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

रोहतास जिला के बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत संझौली थानाध्यक्ष मुकेश कुमार अवकाश में रहने के दौरान 21 जून को संध्या में संझौली बाजार में स्थानीय थाना के नवनियुक्त पुलिस अवर निरीक्षक एवं स्थानीय निजी चिकित्सक के बीच किसी बात को लेकर मारपीट की घटना घटित हुई है। घटना की सूचना मिलते हीं तत्काल अंचल पुलिस निरीक्षक बिक्रमगंज को घटनास्थल पर जाकर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उसी दिन रात में पुलिस अवर निरीक्षक शिवम कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर स्थानीय निजी चिकित्सक एवं अन्य के विरूद्ध संझौली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया। कांड के द्वितीय पक्ष अर्थात स्थानीय निजी चिकित्सक के द्वारा किसी प्रकार का आवेदन या फर्दबयान स्थानीय थाना को नहीं दिया गया और न हीं उनके द्वारा



किसी वरीय पुलिस पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी बात रखी गई। मामले की संवेदनशीलता, निष्पक्ष अनुसंधान को सुनिश्चित करने के लिए ताकि किसी भी प्रकार के आरोप की संभावना को दूर करने के उद्देश्यों से अगले हीं दिन 22 जून को संबंधित पुलिस अवर निरीक्षक को संझौली थाना से अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया। पुनः 23 जून को अंचल पुलिस निरीक्षक बिक्रमगंज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दोनों के द्वारा पुलिस अधीक्षक रोहतास के निर्देश के आलोक में समर्पित पृथक तदर्थ जांच प्रतिवेदनों के आलोक में बिहार पुलिस हस्तक 1978 बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली 1976 के प्रथम हृष्टया उल्लंघन के प्रसंग में संबंधित पुलिस अवर निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए पुलिस केंद्र डिहरी वापस किया गया । इस समय तक भी द्वितीय पक्ष अर्थात स्थानीय निजी चिकित्सक की ओर से कोई भी आवेदन या फर्दबयान स्थानीय थाना अथवा वरीय पदाधिकारी को प्राप्त नहीं था । 27 जून को अर्थात घटना के छठे दिन द्वितीय पक्ष के स्थानीय निजी चिकित्सक डॉक्टर गौरव कुमार अभिषेक का फर्दब्यान एनएमसीएच पटना से डाक के माध्यम से संझौली थाना को प्राप्त हुआ । जिसके आधार पर अविलम्ब प्राथमिकी संझौली में संबंधित पुलिस अवर निरीक्षक एवं अन्य के विरूद्ध अंकित किया गया। स्थानीय थाना पर लग रहे आरोप एवं निष्पक्ष अनुसंधान के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक रोहतास के आदेशानुसार दोनों कांडों का अनुसंधान भार अंचल पुलिस निरीक्षक बिक्रमगंज को सौंपा गया।

## खेत घूमने निकले बुजुर्ग की गंगा में डूबने से मौत

**आरा।** भोजपुर जिले के करनामेपुर थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव स्थित गंगा नदी में डूबने से खेत घूमने गए एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक करनामेपुर थाना क्षेत्र के परसौंडा गांव निवासी स्व. राम इकबाल चौधरी के 65 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण चौधरी हैं। जो पेशे से किसान थे। मृतक के पड़ोसी अशोक चौधरी ने बताया कि वह प्रतिदिन दोपहर में घर से बाजार और खेत घूमने के लिए निकलते थे। शाम पांच बजे तक वापस लौट आते थे। बुधवार की दोपहर करीब एक बजे वह खेत की ओर घूमने के लिए निकले थे। लेकिन वह घर वापस नहीं लौटे। जिसके बाद परिजनों ने उनकी खोजबीन करनी शुरू की। खोजबीन के दौरान जब वह ओझवलिया गांव से गंगा नदी घाट के किनारे पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनका कपड़ा घाट के किनारे रखा हुआ है। इसके बाद स्थानीय अंचलाधिकारी को सारी घटना से अवगत कराया गया है। सीओ के आदेश पर स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों के सहयोग से उनके शव को गंगा नदी में खोजना शुरू किया गया। परिजनों और स्थानीय गोताखोरों के काफी प्रयास के बाद उनके शव को बुधवार की रात पानी से बाहर निकल गया। सूचना स्थानीय थाना को दी गई। पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। दूसरी और मृतक के परिजन ने गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबने के कारण मौत की आशंका जताई है। बताया जाता है कि मृतक के परिवार में पत्नी पार्वती देवी और तीन पुत्र सुखन, अनिल और सुखदेव हैं। वहीं इस बात की आशंका व्यक्त की जा रही है कि गर्मी के कारण वह नदी में स्नान करने के लिए उतरें होंगे। परंतु उन्हें नीचे की गहरायी का अंदाजा नहीं मिल पाया होगा।

### उदवंतनगर थाना क्षेत्र के केशोपुर बकरी गांव में गुरुवार की दोपहर घटी घटना

# पूर्व के विवाद में बदमाशों ने युवक को गोली मारकर हत्या की, बवाल

- आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क के बीचो-बीच रख सड़क किया जाम
- पुलिस ने शव का सादर अस्पताल में कराए पोस्टमार्टम

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले उदवंतनगर थाना क्षेत्र के केशोपुर बकरी गांव में पूर्व के विवाद को लेकर हथियारबंद बदमाशों ने गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। मृतक को छह गोलियां मारी गई है। जिसमें एक गोली पेट,एक गोली बाय साइड सीने,दो गोली सिर,एक दाहिने पैर में एड़ी एवं एक गोली ठेहुना के ऊपर मारी गई है। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद उक्त बदमाशों द्वारा लाठी-डंडे एवं लोहे के रॉड से मारकर मृतक के चचेरे भाइयों को भी गंभीर रूप से जख्मी कर दिया गया। जिसके बाद जख्मी चचेरे भाइयों को परिजन द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के केशोपुर बकरी गांव निवासी स्व.राम औघड़ राम के 45 वर्षीय पुत्र बिरंटन राम है। जबकि मारपीट में जख्मी उसी गांव के निवासी स्व.सीताराम रजक के दो पुत्र व मृतक के चचेरे भाई 42 वर्षीय नीतीश कुमार एवं 28 वर्षीय विकास कुमार शामिल है। जबकि गिरफ्तार अपराधी पटना जिला के नौबतपुर थाना क्षेत्र के नौबतपुर गांव निवासी बबुआजी उर्फ ओमकार नाथ द्विवेदी का 25 वर्षीय पुत्र सोनू सन्नी उर्फ आलोक बाबा है।

## आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

घटना के बाद मृतक को लेकर परिजन एवं स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। इसके बाद बाद अभिलंब आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीण एवं परिजन द्वारा



शव को सड़क के बीचो-बीच रख सड़क जाम कर दिया गया। करीब डेढ़ घंटे तक उनके द्वारा सड़क जाम रखा। सड़क जाम होने कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह तप हो गया।

## जाम छुड़ाने पहुंचे ट्रैफिक डीएसपी

सड़क जाम की सूचना पाकर ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार सुधांशु एवं नवादा थानाध्यक्ष कमल जीत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बूझाकर जाम को हटवाया। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं घटना के बाद जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो सभी हथियारबंद बदमाश पुलिस को देखकर वहां भागने लगे। जब पुलिस ने उन्हें पकड़ने को लेकर उनका पीछा किया तो उक्त हथियारबंद बदमाशों द्वारा पुलिस पर फायरिंग की जाने लगी। जब जब पुलिस ने भी अपने बचाव को लेकर उन पर काउंटर फायरिंग की तो भाग रहे बदमाशों में एक बदमाश को दाहिने पैर में घुटने के पास गोली लग गई और वह जमीन पर गिर पड़ा। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और पुलिस अभीरक्षा मुझे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई। वहीं पुलिस द्वारा घटनास्थल से पांच खोखा भी बरामद किया गया है।

## पूर्व के विवाद में चली गोली

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि दिनांक 4 जून 2024 को दोपहर में उदवंतनगर थाना अंतर्गत बकरी गांव में जमीन पर पानी गिराने को लेकर हुए विवाद के क्रम में एक पक्ष के द्वारा गोली चला देने की वजह से बिरंटन रजक नामक एक व्यक्ति को गोली लग गई जो बाद में इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस को सूचना मिलते ही त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए दो टीम का गठन किया गया और भाग रहे अपराधियों की घेराबंदी की गई और घेराबंदी में तीन मुख्य अभियुक्तो में से एक अभियुक्त जो लगातार गोली चला रहा था और पुलिस वाले आत्मरक्षा में गोली चलाई। जिससे कि एक अभियुक्त जो अभी अपना नाम सोनू सन्नी बता रहा है। मृतक के चचेरे भाई विकाश कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 में अगस्त महीने में आरोपी पक्ष से झगड़ा हुआ था। उसी समय भी उनके द्वारा स्थानीय थाना में प्राथमिक की भी दर्ज कराई गई थी। जिसका कांड संख्या 398/22 है। उसी केस को उठाने के दबाव को लेकर विवाद चल रहा था। इसके अलावा 30 जून को भी आरोपी पक्ष द्वारा उन लोगों के साथ मारपीट की गई थी। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। घटना के बाद मृतक की मां सौफा कुंवर,पत्नी सुमित्रा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## जट्टा सिंह गिरोह का मुख्य सरगना आलोक बाबा गिरफ्तार

**आरा।** हत्या कर भाग रहे अपराधियों और पुलिस के बीच आरा में मुठभेड़ हुई है। इस दौरान भोजपुर पुलिस ने पटना जिले के कुख्यात अपराधी को दबोचा है। भोजपुर पुलिस इस गिरफ्तारी को बड़ी सफलता मान रही हैं। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। इस वक्त की बड़ी खबर बिहार के आरा से आ रही है। जहां भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुठभेड़ के दौरान भोजपुर पुलिस ने जट्टा सिंह गिरोह के मुख्य सरगना और कुख्यात अपराधी को भोजपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। दरअसल पूरा मामला भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के केशोपुर बकरी गांव का है। जहां पूर्व के विवाद के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट के दौरान एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के ऊपर गोलियां चला दी जिसमें एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई तो वही दो लोग बुरी तरह घायल हो गये। गोलीबारी की घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गयी। हत्या की सूचना भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव को मिली। जिसके बाद तुरंत एक टीम का गठन कर अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी शुरू की गयी।जिसके बाद भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव की स्पेशल टीम ने अपराधियों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की। तभी अपराधियों ने पुलिस टीम पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। जिसके जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने करीब आधे घंटे के अंदर एक अपराधी को दबोचा लिया। जब पुलिस ने उसे अपराधी की आपराधिक इतिहास खंगाला तो भोजपुर पुलिस दंग रह गई। वह पटना जिले के कुख्यात अपराधियों में से एक है। जिसका नाम आलोक बाबा है।

## एक नजर

### ऐतिहासिक होगा आरजेडी का 28वां स्थापना दिवस

**जहानाबाद।** 5 जुलाई को पटना स्थित राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय में आयोजित पार्टी के 28वां स्थापना दिवस कार्यक्रम की सफलता को लेकर गुरुवार को पार्टी कार्यालय में सभी प्रखंड एवं नगर अध्यक्षों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजद के जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव करेंगे। साथ हीं बैठक में बिहार में बढ़ते अपराध, लूट, हत्या, नीट परीक्षा में धांधली, पेयजल की समस्या सहित कई मुद्दे को लेकर बैठक में विस्तार रूप से चर्चा की गई। साथ हीं निर्णय लिया गया कि इस सभी मुद्दों को लेकर समाहरणालय के समक्ष 9 जुलाई को विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में प्रधान महासचिव परमहंस राय, अरविन्द चन्द्रवंशी, बिहारी यादव, नौशाद अहमद, राजप्रेम यादव, रंजीत पासवान, पवन चन्द्रवंशी, नसीब यादव, राणाप्रताप, मंजीत मालाकार सहित अन्य मौजूद थे।

### सहकारिता मंत्री ने पैक्स गोदामों का किया उद्घाटन

**रोहतास।** सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने विभिन्न पैक्सों के लिए 16 गोदाम का शिलान्यास की। सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने बताया कि रोहतास जिले में धान तथा गेहूं अधिप्राप्ति के लिए पैक्स पूरी तरह तत्पर है। जो थोड़ी बहुत परेशानियां है उसे बैठकर निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोहतास जिले में पैक्सों का राइस मिल भी 47 का कार्यरत है। जो अनाज भंडारण के लिए विभिन्न पैक्सों में 16 गोदाम के निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया। जिसमें 5 सौ एमटी के तीन तथा 100 एमटी के 13 गोदाम का शिलान्यास सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने किया। वहीं डीआरडीए सभागार सासाराम में समीक्षा बैठक की। जहां सासाराम स्थित मंत्री के पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। बैठक में प्रभारी डीएम सह एडीएम चंद्रशेखर प्रसाद ,पूर्व मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम तथा रमेश चौबे सहित अन्य पदाधिकारी एवं पैक्स अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

### शराब और बाइक के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार

**राजापुर राजपुर।** पुलिस ने शराब और बाइक के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। राजपुर थानाध्यक्ष शशि भूषण कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मलांव निवासी रोहित कुमार को अमरपुर रोड से मिली गुप्त सूचना के आधार पर करीब ढ़ाई लीटर देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले में प्रयुक्त कारोबारी के बाइक को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है । शशि भूषण कुमार ने कहा कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

### कुरुर गांव से गायब युवती 24 घंटे में बरामद

**काराकाट।** काराकाट कुरुर गांव से गायब एक अविवाहिता चौबीस घंटे में पुलिस ने बरामद किया। थानाध्यक्ष फूलदेव चौधरी ने बताया कि कुरुर गांव से एक अविवाहिता की गायब होने पर अज्ञात के विरुद्ध बुधवार 03 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज किया गया था। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर खोजबीन शुरू किया गया तो अपने एक सम्बंधी के यहां होने की जानकारी मिली। तत्काल वहां से अविवाहिता को बरामद किया गया। थाना लाया गया गुरुवार को न्यायालय में बयान के लिए भेजा गया है। बयान के बाद आगे की कारवाई की जाएगी।

### छापेमारी अभियान में 22 आरोपियों की गिरफ्तारी

**आरा।** भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा। जिसमें 22 पकड़े गए। इसमें हत्या में 1, लूट कांड में 1, हत्या के प्रयास में 7, आर्म्स एक्ट में 1, वारंट में 2 और शराब मामले में 10 पुलिस पकड़े गए हैं। अभियान के दौरान 2 अवैध शराब भट्ठियों को तोडा.गया। 1 बाइक, 1 देसी कट्टा और तीन कारतूस बरामद किया गया है। सिकरहटा थाना पुलिस ने फरवरी 2024 में घटित लूट कांड में वांछित एक बदमाश आनंद कुमार राय भी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित सिकरहटा के बागर गांव का निवासी है। छापेमारी का नेतृत्व सिकरहटा थानाध्यक्ष रौशन कुमार समेत अन्य पदाधिकारी कर रहे थे। इधर, थानाध्यक्ष ने बताया कि 17 जनवरी 2024 की देर शाम आरा नवादा थाना के जगदेवनगर मोहल्ले में तिलक नगर, कतीरा निवासी मोहल्ला निवासी व झारखंड में तैनात दारोगा अमित कुमार के छोटे भाई अमन कुमार की गोली मारकर हत्या मामले मे भी पुलिस को आनंद राय की तलाश थी।

# वर्णावर श्रावणी मेला शुरू होने से पूर्व रज्जू मार्ग जल्द से जल्द करें शुरू : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने वर्णावर स्थित श्रावणी मेला स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को आगामी श्रावणी मेला के आयोजनों को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान डीडीसी धनंजय कुमार, पीजीआरओ विनय कुमार, एसडीओ ,बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। डीएम ने वर्णावर स्थित गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया गया एवं मरम्मती तथा रखरखाव के लिए जिला योजना पदाधिकारी को सभी आवश्यक निर्देश दिए गए। पातालगंगा की तरफ जाने वाली सड़क में कई स्थानों पर गड्ढे बन गए हैं एवं जगह-जगह पर सड़क जर्जर हो गई है इसके लिए ग्रामीण कार्य विभाग को एक सप्ताह के अंदर मरमती का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वर्णावर में आने वाले पर्यटको की संख्या को बढ़ाने एवं



ज्यादा से ज्यादा की संख्या में पर्यटक आए इसके लिए नए रुझान पैदा करने के लिए रज्जू मार्ग संचालित की जानी है जिसका कार्य अंतिम चरण में है। डीएम ने कार्यकारी एजेंसी को निदेश दिया गया कि जल्द से जल्द रज्जू मार्ग का कार्य संपन्न करें। जिससे कि आम जनों के लिए इसे खोला जा सके।

## गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे पूर्व राष्ट्रपति

**केटी न्यूज/सासाराम**

पूर्व राष्ट्रपति महामहिम रामनाथ कोविंद गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार में आयोजित होने वाले आगामी दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। उन्होंने इसके लिए अनुमति प्रदान कर दी है। उन्होंने नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल नारायण सिंह ने मिलकर पूर्व राष्ट्रपति से इसके लिए अग्रह किया। उनके आग्रह पर रामनाथ कोविंद ने दीक्षांत समारोह में शामिल होने की अनुमति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भारत सरकार के तत्कालीन गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में अपनी शोभा बढ़ा चुके हैं। कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने 2024 के दीक्षांत समारोह में आतिथ्य स्वीकार करने हेतु महामहिम रामनाथ कोविंद से आग्रह किया। उसके बाद उन्होंने उपस्थिति के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। वहीं दूसरी ओर स्वीकृति मिलने के बाद कॉलेज में तैयारी शुरू हो गई है। विदित हो कि दीक्षांत समारोह की तिथि अभी निश्चित नहीं हुई है। कुलाधिपति के साथ उनके आप्त सचिव योगेश उपाध्याय एवं कृष्णा साहू ने भी पूर्व राष्ट्रपति से शिष्टाचार मुलाकात की।




### 122 चलंत दिव्यांगों के बीव वितरित बैटरी चालित ट्राई साइकिल का वितरण

# उच्च शिक्षा व रोजगार वाले दिव्यांगों को मिलती है सुविधा: डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

समाहराणालय परिसर में मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के अंतर्गत संचालित संबल योजना के तहत बैटरी चालित ट्राई साइकिल का वितरण डीएम अलंकृता पांडे के कर कमलों से किया गया। चालू वित्तीय वर्ष हेतु अब तक कुल 122 चलंत दिव्यांग जनों के लिए डीएम की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग कमिटी द्वारा बैटरी चालित ट्राइसाइकिल की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिनमें से 63 दिव्यांग जनों को पहले वितरण किया जा चुका है एवं 57 अन्य स्वीकृत एवं चलंत दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरित की गई। राज्य भर के दिव्यांग जनों को संबल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती ,यह योजना बिहार सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में एक अत्यंत ही महत्वाकांक्षी योजना के तौर पर चालू की गई थी एवं राज्य में अब तक हजारों की संख्या में दिव्यांग इससे लाभान्वित हो चुके हैं। इस योजना के तहत वैसे दिव्यांगजन पात्र होते हैं। जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे ज्यादा होती है तथा वह 60 प्रतिशत या उससे ज्यादा चलंत दिव्यांग होते हैं। साथ ही उनकी वार्षिक आय भी 200000 से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। उच्च शिक्षा एवं रोजगार के सहूलियत के दृष्टिकोण से



दिव्यांगजनो को यह योजना नए आयाम दे रही है। प्रखंड स्तर पर आवेदन की जांच की जाती है एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी, अर्हता रखने वाले दिव्यांगजनों के लिए अनुशंसा जिला मुख्यालय को भेजते हैं। जहां डीएम की अध्यक्षता में गठित स्क्रीनिंग कमेटी आवेदनों के स्वीकृति हेतु अंतिम निर्णय लेती है। समाज कल्याण की इस अति महती संबल योजना के तहत बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार, अपर समाहर्ता विनय कुमार एवं सहायक निदेशक माला कुमारी उपस्थित थी। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा उन सभी लाभांवित दिव्यांगजनों को लाभ प्राप्त करने के लिए बधाई के साथ उनके भविष्य के सपनो को साकार करने के लिए शुभकामनाएं भी दी गई। साथ ही यह अपील भी की गई की सभी दिव्यांगजन जल्द से जल्द यूडीआईडी कार्ड जरूर बनवा ले जिससे कि उन्हें आगे आने वाले किसी भी लाभ प्राप्ति में कोई कठिनाई न हो।

# बलिया के ऐतिहासिक बरईया के पोखरे में मछलियां मरने से मचा हड़कंप

♦ नलकूप खराब होने के कारण एक महीने से नहीं बदला गया पानी

**केटी न्यूज / चितबड़ागांव**

स्थानीय नगरपंचायत के ऐतिहासिक बरईया के पोखरे में गुरुवार को अचानक मछलियां मरने से लोगों में हड़कंप मच गया। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा तत्काल पोखरे से मरी मछलियों को निकलवा कर मिट्टी में गड़वाया गया तथा पूरे तालाब में चूना का छिड़काव कराया गया। मछलियां क्यों मरी फिलहाल पता नहीं चल सका है। एक दशक पूर्व जब इसी तरह मछलियां मर रही थीं, तब तत्कालीन राजस्व मंत्री अंबिका चौधरी ने जल निगम से एक सरकारी नलकूप लगवाया था। जिससे पानी प्रतिदिन बदला जाता था, इस तरह मछलियां को बचाया जाता है। लेकिन इधर एक महीने से नलकूप खराब पड़ा है। लोगों में इस बात की चर्चा जोरों पर थी कि पानी न बदले जाने के कारण यह घटना हुई है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बरईया का पोखरा बलिया का एक धरोहर है, वहीं यहां



लोग अक्सर मछलियों को चारा खिलाकर उसकी अठखेलियां देखने आते हैं, जो कि इस पोखरे की पहचान है। उधर जल निगम के एई निरंजन कुमार ने बताया गया कि नलकूप खराब होने की सूचना मुझे नहीं है। लेकिन अब जल्द ही नलकूप ठीक कराया जाएगा। उधर नगर पंचायत चेयरमैन ने अपनी देखरेख में चूने का छिड़काव करवाया।

### जल निगम की घोर लापरवाही आई सामने

मछलियां कैसे मरीं, यह तो जांच का विषय है। लेकिन यह बात सत्य है कि बीते एक महीने से नलकूप खराब होने के कारण पानी बदला नहीं जा सका, लेकिन न सिर्फ पोखरे के जलस्तर में कमी आई। वहीं पानी न बदले जाने के कारण दूषित हो गया था। प्रथम दृष्टया जांच में यही सामने आया कि नलकूप खराब पड़ा है, यहां गौर करने वाली बात यह है कि नलकूप की देखरेख जेई करते हैं। लेकिन यहां जेई विशाल कुमार खरवार का ट्रांसफर होने के बाद उनकी जगह जो नए जेई राकेश कुमार राय आए हैं उनको अभी एई द्वारा चार्ज ही नहीं दिया गया। ऐसे में यह कहना बिल्कुल गलत नहीं होगा कि मछलियां मरने के पीछे वजह एई भी है, यदि एई जेई को चार्ज दे दिए होते तो नलकूप भी ठीक हो जाता और पानी भी बदला जाता। आज मछलियां पूर्व की भांति पोखरे में अठखेलियां कर रही होती, लेकिन विभाग की घोर लापरवाही के कारण आज यह घटना घटित हो गई।

## एक नजर

### गाजीपुर में बड़ी चोरियों का हुआ खुलासा, अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार



**गाजीपुर।** पुलिस ने अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर निरहुआ हिंदुस्तानी और सुधीर बिंद सदर कोतवाली क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। जिले के विभिन्न हिस्सों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। शहर के कई क्षेत्रों में लगातार चोरी की घटनायें बढ़ रहीं थीं और इसको लेकर पुलिस की लगातार किरकिरी हो रही थी। इनकी गिरफ्तारी से अब चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगने का दावा एसपी कर रहे हैं। गिरफ्तार चोरों के पास से चोरी का सामान भी पुलिस ने बरामद किया है। चोरी का एक लैपटॉप, चार्जर, सोने की चेन, एक मोबाइल फोन और एलईडी टीवी पुलिस ने बरामद किया है। सदर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी के पास से इन दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोर निरहुआ हिंदुस्तानी और सुधीर बिंद सदर कोतवाली क्षेत्र के हुसेनपुर और सकरा गांव के रहने वाले हैं। एसपी ओमवीर सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पिछले पंद्रह दिनों के अंदर सदर कोतवाली क्षेत्र में कई चोरी की घटनाएं हुई थी। इन घटनाओं की वजह से पुलिस लगातार चोरों की तलाश में थी और आज मुखबिर की सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने स्वाट- सर्विलांस टीम की मदद से इनको गिरफ्तार कर लिया है।

### भाजपा के भ्रष्टाचार को उजागार करता है नीट जैसे परीक्षा का पेपर लीक होना: कांग्रेस



**बलिया।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दुष्प्रचार करने के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राहुल गांधी व उन छात्र–छात्राओं से माफी मांगनी चाहिए जो नीट आदि की तैयारी करते हैं और भाजपा सरकार में उसका पेपर लीक हो जाता है। अपने वक्तव्य में उमाशंकर पाठक जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमारे नेता राहुल गांधी के खिलाफ शुरू से ही दुष्प्रचार कर रही है। जिसे अब हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। उमाशंकर पाठक ने कहा कि आदरणीय राहुल गांधी द्वारा संसद में जो हिन्दुत्व पर बयान दिया गया, उसे भाजपा द्वारा तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है और इसे भारती की जनता समझ चुकी है। पूर्व अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी ने कहा कि नीट जैसे परीक्षा का पेपर लीक होना अपने आप में भ्रष्टाचारी भाजपा के भ्रष्टाचार को उजागर करता है। संतोष चौबे जिला प्रवक्ता द्वारा कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी को राहुल गांधी से उनके खिलाफ किए गए दुष्प्रचार के लिए, नीट जैसे परीक्षा का पेपर लीक होने पर भारतीय छात्रों से व बेरोजगारों से माफी मांगनी चाहिए। पत्रक देने वालों में सत्य प्रकाश उपाध्याय मुन्ना, बृजेंद्र पांण्डेय मुखिया ,पारस वर्मा ,बृजेश कुमार, अवनीश चंद्र पांण्डेय, अबुल फैज ,गिरीश कांत गांधी, इशलाह रहमान, राहुल चौबे, अमरनाथ रौनियार, बलवंत चौहान, मोहन प्रसाद ,अमरनाथ श्रीवास्तव, बबलू सिंह, हरिशंकर पाठक, दुर्ग विजय खरवार, प्रकाश मिश्रा , लल्लू सिंह ,अनिल कुमार गुप्ता, शिवजी ,शाहिद अली, उषा सिंह ,अनिल पाण्डेय , मोहम्मद आरिफ खान, सागर सिंह राहुल, मोहम्मद आसिफ अली, राजकुमार वर्मा,आशुतोष सिंह,अंजनी चौबे, अनिल गोड़ आदि रहे।

### गाजीपुर : हार के बाद कार्यकताओं के मनोबल को मजबूत करने पहुंचे प्रभारी मंत्री

**गाजीपुर।** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की पराजय के बाद निराशा हो चुके कार्यकताओं में जान फूंकने तथा उनके मनोबल को मजबूत




करने गुरुवार को प्रभारी मंत्री गाजीपुर पहुंचे। जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पार्टी नेताओं व कार्यकताओं से जिलाध्यक्ष सुनील सिंह की अध्यक्षता में बैठक कर संगठनात्मक एवं कार्यकताओं से जुड़े विषयों पर विचार -विमर्श किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री रविंद्र जायसवाल ने लोकसभा सीट की पराजय पर कहा कि लोकतंत्र में हार और जीत लगी रहती है। हमारे कार्यकताओं ने परिश्रम और मेहनत किया है और उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। आप लोग संगठनात्मक कार्यों में लगे रहते है और आप की सरकार रात दिन ईमानदारी से काम कर रही है। इससे आप का मनोबल मजबूत है। विशेष रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुझे आपके बीच भेजा है। बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, कृष्णबिहारी राय, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, सरिता अग्रवाल, विजय शंकर राय, प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय, ओमप्रकाश राय, विनोद अग्रवाल, अवधेश राय, संकठा प्रसाद मिश्रा, मयंक जायसवाल, नीतीश दुबे, अविनाश सिंह, विष्णु सिंह एवम मंडल अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**सहतवार।** बृहस्पतिवार की सुबह क्षेत्र के आसमान ढोढा गाँव के सामने ट्रेन



से कटकर एक पैंतालीस वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहरा मच गया। युवक की पहचान आसमान ढोढा निवासी गुड्डू 45 वर्ष पुत्र बेनीमाधव चौहान के रुप में हुयी है। युवक मंदबुद्धि का बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची सहतवार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। उधर से गुजर रहे लोग ट्रेन से कटा हुआ शव देखा तो घबड़ा गये। जब नजदीक से देखा तो पता चला कि गाँव का ही गुड्डू है। उन्होंने उसकी सूचना उनके घर वालों को दी। सुचना मिलते ही घर के लोगों में कोहरा मच गया। गुड्डू के तीन लड़के हैं। गुड्डू के बड़े लड़का दीपक ने बताया कि पिताजी बुधवार को दवा कराने के लिए छपरा गये थे।वृहस्पतिवार के सुबह उधर से सियालदह एक्सप्रेस से लौट रहे थे कि अचानक यह घटना घटित हो गयी। यह घटना कैसे घटी बताया नहीं जा सकता। सूचना पर पहुंची सहतवार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया।

### हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**चितबड़गांव।** थाने की पुलिस ने गुरुवार की दोपहर दुगाई चट्टी से एक



हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर का नाम रमेश यादव निवासी नगपुरा है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि हिस्ट्रीशीटर रमेश यादव के खिलाफ कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज है। रमेश यादव काफी दिनों से फरार चल रहा था, इसबीच मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की दोपहर दुगाई चट्टी से हिस्ट्रीशीटर रमेश यादव को गिरफ्तार किया गया।

## सांसद निधि के माध्यम से 106 दिव्यांगजनों को उपलब्ध हुई ट्राई साइकिल

# दिव्यांगजन अपने अंदर छिपी ताकत को पहचान आत्मनिर्भर बनें : जिलाधिकारी

♦ दिव्यांगजनों को रोजगार के मिलेंगे अवसर

**केटी न्यूज / मऊ**

जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने गुरुवार को कम्युनिटी हाल परिसर से 106 दिव्यांग जनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित किया। ये मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल माननीय सांसद अतुल राय के प्रस्ताव पर सांसद निधि के माध्यम से उपलब्ध कराई गई थी। इस अवसर पर अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने माननीय सांसद, सांसद प्रतिनिधि, मुख्य विकास अधिकारी तथा दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी को दिव्यांगजनों हेतु मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने हेतु किए गए प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल मिलने पर उनको मिलने वाली सहूलियतें, लंबी दूरी को आसान बनाने तथा समय की बचत करने में सहायक बताते हुए समस्त दिव्यांगजनों से अपनी प्रतिभा के अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त करने के प्रयास करने को कहा, जिससे वे आत्मनिर्भर हो सके। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत समूहो के तहत रोजगार के अवसर पैदा करने को कहा। साथ ही दिव्यांगजनों को जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने दिव्यांगजनों से उनके अंदर छिपी ताकत को पहचान कर जीवन में आत्मनिर्भर होते हुए आगे बढ़ाने की अपील भी की। इस दौरान उन्होंने वहां पर उपस्थित मीडिया





कर्मियों का धन्यवाद करते हुए दिव्यांगजनों हेतु शासन द्वारा चलाए जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करने तथा उन्हें इसका लाभ दिलाने हेतु कार्य करने की भी अपील की तथा दिव्यांगजनों के मोटिवेशन हेतु विशेष प्रयास करने को भी कहा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने भी समस्त दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करते हुए लक्ष्य का निर्धारण कर जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रयास करने को कहा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय, परियोजना निदेशक बाबूराम त्रिपाठी, दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी नरेंद्र विश्वकर्मा सहित अन्य संबंधित लोग तथा बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

### तमसा नदी किनारे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू

**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के निर्देश पर आज सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में तमसा नदी के



किनारे अवैध आक्रमण के खिलाफ कार्यवाही प्रारंभ की गई। आज लगभग 20 अवैध अतिक्रमण को बुलडोजर के माध्यम से तोड़ा गया। नदी के किनारे चिन्हांकन करते हुए नदी के दायरे में आने वाले समस्त निर्माण के मालिकों को नोटिस जारी भी जा चुकी है। जिलाधिकारी ने कहा कि नदी के किनारे समस्त अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी एवं नदी के निश्चित दायरे को अतिक्रमण से मुक्त किया जाएगा। साथ ही इन इलाकों में वृहद वृक्षारोपण भी कराया जाएगा, जिससे पर्यावरण भी ठीक रहेगा एवं नदी के बहाव क्षेत्र में वृद्धि भी होगी। इससे बाढ़ के खतरे से भी बचाव होगा। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दिनेश कुमार, सीओ सिटी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## अग्निवीर का पार्थिव शरीर पहुंचते ही हर किसी की आंखें हुईं नम

**केटी न्यूज/बलिया**

एयरफोर्स की आगरा यूनिट में बतौर अग्निवीर तैनात श्रीकांत चौधरी (22) पुत्र मनजी पटेल का शव गुरुवार की सुबह जैसे ही प्राइवेट एंबुलेंस से पैतृक गांव नारायणपुर पचरुखिया पहुंचा, कोहराम मच गया। देश सेवा की तमन्ना में अग्निवीर बने बेटे के शव से लिपटकर परिजन बिलखने लगे। मां-बाप और भाई-बहन समेत परिजनों के करुण-क्रंदन और चीत्कार के बीच वहां मौजूद हर शख्स का दिल सिसक रहा था। वहीं, परिजनों के साथ ही आम लोगों की आंखों में सरकार के प्रति गम व गुस्सा साफ दिख रहा था।

बता दें कि, रेवती थाना क्षेत्र के नारायणपुर पचरुखिया निवासी श्रीकांत चौधरी पुत्र मन जी पटेल अग्निवीर योजना के तहत एयरफोर्स में भर्ती हुए थे। उनकी तैनाती आगरा में थी। बुधवार को परिजनों को सूचना मिली कि श्रीकांत चौधरी का निधन हो गया है। गुरुवार को अग्निवीर श्रीकांत चौधरी का शव घर पहुंचा तो इलाके के लोगों की बड़ी भीड़ जुट गई। श्रीकांत भैया अमर रहे..., जब तक सूरज चांद रहेगा श्रीकांत भैया तेरा नाम रहेगा... की आवाज गूंज उठी। अपनी माटी के लाल के अंतिम दर्शन को





हर कोई बेताब दिखा। पार्थिव शरीर घर से गंगा नदी के हुकुमछपरा घाट के लिए निकला तो हजारों की भीड़ का कारवां बन गया। जो जैसे था, वैसे ही कारवां में शामिल होता चला गया। पचरुखिया गंगा घाट पर बिहटा एयर फोर्स की 45 सदस्यों की टीम ने अपने साथी को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी।

वहीं, बड़े भाई सिद्धांत कुमार पटेल ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश अंचल ने जिला प्रशासन के किसी जिम्मेदार अधिकारी के नहीं पहुंचने पर नाराजगी जाहिर की। प्रधान मनोज कुमार यादव, पूर्व प्रधान अशोक सिंह, अनिल चौधरी सहित हजारों की भीड़ गंगा घाट पर

### 2022 में हुए थे भर्ती

**बलिया।** रेवती थाना क्षेत्र के नारायणपुर पचरूखिया निवासी श्रीकांत चौधरी दिसम्बर वर्ष 2022 में बतौर अग्निवीर वायु सेना में भर्ती हुए थे। परिजनों की माने तो करीब 6 माह पहले उसकी पोस्टिंग आगरा स्थित एयरफोर्स स्टेशन में हुई थी, जहां वह ड्यूटी पर थे। 3 जून को छुट्टी लेकर घर आये श्रीकांत 13 जून को पुनः जाकर ड्यूटी ज्वाइन किये थे। परिजनों के अनुसार श्रीकांत चौधरी संत्री ड्यूटी में थे। उसकी मौत की सूचना आगरा में तैनात उसके साथी जवानों ने बुधवार की सुबह करीब 5 बजे फोन से परिजनों को सूचना दिया।

### ग्राम न्यायालय जखनियां अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का हुआ चयन

**गाजीपुर।** ग्राम न्यायालय जखनियां में ग्राम न्यायालय अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का सर्वसम्मत से चयन किया गया। जखनियां ग्राम न्यायालय संघ के अध्यक्ष पद के लिए श्रवण कुमार मिश्रा एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह एडवोकेट, कनिष्ठ उपाध्यक्ष लाल जी राम एडवोकेट, महामंत्री रामकुंवर सिंह एडवोकेट, उपमंत्री विजय कुमार एडवोकेट, कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद पांडेय एडवोकेट एवं पुस्तकालयाध्यक्ष सुनील कुमार यादव एडवोकेट सर्वसम्मति से चुने गए। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम न्यायालय के पीठासीन अधिकारी सिविल जज जूडि जीशान मेहंदी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी को शुभकामनाएं दी। कहा कि बार और बेंच न्यायालय के दो पहिए हैं और दोनों के मिलकर चलने से ही हम अधिकारी न्याय देने व दिलाने के अपने उद्देश्य पर अग्रसर हो सकेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सिंह, दुर्ग विजय यादव, इरफान अजीज खान, राजेंद्र प्रसाद यादव, बचाऊ प्रसाद, ओंकार नाथ राय, राजेश मिश्रा आदि अधिवक्ता गण उपस्थित रहे ।

## बलिया पहुंचने पर सपा सांसद सनातन पांडेय का हुआ जोरदार स्वागत, बोले...

# बलिया के चहूंमुखी विकास के लिए कोई कसर नहीं छोडूंगा

**केटी न्यूज / बलिया**

समाजवादी पार्टी के सपा सांसद का शपथ लेकर बलिया आने पर गुरूवार को सपा कार्यकर्ताओ व इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं ने बलिया रेलवे स्टेशन व सपा कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सपा सांसद ने सपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आने वाले दिनों में सपा का परचम लहराने वाले कार्यकताओं के मान सम्मान व लोकसभा बलिया का विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ूगा।

गुरूवार को सपा सांसद शपथ लेकर पहली बार बलिया पहुंचे तो सपा कार्यकर्ता व इंडिया गठबंधन के कार्यीताओं ने जोरदार स्वागत किया। स्टेशन से निकलकर साँसद





सनातन पान्डेय ने भृगु बाबा मंदिर , बालेश्वरनाथ मंदिर तथा हनुमान जी का पूजन करने के बाद सपा कार्यालय पहुंचे, जहां पर नेताओं व कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। सांसद सनातन पांडेय ने बलिया लोकसभा के विकास की प्रति गंभीर कदम उठाने का वादा किया। कार्यक्रम में विधायक संग्राम सिंह यादव, वीरबल राम, संजय उपाध्याय, लक्ष्मण गुप्ता, अनिल राय, शशिकांत चतुर्वेदी, राजेश गोंड, रामेश्वर पासवान, कामेश्वर सिंह समेत लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता अजय यादव व संचालन वीरबल राम ने किया।

## पहले रोकवाई बाइक, फिर पूछा नाम, तब मारी गोली

**केटी न्यूज/ बलिया**

बैरिया थाना क्षेत्र के सोनबरसा-दलन छपरा मार्ग पर गुरुवार की शाम नागा बाबा कुटी के समीप अज्ञात हमलावरों ने तगादा करने दोकटी बाजार जा रहे व्यापारी राकेश कुमार 24 वर्ष पुत्र श्याम सुंदर गोंड को हाथ देकर रोकने का इशारा किया। व्यापारी ने जैसे ही बाइक रोका, वैसे ही हमलावरों ने नाम पूछकर उस पर गोली चला दिया। संयोग अच्छा रहा कि गोली मिस हो गई। इसके बाद व्यापारी बाइक से उतरकर भागने का प्रयास किया, तभी हमलावरों ने दूसरी गोली चला दी जो उसके दाहिने कंधे पर जा लगी। गोली लगते ही राकेश सड़क पर गिर गया। इसके बाद हमलावर भाग खड़े हुए। राकेश के साथ बाइक पर जा रहे बैरिया निवासी शाहरुख ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई



और व्यापारी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार बैरिया कस्बा निवासी राकेश कुमार पुत्र श्यामसुन्दर गोंड फल का थोक व्यवसाय करता है। क्षेत्र के खुदरा दुकानदारों को फल सप्लाई करता है। गुरुवार की शाम करीब चार बजे अपने साथी शाहरुख के साथ बाइक से फल का तगादा करने दोकटी बाजार जा रहा था। जैसे ही वह सोनबरसा-दलन छपरा मार्ग पर स्थित नागा बाबा कुटी के समीप पहुँचा की अज्ञात हमलावरों ने पहले उसे रोका। इसके बाद उसका नाम पूछकर गोली चला दिया। संयोग अच्छा रहा कि पहली गोली मिस हो गई। इसके बाद बदमाशों ने दूसरी गोली चला दी जो व्यापारी के दाहिने कंधे पर जा लगी। सूचना पर पहुँची पुलिस को हमलावरों के बारे में घायल राकेश ने बताया कि मैं उसमें से किसी को भी पहचानता नहीं हूँ। उधर घटना की जानकारी होते ही घायल के परिजन भी सोनबरसा पहुंच गये। परिजनों ने बताया कि हम लोगों की किसी से कोई रंजिश या दुश्मनी नहीं है। राकेश को गोली किसने मारी, यह हम लोगों के समझ से परे है। इस बबत बैरिया प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि युवक को गोली लगने की सूचना मिली है। फिलहाल युवक जिला हॉस्पिटल रेफर हुआ है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। शायरी मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# भव्य और दिव्य महाकुंभ के लिए संगमनगरी का होगा सौंदर्यीकरण

- महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज शहर का किया जा रहा सौंदर्यीकरण
- जंक्शन सुधार के साथ ही शहरी मार्ग को भी सजाया और संवारा जा रहा

**केटी न्यूज / लखनऊ।**

संगमनगरी प्रयागराज में अगले वर्ष की शुरूआत में होने जा रहे महाआयोजन महाकुंभ 2025 को योगी सरकार भव्य और दिव्य बनाने के लिए जोरदार तैयारियों में जुटी है। योगी सरकार महाकुंभ में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता के साथ-साथ महाकुंभ की सुंदरता को लेकर भी मिशन मोड में कार्य कर रही है। इस क्रम में महाकुंभ से पहले ही प्रयागराज को दुल्हन की तरह सजा दिया जाएगा। योगी सरकार की पूरे शहरी इलाके के सौंदर्यीकरण की योजना है, जिस पर कार्य भी शुरू हो चुका है। अयोध्या में रामलला के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जिस तरह की साज सज्जा की गई थी, उसी तरह प्रयागराज का कायाकल्प किया जाएगा। जगह-जगह ग्रीन बेल्ट, हार्टिकल्चर, थीमैटिक डेवलपमेंट समेत सैकड़ों स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। महाकुंभ के आयोजन के दौरान जब श्रद्धालु संगमनगरी पहुंचेंगे तो यहां की आभा देखकर न सिर्फ दंग रह जाएंगे, बल्कि पूरी तरह धार्मिक आस्था के रंग में सराबोर हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त लगभग 10 लाख वर्गफीट पर स्ट्रीट आर्ट व दीवारों पर कलाकृतियां बनाई जाएंगी। इसमें 5 लाख वर्गफीट कुंभ मेला मद से एवं 5 लाख वर्गफीट एनएमसीजी मद से प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा कार्य किया जाएगा। साथ ही, 4 थीमैटिक गेट बनाए जाने की भी योजना है। इन प्रस्तावित थीमैटिक गेट के नाम सरस्वती द्वार, शिव द्वार, गंगा द्वार और यमुना द्वार रखा जाएगा। इसकी निविदा प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त 108 स्तंभों का भी निर्माण होगा। इन्हें, नदी के किनारे की सड़कों, विषयगत द्वारों और स्थलों पर स्तंभों का प्रस्ताव किया जा रहा है।





## सीएम योगी ने दिए थे निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसके प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। उन्होंने महाकुंभ को स्वच्छता, सुविधा और सुरक्षा का मानक आयोजन बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा था। मुख्यमंत्री के अनुसार, महाकुंभ 2025 पूरे विश्व को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने का सुअवसर है। यह न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा। हमें इसके सफल आयोजन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना होगा।

## प्रत्येक मार्ग पर ग्रीन बेल्ट का किया जाएगा निर्माण

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रयागराज में 38 जंक्शन का सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा एजेंसी आबद्ध करके ट्रैफिक डेंसिटी एनालिसिस के प्रयोग से स्टडी करके डिजाइन तैयार किया गया है। इसके साथ ही 5 साल के मेंटीनेंस के साथ ग्रीन बेल्ट एवं स्कल्प्चर्स की स्थापना की जाएगी। कुल मिलाकर 19 जंक्शन पीडीए द्वारा, 15 जंक्शन पीडब्ल्यूडी एवं 2 जंक्शन का निर्माण सेतु निगम द्वारा किया जा रहा है। दूसरी तरफ, शहरी मार्गों का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके तहत 38 शहरी मार्गों (75 किलोमीटर) का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। मेला प्राधिकरण द्वारा 8 आर्किटेक्ट आबद्ध कर प्रत्येक मार्ग पर ग्रीन बेल्ट, हार्टिकल्चर, लैंड स्केपिंग डेवलपमेंट, थीमैटिक डेवलपमेंट एवं गैप एनालिसिस पूर्ण किया जा रहा है।

## एक नजर

### चार दिन से गायब युवती का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला, हत्या की आशंका



**बलिया।** सहतवार थाना क्षेत्र के ग्राम अतरदरिया में गुमशुदा युवती का शव चौथे दिन गांव के बाहर बगीचे में पेड़ से लटकता हुआ मिला। शव मिलते ही गांव में तरह तरह की चर्चाओ का बाजार गर्म है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गयी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सपना चौहान पुत्री दयाशंकर चौहान निवासी अतरदरिया थाना सहतवार का कुछ पता नही चलने पर परिजनों ने 30 जून को सहतवार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजन और पुलिस सपना की खोजबीन में लगे थे कि गुरुवार की सुबह गांव के बाहर बगीचे में बगीचे में शीशम के पेड़ दुपट्टे से पर किसी युवती शव मिलने की जानकारी पुलिस को हुई। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया तो युवती की शिनाख्त सपना चौहान पुत्री दयाशंकर चौहान के रूप में हुई जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट सहतवार थाने में परिजनों ने चार दिन पूर्व दर्ज कराई थी। मौके पर स्थानीय पुलिस/ फोरेन्सिक टीम/ मजिस्ट्रेट बांसडीह, सीओ बाँसडीह और उच्चाधिकारीगण द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया। चचाओं के अनुसार मृतक सपना की हत्या किसी ने हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया है।उधर पुलिस सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है।

### सेवानिवृत्त प्रमुख अभियंता यांत्रिक इं चेतन कुमार माहेश्वरी का भव्य स्वागत

**गाजीपुर।** सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश के आग्रह पर जनपद शाखा द्वारा 30 जून को अवकाश ग्रहण कर चुके प्रमुख अभियंता यांत्रिक इं चेतन कुमार



माहेश्वरी का भव्य सम्मान समारोह जिला पंचायत सभागार गाजीपुर में आयोजित किया गया। इसमें उनके द्वारा विभाग में कृषक हित में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश द्वारा उन्हें सिंचाई रत्न से विभूषित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। मंचासिन अतिथियों को बैज अलंकरण अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। भव्य सम्मान समारोह से अभिभूत मुख्य अतिथि ने सिंचाई संघ की मुक्त कंठ से सराहना की। सिंचाई संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव, महामंत्री नमो नारायण राय एवं संरक्षक बिनोद पांडेय ने प्रमुख अभियंता चेतन कुमार माहेश्वरी को किसान एवं कर्मचारियों का सबसे बड़ा हितैषी बताया। सम्मान समारोह को मुख्य अभियंता अरुण निखौरी, अधीक्षण अभियंता हारीद्वारी लाल, इं अमित सिंह, इं राहुल अग्रहरी, इं संतोष सोनकर आदि ने संबोधित किया। समस्त वक्ताओं ने सेवा निवृत प्रमुख अभियंता को आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सेवा निवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स ऐशो के जिलाध्यक्ष मुक्तेश्वर श्रीवास्तव, परिषद के अध्यक्ष इं सुरेंद यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव धीरु, जिला मंत्री बैजनाथ तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सुबास सिंह आदि भी मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका अश्वनी सिंह, अभिषेक राय, आशुतोष राय, अंतू गुप्ता, गुप्तेश्वर तिवारी, राम अवध यादव सहित सैकड़ों कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इं हरीद्वारी लाल आम संचालन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद गाजीपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष अंबिका दूबे ने किया।

### सहायक कोषाधिकारी अरविन्द श्रीवास्तव (द्वितीय) का विदाई समारोह आयोजित

**गाजीपुर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय गाजीपुर में कार्यरत सहायक कोषाधिकारी अरविन्द श्रीवास्तव (द्वितीय) अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर माह जून 2024 में सेवानिवृत्त हो गए हैं। श्री श्रीवास्तव के सम्मान में विदाई समारोह कार्यक्रम कोषागार कार्यालय में आयोजित किया गया। मुख्य व वरिष्ठ कोषाधिकारी उमेश कुमार उपाध्याय एवं विभागीय कर्मचारियों द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त श्री श्रीवास्तव को शाल, स्मृति चिन्ह तथा उपहार देकर भाव-भिनी विदाई दी गई।

## खबरें फटाफट

### टी- 20 विश्व विजेता सूर्यकुमार के गांव हथौड़ा में जश्न का माहौल

**गाजीपुर।** टी- 20 विश्व विजेता भारतीय टीम की आज स्वदेश वापसी हुई और टीम का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान गाजीपुर के हथौड़ा गांव में भी आज जश्न का माहौल था। इंडिया टीम धुरंधर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव गाजीपुर की सैदपुर तहसील के इसी गांव के रहने वाले हैं। बता दें कि सूर्यकुमार यादव के दादा विक्रम सिंह सेना से रिटायर्ड हैं और उनकी अवस्था 90 वर्ष की है। अपने पोते की इस उपलब्धि पर वो बेहद खुश दिखे और बताया कि सूर्यकुमार बचपन से ही क्रिकेट में रुचि रखते थे और अपने चाचा के साथ वाराणसी के सिगरा स्टेडियम से उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था। पिछली बार सूर्यकुमार यादव 2017 में अपने गांव आए थे। गांव के युवा भी सूर्यकुमार यादव और भारतीय टीम के विश्व विजेता बनने पर बेहद खुश दिखे और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया था। ग्रामीणों को एक बार फिर उनके गांव आने का इंतजार है। जनपद के युवा क्रिकेटर उनसे मिलने और एक झलक पाने को बेताब हैं।

### जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**जौनपुर।** जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन ठाकुर बाड़ी महिला बाल विकास कल्याण समिति सिंगरामऊ के तत्वावधान से किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने समिति को उनके मानवता के प्रति किए गए सराहनीय कार्य के लिए उनका धन्यवाद दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रक्तदान के लिए आए लोगों से बातचीत किया एवं उनका आभार व्यक्त किया। कुल 21 लोगों का रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद वासियों से भी अपील किया है कि वह स्वेच्छा से अपना रक्तदान जिला चिकित्सालय में स्थापित ब्लड बैंक के लिए करें।

## मुख्यमंत्री का निर्देश, हर नगर निगम में एक-एक मलिन बस्ती चिन्हित करें

# मलिन बस्तियों का होगा कायाकल्प बनेंगे बहुमंजिला भवन : सीएम योगी

- नगरों में बेहतर पार्किंग व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर तैयार होगी पार्किंग नियमावली
- जलभराव का मुख्य कारक है नालों पर अतिक्रमण, जनता को जागरूक करके चलाएं अभियान: मुख्यमंत्री

**केटी न्यूज / लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गुरुवार को नगर विकास विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अनेक भावी योजनाओं के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जी द्वारा दिये गए प्रमुख दिशा-निर्देश...

- नगरों में वाहनों की पार्किंग एक चुनौती बनती जा रही है। इसके समुचित समाधान के लिए शासन, प्रशासन और जनता को मिलकर काम करना पड़ेगा। इसे सुनिश्चित करना ही होगा कि वाहन तय पार्किंग स्थल पर ही खड़े हों, सड़क किनारे नहीं। आवश्यकता पड़े तो इंफोर्समेंट की कार्रवाई भी की जाए।
- पार्किंग के लिए मल्टीलेवल पार्किंग प्रणाली उपयोगी सिद्ध हो रही है। मल्टीलेवल पार्किंग में कॉमर्शियल स्पेस जरूर रखें। नए पार्किंग स्थल के लिए स्थानीय आवश्यकताओं के अध्ययन करने के उपरांत ही कार्ययोजना तैयार करें। भविष्य के दृष्टिगत बेहतर पार्किंग सुविधा के लिए 'पार्किंग स्थल नियम' तैयार किये जाएं।
- यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी सड़क किनारे बाइक, कार, टैक्सी की पार्किंग न हो। स्ट्रीट वेंडरों को एक जगह नियोजित करें। अवैध टैक्सी स्टैंडों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। नगरीय परिवहन में इलेक्ट्रिक बसों के उपयोग को प्रोत्साहित करें।
- मलिन बस्तियों के पुनरोद्धार के लिए नियोजित प्रयास किया जाना अपेक्षित है। प्रत्येक नगर निगम में एक-एक मलिन बस्ती को चिन्हित कर वहां बहुमंजिला आवासीय परिसर के विकास की योजना तैयार करें। इस आवासीय परिसर के समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। यहां जो बाजार विकसित करें, उसमें इसी मलिन बस्ती के परिवार को आवंटित करें। जो पार्क बनाएं, उसके संचालन की जिम्मेदारी भी इन्हें ही दी जाए। इस प्रकार चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में मलिन बस्तियों का पुनरोद्धार हो सकेगा। यहां के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में यह प्रयास अत्यंत उपयोगी होगा।
- जलजमाव का सबसे बड़ा कारण है नालों/नालियों पर किया गया अतिक्रमण। नालियों/नालों पर जहां भी कहीं अतिक्रमण है, जनता के साथ संवाद बनाकर समाधान निकालें। कार्रवाई के समय इसका ध्यान जरूर रखें कि संबंधित परिवार को मकान के भीतर आने-जाने में अनावश्यक असुविधा न हो।
- नगरीय क्षेत्रों में बेतरतीब लगे विज्ञापन होर्डिंग न केवल नगर की सुंदरता खराब करते हैं बल्कि आए दिन दुर्घटना का कारक बन रहे हैं। इसे व्यवस्थित किए जाने की आवश्यकता है। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगरीय क्षेत्र में किसी भवन के ऊपर होर्डिंग नहीं लगाई जानी चाहिए। वर्तमान में प्रचलित होर्डिंग के स्थान पड़ एलईडी डिस्प्ले को स्थान दें। तकनीक आधारित इस व्यवस्था से विज्ञापन एजेंसियों, विज्ञापन दाताओं, स्थानीय प्रशासन और जनता सभी को सहूलियत होगी। तय स्थान के अतिरिक्त और कहीं भी किसी प्रकार का विज्ञापन होर्डिंग नहीं लगाई जानी चाहिए।
- विगत वर्षों में नगरीय आबादी व जनसंख्या घनत्व में बढ़ोतरी तथा नगरीय निकायों के विस्तार आदि को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन की आवश्यकता है। नई व्यवस्था तय करते समय आबादी को आधार बनाएं।
- सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहे, इसके लिए आवश्यक है कि वहां पर्याप्त मैनपॉवर की उपलब्धता हो। ईओ हो या सफाईकर्मी कहीं भी किसी की रिक्तता न हो। हर काम की जवाबदेही तय होनी चाहिए।
- ईज ऑफ लिविंग के भाव के साथ सभी नागरिकों को बुनियादी सुविधाओं से युक्त गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए 'स्मार्ट विकल्पों' के साथ बेहतर परिवेश उपलब्ध कराने के महत्वपूर्ण अभियान में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की बड़ी भूमिका है। प्रदेश में 17 नगरों को स्मार्ट सिटी को रूप में अपग्रेड किये जाने की कार्यवाही चल रही है। हर एक योजना समय से पूरी हो, हर एक कार्य गुणवत्ता के मानकों को पूरा करता हो, इसे सुनिश्चित किया जाए। परियोजनाओं की गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन भी कराएं।
- स्मार्ट सिटी के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के व्यायाम, पठन-पाठन, जलपान, चर्चा-विमर्श तथा बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने आदि के लिए विशेष केंद्र की स्थापना कराई जा रही है। इसे यथाशीघ्र पूरा कराएं। यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी होगा।
- नगरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के प्रयास के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। अपराध नियंत्रण में यह उपयोगी साबित हुए हैं। इस कार्य में जनता से भी अच्छा सहयोग मिला है। इसे और विस्तार दिए जाने की आवश्यकता है।

## वन महोत्सव जन अभियान के तहत विधायक ने किया पौधरोपण

**केटी न्यूज / चंदौली**



इलिया क्षेत्र के रामशाला प्राथमिक विद्यालय पर गुरुवार को वन विभाग द्वारा आयोजित वन महोत्सव के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम व पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ के तहत चकिया विधायक कैलाश आचार्य द्वारा पेड़ लगाकर अभियान को गति दी गई। विधायक कैलाश आचार्य ने सभी से आग्रह किया, कि पेड़ लगाइए और पेड़ बचाइए तभी जीवन सुरक्षित रह पाएगा। साथ ही जितना पेड़ लगाना आवश्यक है ,उतना ही आवश्यक है कि पेड़ों की रक्षा करना। साथ ही प्राथमिक विद्यालय में वन विभाग द्वारा आयोजित चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में उत्तीर्ण हुए छात्रों को पुरस्कृत कर हौसला भी बढ़ाया तथा उपस्थित छात्रों को पौधे वितरित कर उनकी रक्षा करने के लिए भी जागृत किया । इस दौरान डॉक्टर प्रदीप मौर्या ,जिला उपाध्यक्ष ,रिंकू विश्वकर्मा , खण्ड शिक्षाधिकारी अजय कुमार, अश्वनी कुमार चौबे रेंजर चकिया,हृदय नारायण सिंह, आनंद दुबे सहित शिक्षा विभाग के कर्मचारी व वन विभाग के कर्मचारियों सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## कड़ी सुरक्षा में पीयू कैट की हुई परीक्षा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में चलने वाले पाठ्यक्रमों के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पीयूकैट) गुरुवार को फामेर्सी संस्थान और उमानाथ इंजीनियरिंग संस्थान में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई गई। पीयू कैट के समन्वयक प्रो. मिथिलेश सिंह के अनुसार बीएससी, एमबीए,बीसीए, बीबीए में प्रवेश परीक्षा तीन चरणों में शुरू की गई।

## योग व मॉर्निंग वॉक करने वाले महिला पुरुषों ने उद्यान अधिकारी से मिलकर रखी अपनी बात

# सुबह के समय लोहिया पार्क में लग रहे शुल्क पर आपत्ति

- लोहिया पार्क में लग रहे शुल्क का योग और मॉर्निंग वॉक करने आए लोगो ने किया विरोध

**केटी न्यूज/ जौनपुर**



लोहिया पर्यावरणीय उद्यान पार्क पॉलिटेक्निक चौराहा के प्रबंधन और रख रखाव के लिए बीते 2 जुलाई को उद्यान विकास समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन परिसर में हुई थी। बैठक में निर्णय लिया गया था कि पार्क में सुबह-शाम महिला, पुरूष, प्रवेश शुल्क दर 5 रुपए प्रतिदिन और एक माह के लिए 100 रुपए, छः माह के लिए 500 रुपए और वार्षिक 1000 रुपए लिया जाएगा। इसके साथ ही पार्क में फिल्म, एलबम की शूटिंग पर 5 हजार की धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा। इस प्रस्ताव के दो दिन बाद यानि गुरुवार को सुबह पार्क में योग करने और मार्निंग वॉक करने आने वाले महिला पुरुषों ने सुबह के समय लगाए जा रहे शुल्क पर आपत्ति जताई।

गुरुवार को सुबह ही महिला और पुरुषों की एक टोली पार्क में बने जिला उद्यान अधिकारी डॉ. सीमा सिंह राणा के आवास पर उनसे मिलकर अपनी बात कही। लोगों का कहना है कि पार्क में सुबह लोग अपने स्वास्थ्य के लिए योग और मार्निंग वाक करने आते हैं, इसलिए उनसे किसी प्रकार का शुल्क न लिया जाय बल्कि शाम को आने पर शुल्क लेने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। जब जिला उद्यान अधिकारी ने कहा कि 5 रुपए के शुल्क देने के लिए सभी सक्षम हैं तो लोगों ने कहा कि सक्षम, अक्षम की बात नहीं है। सुबह-सुबह यहां पर लोग मनोरंजन के लिए नहीं आते और इस वजह से उनसे किसी प्रकार का शुल्क न लिया जाए। शाम के शिफ्ट में अगर उनसे 10 रुपए भी लिया जाएगा तो वह देने को तैयार हैं लेकिन सुबह के समय वह किसी भी प्रकार का शुल्क देने को तैयार नहीं है। इस पर उद्यान अधिकारी ने कहा कि सरकार की तरफ से पार्क की देख-रेख के लिए कोई बजट नहीं आता है। यहां से जो आय अर्जित किया जाएगा उसी से पार्क की साफ-सफाई, पार्क की रखवाली की जाएगी। इसमें बहुत खर्च होता है। अगर आप लोग सुबह के समय इस पर आपत्ति जता रहे हैं तो हम आपकी बात पर सीडीओ साहब से बात करेंगे।

### क्वार्टरों में पानी नहीं पहुंचने पर रेलकर्मियों ने किया हंगामा

**चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र के मानस नगर न्यू कॉलोनी में दो दिनों से सप्लाई का पानी क्वार्टर में नहीं पहुंचने से आक्रोशित कॉलोनी वासियों ने गुरुवार को पानी टंकी के पास पहुंचकर जमकर हंगामा किया । अलीनगर थाना क्षेत्र के डीएफसीसी द्वारा मानस नगर न्यू रेलवे कॉलोनी का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही पानी टंकी का भी निर्माण कियागया है। लेकिन दो दिनों से लो वोल्टेज के कारण पानी टंकी से क्वार्टर में सप्लाई नहीं हो रही है। जिससे पानी के लिए कॉलोनी वासियों में हाहाकार मचा हुआ है। कॉलोनी वासियों ने इसकी शिकायत डीएफसी के अधिकारियों से किया तो उन्होंने क्वार्टर और पानी टंकी रेलवे को हैंडओवर करने की बात कह पल्ला झाड़ लिया।



## सुभाषितम्

एक चीज मैंने देखी है जब आप प्यार करते है दर्द की सीमा तक तो वो दर्द नहीं रहता बस प्यार बढ़ता जाता है। -मदर टेरेसा

## भारतीय शेयर बाजार ने बनाया विश्व रिकॉड

भारतीय शेयर बाजार ने विश्व में तेजी का एक नया रिकॉर्ड बनाया है। इसके पहले किसी भी देश के शेयर बाजार में इस तरह की तेजी देखने को नहीं मिली। भारतीय शेयर बाजार ने ऐतिहासिक तेजी के चलते 80000 के स्तर को पार कर लिया है। 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 1 दिन के अंदर 632.85 अंक की तेजी आई। शेयर बाजार का सेंसेक्स 80074 पर पहुंच गया। हालांकि कुछ ही देर के बाद इसमें 545 अंकों की गिरावट आई। भारत के शेयर बाजारों में पिछले कुछ वर्षों में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। सट्टे बाजार के विशेषज्ञों का कहना है, कि सट्टा बाजार का स्थान अब शेयर बाजार ने ले लिया है। जिस तरह से शेयर बाजार में कृत्रिम तरीके से कंपनी के शेयरों में तेजी बनाई जा रही है। उसने सट्टा बाजार को भी पीछे छोड़ दिया है। जिस तरह धारणाओं के आधार पर सट्टेबाजी होती है। शेयर बाजार भी कल्पनाओं के सहारे तेज घोड़े पर दौड़ रहा है। 2024 में अभी तक सेंसेक्स 10.7 फीसदी और निफ्टी में 11.76 फीसदी की तेजी आई है। विदेशी निवेशकों ने हाल ही में भारतीय शेयर बाजार में बांड में निवेश शुरू किया है। विदेशी निवेशकों ने 924 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं। उसके बाद आंधी और तूफान की तरह भारतीय शेयर बाजार आसमान को छू रहा है। शेयर बाजार के सटोरियों का कहना है, कि इस साल के अंत तक शेयर बाजार 87000 के स्तर को छू लेगा। शेयर बाजारों में जिस तरीके की तेजी देखने को मिल रही है। शेयरों का जिस तरीके से मूल्यांकन हो रहा है। उससे निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पंजीकरण 5.33 लाख करोड़ डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। शेयर बाजार का सेंसेक्स 70000 से 80000 तक पहुंचने में मात्र 138 कारोबारी दिन लगे। 11 दिसंबर 2023 को पहली बार 70000 के स्तर पर शेयर बाजार पहुंचा था। 60000 से 70000 तक पहुंचने में 548 दिन का समय लगा था। 75000 से 80000 के स्तर पर पहुंचने के लिए मात्र 57 दिन का समय लगा। इस बार विदेशी निवेशकों के निवेश को आधार बनाकर शेयर बाजार हवा में उड़ रहा है। इसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। शेयर बाजार के जानकारों का कहना है। 20000 से 30000 के स्तर पर पहुंचने के लिए 1820 दिन का समय लगा था। 30000 से 40000 के स्तर पर पहुंचने के लिए 1042 दिन का समय लगा। 40000 से 50000 के स्तर पर पहुंचने में 415 दिन का समय लगा था। उसके बाद से हवा की तरह तेज गति से शेयर बाजार चढ़ता ही जा रहा है। 50000 से 60000 तक पहुंचने में मात्र 166 दिन का समय लगा। 60000 से 70000 के स्तर पर पहुंचने के लिए 548 दिन का समय लगा था। 70000 से 80000 के स्तर पर पहुंचने के लिए मात्र 138 दिन का समय लगा। जिस तरह से भारत की आर्थिक स्थितियां हैं, उसे देखते हुए यह तेजी सभी को आश्चर्य में डाल रही है। एक बार फिर निवेशकों को हर्षद मेहता घोटाले की याद आने लगी है। 16 साल में भारत में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है। शेयर बाजार 16 साल पहले 8800 स्तर पर था। वह 9 गुना बढ़कर 80000 के स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार के तेजडिए इस साल के अंत तक सेंसेक्स 87000 के स्तर पर पहुंचने की बात कर रहे हैं। भारतीय शेयर बाजारों में जिस तरीके की कृत्रिम तेजी बनाई जा रही है, उसको लेकर न केवल भारत के निवेशक बल्कि दुनिया के निवेशक शंकाभरी निगाह से देखने लगे हैं। हिडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद सारी दुनिया के देशों में भारतीय कॉर्पोरेट कंपनियों को लेकर शंका जाहिर की जा रही है। वर्तमान तेजी ने वैश्विक स्तर पर निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। भारत में जिस तरह की महंगाई, बेरोजगारी और निर्यात के क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, बावजूद इसके इस तरह की तेजी सभी को हैरान कर रही है। शेयरों के ऊंचे मूल्यांकन को लेकर निवेशकों में अब चिंता और घबराहट है। राजनीतिक अस्थिरता के चलते कभी भी शेयर बाजार ढह सकता है। जिस तरह से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और 30 शेयरों वाले समूह द्वारा कृत्रिम रूप से शेयर बाजार की तेजी को बढ़ाया जा रहा है।

## चिंतन-मनन

### शिष्य बना प्रशंसा का पात्र




गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ। उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा। उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तार दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीडघ्तों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।

# भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण हो सकता है

**- प्रहलाद सबनानी**

पूरे विश्व में विभिन्न देशों के शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने के सम्बंध में विदेशी निवेशक संस्थानों को सलाह देने वाले एक बड़े संस्थान मोर्गन स्टैनली ने हाल ही में अनुमान लगाया है कि बहुत सम्भव है कि भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण आगे आने वाले 5 वर्षों में दुगना हो जाए। आज खुदरा निवेशक, देशी संस्थागत निवेशक, म्यूचूअल फंड, आदि द्वारा भारतीय शेयर बाजार में औसतन लगभग 1500 करोड़ रुपए के शेयरों की रोजाना खरीद हो रही है अर्थात प्रतिदिन 1500 करोड़ रुपए भारतीय शेयर बाजार में डाले जा रहे हैं, जिसके चलते ही विदेशी निवेशक संस्थानों द्वारा भारतीय शेयर बाजार में शेयर बेचे जाने के बावजूद भारतीय शेयर बाजार पर कुछ बहुत बड़ा असर होता दिखाई नहीं दे रहा है अर्थात अब भारतीय निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार को अपने दम पर सम्हाल लिया है। अब, जब भारत में कई कम्पनियां अपनी विस्तार योजनाओं को लागू करने जा रही हैं अतः इन कम्पनियों के द्वारा नए शेयर, बाजार में जारी किए जाएंगे, जिन्हें खरीदने के लिए विदेशी संस्थागत निवेशक भी अब से लगभग 6 माह बाद भारत में अपना निवेश वापिस लाएंगे। वर्ष 1993 से वर्ष 2013 तक विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में लगातार खरीद कर रहे थे और देशी संस्थागत निवेशक लगातार बेच रहे थे। वर्ष 2014 के बाद से यह सब बदलने लगा क्योंकि 2015 में पहली बार केंद्र सरकार ने प्रॉविडेंट फंड को शेयर बाजार में निवेश की अनुमति दी थी। इसी प्रकार की अनुमति 401ङ योजना के अंतर्गत अमेरिका ने अपने प्रॉविडेंट फंड संस्थानों को वर्ष 1980 में दी थी। इसके बाद अमेरिकी शेयर बाजार में उच्छाल देखने को मिला था। अमेरिका में आज संस्थागत निवेशकों का लगभग 40 प्रतिशत भाग शेयर बाजार में निवेश रहता है जबकि भारत में यह अभी भी बहुत कम अर्थात लगभग 8 प्रतिशत ही है, इस प्रकार भारत को अभी तो बहुत आगे जाना है। भारत में पिछले वर्ष घरेलू बचत 70,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास थी, उसमें से केवल 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर ही शेयर बाजार में निवेश किया गया था, को कुल घरेलू बचत का 10 प्रतिशत से भी कम है। 5,000 से 6,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सोने में निवेश होता है एवं लगभग 35,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रॉपर्टी में निवेश होता है। इस प्रकार, भारत में शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने की बहुत अधिक गुंजाइश मौजूद है। साथ भी अब वैश्विक स्तर पर भी यह सिद्ध हो चुका है कि सामान्यतः शेयर बाजार में सबसे अधिक रिटर्न मिलता है, अतः भारत के शेयर बाजार में निवेश आगे आने वाले समय में तेजी से बढ़ने वाला है। यदि भारत में कुल बचत का 10 प्रतिशत से आगे बढ़कर 15 प्रतिशत निवेश शेयर बाजार में होने लगे तो केवल देशी निवेशकों का निवेश ही बढ़कर 7,500 से 8,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर जाएगा।

पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता (मैक्रो स्टेबिलिटी) पर बहुत ध्यान दिया है। इससे मुद्रा स्फीति की दर में होने वाला उतार चढ़ाव नियंत्रण में रहा है और अब यह सबसे न्यूनतम स्तर पर आ गया है। 70-75 वर्षों में ऐसी स्थिरता देखी नहीं गई है। इसके कारण शेयर बाजार में, रुपए की बाजार कीमत में एवं बांड मार्केट आदि में सब जगह उतार चढ़ाव थम गया है और इन सभी क्षेत्रों में स्थिरता आ गई है। पिछले 10 वर्षों में भारत में बहुत अधिक आर्थिक सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। अर्थव्यवस्था में दीर्घकालीन स्थिरता के आने से अब हम सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर का सही तरीके से अनुमान लगा सकते हैं, जिसके चलते हमारी आय और व्यय के अनुमान भी लगभग सही स्तर पर हो पा रहे हैं। इससे, विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ता जा रहा है और विदेशी निवेशक भी भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। भारत के नागरिकों की जेब में सीधे पैसे डालने के बजाय सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने में सरकार ने नागरिकों की भरपूर मदद की है, जैसे 3 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीब वर्ग को उपलब्ध कराए गए हैं, ग्रामीण इलाकों सहित घरों में पानी उपलब्ध कराया गया है, 95 प्रतिशत से अधिक गावों में बिजली उपलब्ध कराई गई है, लगभग सभी घरों में गैस उपलब्ध कराई गई है, सड़क मार्ग विकसित किए गए हैं, गांवों में स्वास्थ्य केंद्र खोले गए, आदि। इससे नागरिकों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और वे कम बीमार पड़ने लगे हैं, उनके स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्चे कम हुए हैं और उनकी बचत बढ़ी है। कुल मिलाकर यह साइकल बहुत अच्छे तरीके से अपना काम करता दिखाई दे रहा है। सामाजिक आधारभूत संरचना खड़ी करने का कार्य अभी भी जारी है और तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इस सबका यह परिणाम भी हुआ है कि देश में पिछले 10 वर्षों में गरीबी आधी रह गई है और इसे शून्य पर लाने के लिए कार्य जारी है। भारत में उत्पादों के निर्माण में आधारभूत संरचना से सबंधित लागत बहुत अधिक है। इस पर सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत भाग खर्च हो जाता है, इससे उत्पादों की लागत तुलनात्मक रूप से बहुत बढ़ जाती है। हालांकि भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बहुत काम हुआ है। नए नए रोड बने हैं, रेल्वे का विकास हुआ है (रेल्वे का लगभग 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है), पोर्ट का विकास हो रहा है, नए एयर पोर्ट का निर्माण हुआ है, परंतु अभी भी बहुत कुछ किया जाना शेष हैं। वर्ष 2015 ने भारत में मालगड़ियां औसतन लगभग 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती थीं। अब वह औसतन लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं और आगे आने वाले 5 वर्षों में यह और आगे बढ़कर औसतन लगभग 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने लगेगी। इससे सबसे बड़ा लाभ उद्योग जगत को हुआ है, क्योंकि अब उन्हें कच्चे माल का स्टॉक कम मात्रा में रखना पड़ता है और इससे अंततः उनके द्वारा निर्मित उत्पाद की लागत कम हुई है। पिछले कई वर्षों से विनिर्माण क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी लगातार कम होती रही थे अथवा स्थिर हो गई थी। परंतु, अब यह स्थिति भी बदलती जा रही है और आने वाले 5 वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ने जा रही है। इसके परिणाम कई क्षेत्रों जैसे सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रेल्वे, फार्मा, औटोमोबाइल, ड्रोन निर्माण, सेमी कंडक्टर, फूड प्रासेसिंग, एयरो स्पेस, आदि में दिखाई भी देने लगे हैं। भारत शेयर बाजार पूंजीकरण की दृष्टि से विश्व में आज अमेरिका, चीन, जापान, हांगकांग के बाद 5वें स्थान पर है। तीसरे स्थान पर शीघ्र ही आ सकता है। आगामी 10 वर्षों में बहुत सम्भव है कि भारत दूसरे स्थान पर भी आ जाए क्योंकि चीन और जापान के आर्थिक क्षेत्र में जिस प्रकार की समस्याएं दिखाई देने लगी हैं, इससे अमेरिका के बाद भारत विश्व में दूसरे स्थान पर आ सकता है। हालांकि सकल घरेलू उत्पाद की दृष्टि से विश्व में भारत तीसरे स्थान पर ही आ पाएगा। वर्तमान में भारत के शेयर बाजार का पूंजीकरण लगभग 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है जबकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ही हो पाया है। आगे आने वाले लगभग 10 वर्षों में भारत में 10 करोड़ नागरिक गरीबी से निकलकर मध्यम वर्गीय परिवार बन सकते हैं, जिससे इनकी कुल संख्या 45 करोड़ हो जाएगी। जबकि हाई नेटवर्थ नागरिकों की संख्या 50 लाख के आस पास ही है। इससे नागरिकों की खरीद क्षमता बढ़ेगी और उत्पादों की खपत भी बढ़ेगी। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि होने से गरीबी कम होती है। परंतु, महंगाई एवं विकास दर में संतुलन होना भी आवश्यक है। यदि मुद्रा स्फीति की दर बढ़ रही है तो यह गरीब वर्ग को सबसे अधिक प्रभावित करती है अतः विकास दर को कम रखने का प्रयास किया जाता है ताकि महंगाई की दर को कम किया जा सके। इसी नियम को विश्व के कई देश लागू कर रहे हैं इसीलिए वैश्विक स्तर पर विकास दर भी कम हो रही है।

# बाबाओं का मायाजाल...

**- चैतन्य भट्ट**



उत्तर प्रदेश के हाथरस में नारायण साकार हरि नाम के बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई औ एफसीर दर्जनों घायल हैं। हादसा गीली मिट्टी में बाबा जी के पांव छूने के लिए दौड़े लोगों को हटाकर बाबा के लिए रास्ता बना रहे सेवादारों के कारण हुआ। सत्संग जहां 80 हजार की अनुमति के बावजूद ढाई लाख से ज्यादा लोग पहुंचे थे, का अनुभव पलक झपकते त्रासदी में बदल गया। संवेदना जताना और पीड़ितों की मदद तो दूर बाबा फरार हो गया। किसी जमाने में सरकारी नौकरी के दौरा छेड़खानी जैसे मामले में निलंबन झेल चुका बाबा खुद को सुदर्शन चक्र धारी भगवान कृष्ण बताकर अधर्म के विनाश का दावा करता था। धार्मिक आयोजनों में भगदड़ की ऐसी घटनाओं का अपना इतिहास है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2000 से 2013 तक की अवधि में ही इनमें लगभग 2,000 लोग मारे गए। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन द्वारा प्रकाशित अध्ययन बताता है कि भारत में 79 फीसदी भगदड़ धार्मिक सभाओं और आयोजनों के कारण होती हैं जिनके प्रमुख कारण हैं निकलने का संकरा रास्ता होना, क्षमता से अधिक लोगों की भीड़ पर नियंत्रण के उपायों का अभाव और खराब तरीके से चुना गया कार्यक्रम स्थल। आयोजनों में भीड़ की सुरक्षा की जिम्मेदारी आयोजकों और प्रशासन की मानी जाती है। ऐसे आ?ोजनों की अनुमति के प्रमुख आधार हैं: निकास की समुचित व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन के उपाय और आग जैसी संभावित आपदाओं से निपटने की व्यवस्था। मगर सब जानते हैं कि सारी कार्यवाही महज औपचारिकता है। सामान्यतः आयोजन छोटे मैदानों और यहां तक कि सड़कों तक को घेरकर आयोजित किए जाते हैं। अग्नि प्रबंधन तो छोड़िए, प्राथमिक चिकित्सा जैसी सुविधाएं तक नहीं रहतीं। भीड़ प्रबंधन गैर अनुभवी अप्रशिक्षित कार्यकर्ता संभालते हैं।

हादसों के शुरूआती ट्रिगर अफवाह फैलना, फिसल जाना. संकरी जगह में घबराए हुए लोगों का एक-दूसरे को धक्का देना जैसे कारण होते हैं। बुनियादी ढांचे की कमी से भीड़ का व्यवहार और भी खराब हो जाता है। घबराहट में हर दिमाग में यह अलार्म बजता है कि कोई खतरा है। लोग यह भी नहीं सोचते कि खतरा वास्तविक है या नहीं और क्या यह उन्हें प्रभावित करेगा ? अपने और अपने परिवार के बारे में चिंतित हर व्यक्ति स्वार्थी हो जाता है और बाकी सभी को सिर्फ.वस्तु और बाधा के रूप में देखता है। हादसों का शिकार ज्यादातर पारिवारिक धुरी का आधार महिलाएं बनती हैं। भागदौड़ में वह शारीरिक तौर पर उतनी मजबूत नहीं होतीं। साड़ी का सामान्य पहनावा भागने में रुकावट बनता है। घबराहट भी तुरंत बढ़ती है जो हृदयाघात और दम घुटने का कारण बनता है। गहरी आस्थाओं वाले भारतीय हिन्दू समाज की धार्मिक गतिविधियां पहले धर्मस्थलों और तीर्थ यात्राओं तक सीमित थी। सत्संग और भजन कीर्तन जैसे समारोह मुख्यतः मंदिरों और प्रमुख धार्मिक त्यौहारों तक सीमित रहते थे। सहजता ऐसी थी कि रामलीला जैसी धार्मिक गतिविधियां भी मनोरंजन के दायरे में आती थीं। मगर पिछले बीस पच्चीस सालों में सहज धार्मिक गतिविधियों ने संगठित व्यावसायिक स्वरूप धारण कर लिया है। संत महात्माओं के रूप में खड़े हुए बाबा चमत्कार के नाम पर आवश्यक व्यवस्थाओं को ताक पर रखकर लाखों की भीड़ जुटाने लगते हैं जो ऐसे आयोजनों की टीआरपी है। हर बात को विशुद्ध वोट बैंक के आधार पर आंकने वाली राजनीति इसका फायदा उठाना चाहती है सो ज्यादा भीड़ जुटाने वाले बाबा महत्वपूर्ण हो जाते हैं और उनके आयोजनों को अनुमति देने के मामले में प्रक्रिया ताक पर रख दी जाती है। कुछ मामलों में तो ऐसे बाबा राजनीतिक दलों द्वारा समाज के वर्ग विशेष का वोट साधने के लिए बाकायदा प्रायोजित नजर आते हैं। टैक्स फ्री सुविधा वाले इस विशुद्ध व्यावसायिक कर्मकांड से अचानक करोड़ पति बने लोकप्रियता के रथ पर सवार भगवान का गुण गाने वाले महात्मा खुद को भगवान मानने लगते हैं। स्वयं को सर्वज्ञ समझकर धार्मिक मान्यताओं के मनचाही व्याख्या की पृवृति इस हद तक पहुंच जाती हैं कि उनके और पारंपरिक संत समाज में टकराव की स्थितियां बनती हैं। राधारानी विवाद के बाद सीहोर के पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा संत संगठनों के दबाव में बरसाना जाकर नाक रगड़ कर माफी मांगने की घटना ताजा प्रमाण है। हाथरस हादसे की जांच के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, जो खुद भी एक निर्विवाद पारंपरिक संत हैं, द्वारा सर्वकालीन तात्कालिक उपाय की तर्ज. पर एस आई टी गठित हो गई है। बुल्डोजर बाहर निकलने की खबरें आ रही हैं। मगर स्व. दुष्यंत कुमार के शब्दों में कहें तो : तफसील में जाने से ऐसा तो नहीं लगता, हालात के नक्शे में कुछ रद्दो बदल होगी। दीर्घकालीन उपायों की गंभीरता कहीं नहीं दिखती। अनुमति से अधिक भीड़ न जुटे और लोगों के निकास के समुचित रास्ते मौजूद हों, यह सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी थी। क्या इस चूक के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान स्थापित कर उनके खिलाफ भी कार्यवाही होगी ? पुलिस बल की कमी किसी से छिपी नहीं है, ऐसे में अनुमति और व्यवस्थाओं पर तो नजर रखी जा सकती थी। लोगों की असावधानी पर ही सारा ठीकरा फोड़ना ठीक नहीं है। जरूरत है कि ऐसे आयोजनों के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत कानून के माध्यम से लागू किए जाएं जिसमें आयोजकों समेत प्रशासकीय जिम्मेदारी भी निर्धारित हो। मगर जिस व्यवस्था में बाबाओं को उनकी भीड़ जुटाने की क्षमता देखकर राजनैतिक प्रश्रय और प्रशासकीय महत्व मिलता हो वहां ऐसी अपेक्षा ज्यादा सार्थक नहीं है। इसलिए उचित होगा कि सहज सीधा आम आदमी अपनी जान की जिम्मेदारी खुद ही संभाले।

# झूठ और सच के बीच झूलती संसद

**- राकेश अचल**

`अठरहवीं संसद का पहला सत्र हालाँकि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है, लेकिन देश ने देखा कि नयी संसद भी पुरानी संसदों की तरह झूठ और सच के बीच झूल रही है। संसद में यदि सदन के नेता सच नहीं बोल रहे तो विपक्ष के नेता भी झूठ का सहारा ले रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की गलतबयानी को सेना ने शहीद अग्निवीरों की दी जाने वाली आर्थिक सहायता देने वाले बयानों ने उजागर कर दिया है। भारतीय संसद की कार्रवाई का जबसे टीवी पर सीधा प्रसारण शुरू हुआ है तब से शायद ऐसा कोई भी मौका होगा जब मैंने उसे न देखा हो। मै लगातार देख रहा हूँ कि संसद में लगातार झूठ बोलने की परम्परा चल पड़ी है। न सरकार झूठ बोलने से हिचकती है और न विपक्ष। सरकार को तो कदम-कदम पर झूठ का सहारा लेना पड़ता है। झूठ सुनने और कहने के लिए अभिशप्त देश की संसद आखिर करे तो क्या करे ? संसद में झूठ बोलना कानून और संसदीय प्रक्रिया के तहत अपराध है। संसद में झूठ बोलना संसद के विशेषाधिकार का दुरूपयोग भी है और हनन भी, लेकिन अभी तक इस कानून और व्यवस्था के तहत न किसी प्रधानमंत्री को और न किसी मंत्री को और न किसी विपक्षी नेता को दण्डित किया गया और न शायद किया जा सकेगा। मुझे याद है कि कोविडकाल में कैसे तबके स्वास्थ्य मंत्री ने देश में कोविड से हुई मौतों, आक्सीजन की उपलब्धता और दवाओं की कमी के बारे में सफेद झूठ बोला था, लेकिन विपक्ष कुछ नहीं कर पाया। इसी तरह विपक्ष के अनेक नेता झूठ का सहारा लेकर सरकार पर वार करते आये हैं किन्तु किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी, क्योंकि सभी तो इस मामले में मौसेरे भाई है। इस मामले में मीडिया भी कम नहीं है। मीडिया ने भी संसद में सरकार और विपक्ष के झूठ को न कभी पकड़ने की कोशिश की और न उसे उजागर करने का कभी कोई भी जोखिम लिया। लोग पूरी बेशर्मी से झूठ बोलते हैं। झूठ का सहारा लिए बिना न संसद चल रही है और न देश। झूठ किसी भी पक्ष का हो उसे पकड़ने के लिए, उजागर करने के लिए श्रम करना पड़ता है, लेकिन कोई ये तकलीफ उठाने के लिए तैयार नहीं है। देश और दुनिया ने देखा कि पिछले दिनों आम चुनाव के दौरान सरकार ने कितने बड़े-बड़े सफेद झूठों का सहारा लिया, बावजूद स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर पायी। यही हाल विपक्ष का हुआ, उसे भी सत्ता से मीलों दूर ठिठक जाना पड़ा, क्योंकि आखिर झूठ तो झूठ होता है। झूठ के पांव नहीं होते। आखिर झूठ कितना दौड़ सकता है ? बकौल गूगल गुरु -झूठ एक असत्य बयान के रूप में दिया गया एक प्रकार का धोखा है, जो विशेष रूप से किसी को धोखा देने की मंशा से बोला जाता है। प्रायः झूठ का उद्देश्य होता है किसी राज या प्रतिष्ठा को बरकरार रखना, किसी की भावनाओं की रक्षा करना या सजा या किसी के द्वारा किए गए कार्य की प्रतिक्रिया से बचना। झूठ बोलने का तात्पर्य कुछ ऐसा कहने से होता है जो व्यक्ति जानता है कि गलत है या जिसकी सत्यता पर व्यक्ति ईमानदारी से विश्वास नहीं करता और यह इस इरादे से कहा जाता है कि व्यक्ति उसे सत्य मानेगा. एक झूठा व्यक्ति ऐसा व्यक्ति है जो झूठ बोल रहा है, जो पहले झूठ बोल चुका है, या जो आवश्यकता ना होने पर भी आदतन झूठ बोलता रहता है।

## आज का राशिफल

| | | | |
|---|---|---|---|
| **मेष** | जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। काम की अधिकता के चलते पारिवारिक उपेक्षा न करें। | **तुला** | पराक्रम की वृद्धि करेगा। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलने की संभावना है। |
| **वृषभ** | बृहस्पति का अशुभ योग होने से थोड़ा तनाव रहेगा। आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। | **वृश्चिक** | आज पुराने रोग ऋण से छुटकारा दिलाएगा। व्यावसायिक दिशा में सफलता मिलेगी। |
| **मिथुन** | पराक्रम की वृद्धि होगी। धन ऐश्वर्य वृद्धि से शत्रु ईर्ष्या करेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। | **धनु** | आज गुप्त शत्रु, ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। आर्थिक दिशा में सफलता मिलेगी। |
| **कर्क** | स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। | **मकर** | विवेकपूर्ण कार्य संपादन रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। नई नौकरी मिल सकती है। |
| **सिंह** | वस्तुओं में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिल सकता है। | **कुंभ** | आज आपके द्वारा प्रयास फलीभूत होंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। |
| **कन्या** | प्रथम केतु सप्तम राहु योग बना हुआ है। अतः आप कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में रहेंगे। | **मीन** | आज पुराने झगड़े झंझटों से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। |

## विशेष

### भाजपा की दोस्ती से बसपा का राष्ट्रीय स्तर का अस्तित्व समाप्त?

बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने मजबूर हो गई हैं। उनकी पार्टी को इस बार लोकसभा की एक भी सीट नहीं मिली। उत्तर प्रदेश विधानसभा में मात्र एक विधायक है। बसपा को 10 फीसदी से कम वोटउत्तर प्रदेश में मिला है। विधानसभा चुनाव में उनका वोट परसेंटेज 12।88 था। कांग्रेस और चंद्रशेखर आजाद की पार्टी से उन्हें मुकाबला करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खतरे में पड़ गया है। चुनाव आयोग की जो तीन नई शर्ते हैं। उसमें एक भी शर्त का पालन बसपा नहीं कर पा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर बसपा को मात्र 2।4 फीसदी वोट मिले हैं। भाजपा की दोस्ती उन्हें इतनी महंगी पड़ेगी।

### हरियाणा के मुख्यमंत्री बीजेपी के लिए नायब

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा कर दी है। हरियाणा विधानसभा का चुनाव भाजपा अपने बलबूते पर लड़ेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम पर चुनाव लड़ा जाएगा। सेनी को लोकसभा चुनाव के कुछ दिन पहले ही मनोहर लाल खट्टर को हटाकर मुख्यमंत्री बनाया गया था। जो प्रयोग भाजपा ने उत्तराखंड और गुजरात में किया था। वही प्रयोग अब हरियाणा में होने जा रहा है। भाजपा ने मनोहर लाल खट्टर को केंद्र में मंत्री बनाकर पंजाबी समुदाय को साध लिया है।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1556: फ्रांस नरेश हेनरी द्वितीय ने हैम्पसबर्ग के खिलाफ युद्ध पुनः शुरू किया. 1658: औरंगजेब ने मुराद को जेल में डाल दिया. 1796: ब्रिटिश सैनिकों ने एल्वा द्वीप पर कब्जा किया. 1810: अमरीका में सर्कस के क्षेत्र में अग्रणी पी.टेलर बार्नम का जन्म हुआ. 1877: वेनेजुएला ने स्पेन से स्वतंत्र होने की घोषणा की. 1842: ब्रिटेन ने रूस और स्वीडन से शांति संधि की. 1830: फ्रांस ने अल्जीरिया पर हमला कर अल्जीयर्स पर कब्जा कर लिया. 1940: द्वितीय विश्व युद्ध में फ्रांस ने ब्रिटेन से संबंध तोड़ लिए. 1943: सोवियत मोर्चे पर जर्मनी ने जवाबी कार्यवाही शुरू की. 1947: भारतीय स्वाधीनता अधिनियम- 1947 को ब्रिटिश संसद ने पारित किया. 1959: इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्ण ने संविधान सभा भंग कर दी.

## दैनिक पंचांग

**5 जुलाई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.12 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | सिंह | 08.28 बजे से |
| मंगल | मेष में | कन्या | 10.40 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.51 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृश्चिक | 15.05 ब.से |
| शुक्र | मिथुन में | धनु | 17.21 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.27 बजे से |
| राहु | मीन में | कुंभ | 21.13 बजे से |
| केतु | कन्या में | मीन | 22.46 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.16 बजे से |
| 10.30 से | | वृष | 01.56 बजे स |
| 12.00 बजे तक | | मिथुन | 03.55 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का 187 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या 04.27 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 04.07 बजे प्रातः को समाप्त।
**योग** ध्रुव 03.48 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** चतुष्पद 16.40 बजे तदनन्तर नाग 04.27 बजे प्रातः को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 45'
**सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872031
**जूलियन दिन** 2460496.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 28
**विशेष** आषाढ़ अमावस्या।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 | से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | काल | 07.11 | से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 | से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 | से | 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 | से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 | से | 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 | से | 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 | से | 04.10 बजे तक | चर | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 | से | 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 | से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# आयुर्वेद में दी जाती है मिट्टी के बर्तन में खाना पकाने की सलाह

मिट्टी के बर्तन में खाने क स्वाद अलग ही आता है। हालांकि अब शहरों में लोगों द्वारा मिट्टी के बर्तन का इस्तेमाल नहीं होता है। मिट्टी के बर्तन में खाने के स्वाद का पता आप कुल्हड़ वाली चाय से लगा सकते हैं। चाय को आप कप में पिएं तो अलग स्वाद आएगा और यदि वही चाय आप कुल्हड़ में पिएंगे तो स्वाद बढ़ जाता है। ऐसे में अगर पूरा खाना ही मिट्टी के बर्तनों में बने तो स्वाद का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। हांडी में खाना बनाने के कई फायदे हैं। आयुर्वेद द्वारा मिट्टी के बर्तन में खाना बनाने की सलाह दी जाती है।

- अगर आप कम तेल में खाना पकाना चाहते हैं, तो हांडी में खाना पकाना अच्छा ऑप्शन है। आप अपनी पसंद का खाना इसमें मात्र 1 चम्मच तेल के साथ आराम से पका सकते हैं। ये स्लो कुकिंग प्रोसेस है, जो नैचुरली तेल छोड़ता है। ऐसे में खाना स्वादिष्ट और हेल्दी बनता है।
- मिट्टी प्राकृतिक रूप से क्षारीय प्रकृति की होती है। गर्म होने पर मिट्टी भोजन में मौजूद एसिड के साथ परस्पर क्रिया करती है, ये पीएच स्तर को न्यूट्रलाइज करती है और भोजन को पचाने में आसान बनाती है।
- मिट्टी के बर्तन में खाना बनाने से सभी न्यूट्रिएंट्स खाने में शामिल हो जाते हैं जो इसके स्वाद को बढ़ा देते हैं। ऐसा कहा जाता है कि मिट्टी के बर्तन में बने खानमे में कैलशियम, फोस्फोरस, आइरन, मेग्निशियम और सल्फर मिलता है, जो खाने को बहुत हेल्दी बना देता है।
- स्टील और नॉन स्टिक के मुकाबले, मिट्टी की हांडी सस्ती आती है। ये आसानी से किसी भी दुकान पर मिल जाती है। ऐसे में जब आप इन्हें खरीदें, तो अच्छे से चेक करें कि इसमें कहीं कोई छेद या फिर क्रैक तो नहीं है।





# केवल प्रोटीन के लिए ही नहीं, बल्कि सेहत के लिए कई प्रकार से फायदेमंद है मशरूम

**मशरूम एक प्रकार का फंगस है, जो कि खाया जा सकता है। इसका बोटैनिकल नाम अगरिकस बास्पोरस है। यह सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद है और वेट लॉस वालों के लिए हाई प्रोटीन डाइट है। यह न सिर्फ फैट-.फ्री होता है, बल्कि लो सोडियम, लो कैलोरी और कोलेस्ट्रॉल फ्री भी है। इसमें प्रोटीन के अलावा फाइबर, विटामिन और मिनरल भी कुछ मात्रा में पाए जाते हैं।**

इसका सेवन कई बीमारियों का खतरा कम करता है और कई बीमारियों को कंट्रोल भी करता है। लो सोडियम होने की वजह से इसका सेवन हार्ट के लिए भी अच्छा है। मशरूम स्वाद में भी स्वादिष्ट भी होते हैं। आमतौर पर इसका इस्तेमाल सब्जी के तौर पर किया जाता है। हालांकि अगर आप चाहें तो मशरूम को डाइट में शामिल करने के लिए आप इसे सलाद, सूप, स्टर-फाई, या ग्रिल्ड रूप में खा सकते हैं।

### कई पोषक तत्वों का भंडार है

मशरूम में हाई प्रोटीन, पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट के अलावा कई तरह के विटामिन, सेलेनियम, पोटेशियम और फास्फोरस की मात्रा भी पाई जाती है।

### इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है

मशरूम में बायोएक्टिव यौगिक पाए जाते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं ।जिससे कई बीमारियों के हावी होने का खतरा भी कम होता है।

### वजन घटाने में मददगार है

मशरूम एक हाई प्रोटीन और लो कैलोरी फूड है, इसलिए इसे वेट लॉस के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। इसमें फाइबर की भी अधिक मात्रा पाई जाती है, जिससे क्रेविंग कंट्रोल होती हैं।

### हार्ट हेल्थ के लिए अच्छा है

मशरूम में ली सोडियम होने के साथ पोटेशियम और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होती है। यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को भी नियंत्रित करने में मददगार है।

### कैंसर से बचाव में मददगार है

मशरूम में हाई एंटीऑक्सीडेंट के साथ बीटा-ग्लूकॉन और लेक्टिन जैसे गुण होते हैं, जो कैंसर की कोशिकाओं की वृद्धि को रोकने में मदद करते हैं। इससे कैंसर के होने का रिस्क कम हो जाता है।




# लो कार्ब डाइट कोई जादू की पुड़िया नहीं? उल्टा पड़ सकता है वेट लॉस का ये दांव

**वेट लॉस के दौरान एक सही डाइट लेना बहुत जरूरी है, जिसमें कार्ब्स भी शामिल है। बहुत से लोग कार्ब की मात्रा बिल्कुल कम कर देते है, जो हेल्दी वेट लॉस और सेहत दोनों की दृष्टि से सही नहीं है।**

वेट लॉस के दौरान कई लोगों को कार्ब्स को लेकर मिथ रहता है कि वजन घटाने के लिए कार्ब्स नहीं खाना खाना चाहिए, या अत्यधिक लो कार्ब डाइट लेना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि मिक हममें से कितने लोग यह मानते हैं कि फैट घटाने के लिए लो कार्ब डाइट ही बेस्ट है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि हमारे पूर्वज, यहां तक कि अभी भी गांवों में रहने वाले लोग, किसान और एथलीट, ये सभी कार्ब्स का सेवन करते हैं और कभी मोटे नहीं होते हैं। शरीर के लिए सही मात्रा में कार्ब्स लेना जरूरी है, तभी आप जल्द वजन घटा पाएंगे। वेट लॉस के दौरान कार्ब की मात्रा थोड़ी से कम कर देना चाहिए, लेकिन बिल्कुल लो कार्ब डाइट में नहीं जाना चाहिए।

### हार्मोनल बैलेंस बिगड़ सकता है

अनावश्यक रूप से कार्ब्स न लेना या उसकी मात्रा सीमित करने से आप अपने शरीर के नेचुरल हार्मोनल बैलेंस को बिगाड़ रहे होते हैं। अगर आपको लगता है कि लो कार्ब या बिना कार्ब वाली डाइट से आप वजन कम कर पाएंगे, तो शायद आप ऐसा कुछ समय के लिए ही कर पाएंगे, डाइटिंग खत्म करने के बाद फिर से आपका वजन बढ़ने लगेगा।

### सही मात्रा में कार्ब्स लें

किसी व्यक्ति के लिए कार्ब्स की मात्रा उसके हाइट, उम्र और वजन के अनुसार तय की जाती है। आपको कितनी कार्ब्स की जरूरत है, यह आप अपने डॉक्टर या फिटनेस ट्रेनर से मिलकर जानें। लेकिन तय किए कार्ब्स की मात्रा को अपने अनुसार कम न करें और न ही एक्स्ट्रा कार्ब लें।

### हेल्दी कार्ब्स लें

कार्ब्स में भी गुड कार्ब्स और बेड कार्ब्स दोनों होते हैं और सेहत के लिए गुड कार्ब्स फायदेमंद होता है। गुड कार्ब्स के लिए आप फल, सब्जियां, साबुत अनाज, मेवे और सीड्स का सेवन करें। ये सभी फूड्स गुड कार्ब के लिए बेस्ट सोर्स है।

### जरूरी है गुड कार्ब्स

गुड कार्ब्स वाले फूड्स फाइबर का भी सोर्स होते हैं, जो न केवल वजन घटाने में मदद करते है, बल्कि कब्ज और पाचन जैसी समस्याओं में मददगार हैं।

### कार्ब्स क्यों जरूरी है?

रोजाना हमारी डाइट में कार्ब्स की सही मात्रा लेना बहुत जरूरी है, क्योंकि कार्ब्स आपको ऊर्जा प्रदान करता है। वेट लॉस में एक्सरसाइज के दौरान एनर्जी की जरूरत और भी अधिक बढ़ जाती है। मेटाबॉलिज्म और बॉडी के सभी फंक्शन के कार्यों के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है। यदि आप कार्ब्स नहीं खाते हैं, तो आपको हाई इंटेंस वर्कआउट के लिए ऊर्जा कहां से मिलेगी। लेकिन सीमित मात्रा में कार्ब लें।

### बैड कार्ब्स से दूर रहें

बेड कार्ब्स जैसे कि एरेटेड ड्रिंक्स, शुगरी ड्रिंक्स, पेस्ट्री, ब्रेड और कुकीज आदि, इन सभी में रिफाइंड कार्ब्स होते हैं, जो सेहत के लिए अच्छे नहीं हैं। इनमें सभी पोषक तत्व भी नहीं होते हैं। इनके सेवन करने से बचें।



# सर्जरी बिना हार्ट ब्लॉकेज को खोलकर रख देगी ये चीज, स्टेंट की तरह करती है काम

**हार्ट ब्लॉकेज की वजह से ब्लड सर्कुलेशन कम हो जाता है। जब नस पूरी तरह से बंद हो जाती है तो हार्ट अटैक आता है। इसके बाद सर्जरी करके हार्ट स्टेंट डाला जाता है। यह स्टेंट नसों को खोलकर रखता है मगर इसके बाद खानपान और भारी भरकम काम करने पर काफी ध्यान रखना पड़ता है। लेकिन अगर आप वक्त पर ब्लॉक नसों को खोलने वाली चीजों का सेवन करें तो इस दिक्कत से बच सकते हैं।**

### नसों में ब्लॉकेज के लक्षण

एलडीएल कोलेस्ट्रॉल की वजह से आर्टरी ब्लॉक होना आम हो गया है। इसे क्लॉग्ड कोरोनरी आर्टरी कहते हैं। इसकी वजह से सीने में दर्द जो गर्दन, जबड़े, हाथ, कमर में भी महसूस हो; पसीना, सांस फूलना, चक्कर आना, बेहोशी हो सकती है। अगर आपको ऐसी दिक्कतें हल्की-हल्की महसूस होती हैं जो नसें खोलने वाली चीजें खाएं।

### सर्जरी के बिना हार्ट ब्लॉकेज कैसे खोलें?

अगर आपकी नसों में ब्लॉकेज शुरू हुई है तो इसे आयुर्वेदिक दवाओं से कम किया जा सकता है। विकासपीडिया के मुताबिक गुग्गुल कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल की नसों को खोलने में मदद करता है। इसे एथेरोस्क्लेरोसिस और हाइपरलिविडेमिया को कंट्रोल करने वाला बताया गया है।

### गुग्गुल है कोलेस्ट्रॉल कम करने की दवा

विकासपीडिया के मुताबिक गुग्गुल को दवा के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन पहले पक्का कर लें कि यह औषधि शुद्ध है या नहीं। पूरे दिन में इसकी 12-16 ग्राम की मात्रा को बांटकर लिया जा सकता है। यह दवा गुनगुने पानी से 3 महीने तक लेनी है।

### लहसुन उपयोग करने के फायदे

नसों की ब्लॉकेज खोलने के लिए लहसुन का उपयोग भी किया जा सकता है। यह एक औषधि की तरह काम करने वाला फूड है। खाने में इसका इस्तेमाल करने से प्लाक जमने का खतरा कम हो जाता है। साथ ही हार्ट फंक्शन बेहतर बनता है।

### अनार के फायदे

यह फल दिल के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह खून बढ़ाने का काम करता है और हार्ट फंक्शन को सुधारता है। विकासपीडिया के मुताबिक यह दिल की बीमारियों से बचाने वाला फल है। इसका सेवन करने से दूसरे फायदे भी मिलते हैं।

### इन चीजों से बचें

- गर्म, तेल, मसालेदार फूड
- विरुद्ध आहार का सेवन
- बहुत ज्यादा या कम एक्सरसाइज करना
- अत्यधिक तनाव, डर या गुस्से में रहना
- बहुत ज्यादा भूखा रहना
- ज्यादा या वेवक्त खाना
- तंबाकू, शराब का सेवन
- सीने पर चोट



# बारिश में न दिखने वाले जहरीले कीड़ों से भर जाती हैं ये सब्जियां

**मानसून का मौसम आ गया है और साथ ही बैक्टीरिया से होने वाली बीमारियां भी साथ लाया है। इस मौसम में हवा में ज्यादा नमी होती है जिससे बैक्टीरिया तेजी से फैलते हैं और यही वजह है कि इन दिनों कुछ भी अस्वस्थ खाने से बीमार पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। मानसून में पत्तेदार सब्जियां खाने से बचना चाहिए। पालक और लेट्यूस जैसी पत्तेदार सब्जियों में नमी की वजह से बैक्टीरिया और परजीवी आसानी से पैदा हो सकते हैं। साथ ही मानसून के दौरान ज्यादा ह्यूमिडिटी के कारण ये जल्दी खराब हो जाती हैं।**

एक्सपर्ट्स के अनुसार, मानसून में इन सब्जियों पर कीड़े और अन्य मकोड़े लगने का खतरा ज्यादा होता है। साथ ही नमी वाली जलवायु इनकी सतह पर फफूंद और कवक पैदा कर सकती है।

### बैंगन

मानसून के दौरान बैंगन में कीड़े लगने का अधिक खतरा रहता है। ज्यादा नमी इस सब्जी को जल्दी सड़ा भी सकती है और ये गलने लगती है। इसमें में अल्कलॉइड ज्यादा पाया जाता है जिससे इसका एसिडिक लेवल काफी बढ़ जाता है। इसके सेवन से आपको फूड पॉइजनिंग, उल्टी, खुजली, एलर्जी और बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा बढ़ सकता है।

### भिंडी

एक्सपर्ट के अनुसार, भिंडी नमी वाले मानसून के मौसम में जल्दी चिपचिपी हो जाती है और इस वजह से यह सब्जी खाने में अच्छी नहीं लगती है। ज्यादा नमी के कारण भिंडी के अंदर कीड़े भी लग जाते हैं।

### टमाटर

टमाटर में भी मानसून के दौरान हवा में ज्यादा नमी की वजह से जल्दी फफूंद लगने लगती है और ये सड़ने लग जाते हैं। इनमें फंगल इंफेक्शन होने का भी खतरा ज्यादा होता है। इसके सेवन से कफ दोष बढ़ सकता है।

### ग्रीन बीन्स

ग्रीन बीन्स भले ही सेहतमंद होती हैं और इनमें फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, लेकिन नमी की वजह से मानसून के मौसम में ये जल्दी खराब हो सकती हैं। इनमें इस मौसम में आसानी से फफूंद लग सकती है या फंगल इंफेक्शन हो सकता है।

### गोभी



गोभी, ब्रोकली और ब्रसेल्स स्प्राउट सब्जियों का मानसून के मौसम में कम सेवन किया जाना चाहिए। भले ही ये बहुत पौष्टिक होती हैं, लेकिन इन सब्जियों में गड्ढे और दरारें होती हैं, जिनमें पानी जम सकता है और बैक्टीरिया पनपने का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के दिनों में इनको अच्छी तरह धोना मुश्किल होता है, जिससे इनमें संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है।

### जड़ वाली सब्जियां

गाजर, मूली, और शलगम जैसी जड़ वाली सब्जियां मानसून के दौरान खाने के लिए आम तौर पर सुरक्षित मानी जाती हैं। हालांकि, इस मौसम में मिट्टी में ज्यादा नमी होने के कारण ये सब्जियां ज्यादा पानी सोख लेती हैं, जिससे ये जल्दी खराब हो सकती हैं। इन्हें सीमित मात्रा में खाना और अच्छी तरह धोकर रखना चाहिए।

### मशरूम

कई लोगों को खाने में मशरूम बहुत पसंद होता है, लेकिन मानसून में इन्हें कम खाना ही बेहतर होता है। मानसून में ज्यादा नमी और गीली हवा की वजह से मशरूम में जल्दी फफूंद और बैक्टीरिया लगने लगते हैं। जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर है या पाचन संबंधी समस्याएं हैं उन्हें खासतौर पर सतर्क रहना चाहिए। मशरूम पचाने में थोड़े मुश्किल होते हैं और ये मौजूदा स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 145 रुपये से 5000 के करीब जहाज कंपनी के शेयर, 100000 करोड़ रुपये के पार मार्केट कैप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में तूफानी तेजी जारी है। मझगांव डॉक के शेयर गुरुवार को 6 प्रतिशत से ज्यादा के उछाल के साथ 4989 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। जहाज कंपनी का मार्केट कैप भी गुरुवार को 100000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में पिछले एक महीने में 85 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। वहीं, दो दिन में कंपनी के शेयर 15 पर्सेंट से अधिक चढ़े हैं। आईपीओ में कंपनी के शेयर का दाम 145 रुपये था। मझगांव डॉक का आईपीओ 29 सितंबर 2020 को खुला था।

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों में आई तेजी से कंपनी का मार्केट कैप भी 100000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स 100000 करोड़ रुपये मार्केट कैप वाली पहली शिपबिल्डिंग कंपनी बन गई है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स को 26 जून को नवर प्रतिशत कंपनी का दर्जा मिला है। इसके बाद से कंपनी के शेयरों में 25 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आ गई है।

नवर प्रतिशत कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर 4 साल में 2800 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर 16 अक्टूबर 2020 को 168.05 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 4 जुलाई 2024 को 4989 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, पिछले 2 साल में कंपनी के शेयरों में 1900 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर 1 जुलाई 2022 को 246.80 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर अब 5000 रुपये के करीब पहुंच गए हैं।

### 4 से कम का शेयर 13366 प्रतिशत उछलकर 465 के पार पहुंचा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** माइनिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी 3.46 रुपये से 465.50 रुपये पर पहुंच चुके हैं। इस स्टॉक ने पिछले 25 साल में करीब 13366 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दे चुका है। यानी इस शेयर ने एक लाख रुपये के निवेश को इस अवधि में एक करोड़ 34 लाख से अधिक कर दिया है। हम बात कर रहे हैं वेदांता की। वेदांता के शेयर आज खबरों में हैं। कंपनी ने जून तिमाही में एल्युमीनियम, जिंक, लौह अयस्क और स्टील के उत्पादन में ग्रोथ की सूचना दी है।

**वेदांता शेयर प्राइस हिस्ट्री-** वेदांता के शेयर इस साल अबतक 80 फीसद से अधिक का रिटर्न दे चुका है। पिछले एक साल में यह 67 पर्सेंट से अधिक की उछाल दर्ज की है। जबकि, पिछले छह महीने में करीब 75 पर्सेंट उछला है। इसका 52 हफ्ते का हाई 506.75 रुपये और लो 208 रुपये है। एल्युमीनियम प्रोडक्शन पहली तिमाही में एक साल पहले की समान तिमाही के मुकाबले 3 फीसद बढ़कर 5,96,000 टन हो गया। गुरुवार को एनएसई पर वेदांता के शेयर 468.10 रुपये पर खुले और 470.80 रुपये के डे हाई पर पहुंच गए। कंपनी का मार्केट कैप 1.69 लाख करोड़ रुपये रहा।

**शेयरों का एक साल का बीटा 1 है-** वेदांता के शेयरों का एक साल का बीटा 1 है, जो इस अवधि के दौरान औसत उतार-चढ़ाव को दर्शाता है। जिंक इंडिया में सेलेबल मेटल का प्रोडक्शन 2,60,000 टन से बढ़कर 2,62,000 टन हो गया। जिंक इंटरनेशनल में खनन धातु उत्पादन घटकर 38,000 टन रह गया। यह वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 68,000 टन से अधिक था। हालांकि, तिमाही के दौरान तेल और गैस उत्पादन 17 प्रतिशत घटकर 112,400 बीओईपीडी रह गया, जो एक साल पहले 134,900 बीओईपीडी था।

# सोने-चांदी की कीमतों में हुआ बदलाव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत आज तेज रही, जबकि चांदी के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,450 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 91,850 रुपए के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई।

**सोने का वायदा भाव चढ़े-** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट आज तेजी के साथ 72,412 रुपए के भाव पर खुला। इस समय इसने 72,485 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 72,407 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 74,442 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था।

# 297 से टूटकर 8 पर आया जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जय प्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड शेयर आज गुरुवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 5 प्रतिशत तक टूट गए हैं। इसमें आज लोअर सर्किट लग गया और यह शेयर 8.65 रुपये के इंट्रा डे लो पर पहुंच गए। शेयरों में इस गिरावट के पीछे एक बड़ी वजह है। दरअसल, आईसीआईसीआई बैंक की अगुवाई में जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के लेंडर्स ने संशोधित एकमुश्त निपटान प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इस प्रस्ताव में कर्ज में डूबे समूह ने उच्च अग्रिम भुगतान और अपनी सीमेंट परिसंपत्तियों की बिक्री पेशकश की थी।




दिवाला अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के समक्ष सुनवाई के दौरान आईसीआईसीआई बैंक का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सजीव सेन ने पीठ को ऋणदाताओं द्वारा एकमुश्त निपटान योजना को अस्वीकार करने के बारे में सूचित किया। एनसीएलएटी जेएएल के निलंबित बोर्ड के सदस्य सुनील कुमार शर्मा की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण(एनसीएलटी) की इलाहाबाद पीठ के आदेश को चुनौती दी गई है। एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने इस वर्ष तीन जून को आईसीआईसीआई बैंक द्वारा सितंबर 2018 में दायर छह साल पुरानी याचिका को स्वीकार किया और जेएएल के बोर्ड को निलंबित करते हुए भुवन मदान को अंतरिम समाधान पेशेवर नियुक्त किया था। एनसीएलएटी की तीन सदस्यीय पीठ बुधवार को संक्षिप्त सुनवाई के बाद मामले को अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख तय की। पीठ में चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अशोक भूषण भी शामिल थे। अपीलीय न्यायाधिकरण की अवकाशकालीन पीठ ने 11 जून को ऋणदाताओं के समूह से कहा था कि वे एनसीएलटी के समक्ष जेएएल द्वारा प्रस्तुत एकमुश्त ऋण माफी पर विचार करें। जेएएल ने पिछली सुनवाई के दौरान कहा था कि यदि बैंक द्वारा एकमुश्त निपटान स्वीकार कर लिया जाता है तो कंपनी 18 सप्ताह के भीतर संपूर्ण भुगतान करने के लिए तैयार है।

# 8वीं फेल महिला की हर महीने 4 लाख से अधिक की कमाई

## शहद-घी से तैयार कर दी गाजर की खास किस्म



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आज हम आपको ऐसी महिला किसान से मिलाते हैं जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से खेती में क्रांति ला दी है। उनका नाम है संतोष पचार। वह राजस्थान के सीकर से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने गाजर की गुणवत्ता सुधारने के लिए अनोखी तकनीक का इस्तेमाल किया। इससे संतोष की आमदनी में भारी इजाफा हुआ। साथ ही उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान भी मिली। आइए, यहां संतोष पचार की सफलता के बारे में जानते हैं।

### अनोखा तरीका किया ईजाद

ट्रेनिंग के बाद संतोष पचार ने अपनी समस्या की असली वजह पहचान ली। यह थी घटिया किस्म के बीज। हार न मानकर उन्होंने एक नया प्रयोग करने का फैसला किया। उन्होंने शहद और घी के मिश्रण से पॉलिनेशन (परागण) का अनोखा तरीका ईजाद किया। उनके इस तरीके पर लोगों को यकीन नहीं हुआ। लेकिन, संतोष ने इसे जारी रखा।

### टेढ़ी-मेढ़ी और बेस्वाद गाजरों से थीं परेशान

संतोष पचार अपने खेत में टेढ़ी-मेढ़ी और बेस्वाद गाजरों से बहुत परेशान रहती थीं। इसकी वजह से उन्हें बाजार में अच्छी कीमत नहीं मिलती थी। अपनी इस समस्या का हल खोजने के लिए उन्होंने राज्य सरकार की ओर से आयोजित कृषि मेलों में जाना शुरू किया। इन मेलों में उन्होंने खेती की नई-नई तकनीकों के बारे में सीखा और विशेषज्ञों से सलाह ली।

### बदल गई किस्मत

नतीजे हैरान करने वाले थे। हर फसल के साथ उनके गाजरों की गुणवत्ता में सुधार होता गया। गाजर मीठे, चमकदार और आकार में बेहतर होने लगे। उनके इस नए बीज ने न केवल उपज की गुणवत्ता में सुधार किया बल्कि फसल चक्र को भी तेज कर दिया, जिससे उन्हें जल्दी मुनाफा होने लगा। संतोष और उनके पति की किस्मत बदल गई। उनकी सालाना आय 1.5 लाख रुपये से बढ़कर 50 लाख रुपये हो गई। यह उनकी कड़ी मेहनत और नई सोच का नतीजा था।

### राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

संतोष पचार की इस उपलब्धि के लिए उन्हें 2013 और 2017 में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी सफलता को दूसरों के साथ बांटने का फैसला किया। संतोष ने राज्य के 7,000 से अधिक किसानों को जैविक खेती और नई तकनीकों के बारे में बताया। संतोष की कहानी यह साबित करती है कि मुश्किलों से हार न मानकर, नई सोच और लगन से सफलता हासिल की जा सकती है।

# दुनिया भारतीय युग की शुरुआत के कगार पर, एनके सिंह बोले- 2047 तक हम बनेंगे विकसित राष्ट्र

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भारत के युग में प्रवेश करने के मुहाने पर खड़ी है और देश 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने की ओर बढ़ रहा है। प्रमुख अर्थशास्त्री और नीति निर्माता एनके सिंह ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (एलएसई) में प्रतिष्ठित मानद फेलोशिप प्रदान किए जाने पर अपने संबोधन में ये बातें कही।

इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ के अध्यक्ष सिंह ने कहा कि वे नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर अमर्त्य सेन और पूर्व राष्ट्रपति केआर नारायणन जैसे साथी भारतीयों की श्रेणी में शामिल होने पर विनम्र महसूस कर रहे हैं।

प्रसिद्ध विश्वविद्यालय ने कहा कि यह सम्मान एलएसई के साथ सिंह के दीर्घकालिक और प्रतिबद्ध संबंधों और एलएसई के भारत सलाहकार बोर्ड के सह-अध्यक्ष के रूप में भारत के साथ अपने अद्वितीय संबंधों को सुविधाजनक बनाने के उनके प्रयासों को देता मान्यता है।

उन्होंने कहा, मेरे कई पूर्ववर्तियों के कद को देखते हुए यह मेरे लिए विनम्र क्षण है। एलएसई 1895 में अपनी स्थापना के बाद से अकादमिक उत्कृष्टता का केंद्र रहा है। भारत के साथ इसका संबंध गहन, जिज्ञासु और अभिन्न संबंध रहा है।

पुरस्कार स्वीकार करते हुए अपने भाषण में 83 वर्षीय अर्थशास्त्री ने देश के गौरवशाली इतिहास और इसकी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर उच्च वृद्धि वाली अर्थव्यवस्था के रूप में इसके प्रयास को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा, यह प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी का तीसरा कार्यकाल है, वह और मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य 2047 तक विकसित भारत को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं... अगले दो दशकों के लिए, भारत को इस तरह के विकास प्रक्षेपवक्र को बनाए रखने की आवश्यकता है। भारत की वृद्धि की कहानी यह भी दर्शाती है कि लोकतंत्र और विकास एक दूसरे के लिए शत्रुतापूर्ण नहीं हैं।

जी-20 द्वारा गठित बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) के सुधारों के लिए उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समूह के सह-संयोजक के रूप में सिंह ने एमडीबी द्वारा बेहतर, साहसिक और बड़े दृष्टिकोण का आह्वान किया है जो जलवायु संकट की दबाव संबंधी चिंताओं से भी निपटता है।



# क्रूड में तेजी के बावजूद सबसे सस्ता पेट्रोल 82.42 रुपये लीटर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कच्चा तेल एक बार फिर 87 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया है। इसके बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल खरीदने वालों के लिए गुरुवार राहत भरा है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद आज ऑयल मार्केटिंग पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने पेट्रोल-डीजल के रेट में कोई बदलाव नहीं किया है।

# बढ़ सकती है भारत की सॉवरेन रेटिंग लेकिन अगले दो साल में करना होगा यह काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यदि केंद्र सरकार अगले दो वर्षों में राजकोषीय घाटे को ग्रॉस डोमेस्टिक प्रॉडक्ट के 4 प्रतिशत के स्तर तक ले आए, भारत की सॉवरेन रेटिंग बढ़ सकती है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के एक अधिकारी ने यह बात कही। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के डायरेक्टर (सॉवरेन रेटिंग्स) ग्रीफर्न फुआ ने कहा कि रेटिंग में अपग्रेड के लिए ट्रिगर यह होगा कि केंद्र और राज्यों का डेफिसिट जीडीपी के 7 फीसदी से नीचे आ जाए और इसमें बड़ा योगदान केंद्र सरकार को करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार फिस्कल डेफिसिट को जीडीपी के 49 फीसदी तक ले आए तो हम अगले 24 महीनों में रेटिंग अपग्रेड के बारे में विचार करेंगे। केंद्र सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.1 फीसदी तक लाने का लक्ष्य रखा है, जो 2023-24 में 56 फीसदी पर था फिस्कल कंसॉलिडेशन रोडमैप के मुताबिक, 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत तक लाया जाना



है। देश के शीर्ष 18 राज्यों का राजस्व चालू वित्त वर्ष 2024-25 में आठ से 10 प्रतिशत बढ़कर 38 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में यह कहा गया। इन 18 राज्यों का भारत के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 90 फीसदी योगदान है।

**कैसे बढ़ेगी जीडीपी-** एसएंडपी ने मई में भारत के लिए आउटलुक अपग्रेड करके पॉजिटिव कर दिया था। हालांकि सावरेन रेटिंग को बीबीबी ही रहने दिया रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले तीन वर्षों में औसतन 8 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की है। अगर इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी दिक्कतें खत्म कर ली जाए तो 8 फीसदी की ग्रोथ भी हासिल कर सकता है। एसएंडपी का अनुमान है कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.8 फीसदी रहेगी, जो पिछले वित्त वर्ष के 8.2 फीसदी से कम होगी।

# मस्क पर डॉलर की घनघोर बारिश, 3 ही दिन में दुनिया के 50वें सबसे अमीर के नेटवर्थ से ज्यादा कमाया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क पर डॉलर की बारिश जारी है। पिछले 3 दिन में एलन मस्क ने जितना कमाया है, उतना दुनिया के टॉप 50 अरबपतियों में कइयों के पास नहीं है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में 50वें स्थान पर काबिज मरियम एडेलसन का नेटवर्थ 32.9 अरब डॉलर है। बुधवार को भी उनकी संपत्ति में 10.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। मस्क तीन-चार दिन पहले तक इस साल कमाई के मामले में दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में टॉप लूजर थे। मंगलवार को टॉप गेनर की लिस्ट में 17वें स्थान पर थे और बुधवार को 8 पायदान की छलांग लगाकर टॉप-10 में शामिल हो गए। अब एलन मस्क इस साल की कमाई के मामले में 9वें स्थान पर हैं।पिछले 3 दिन में मस्क ने करीब 34 अरब डॉलर कमाया है। यह कई देशों की जीडीपी के बराबर है। इस साल की कमाई के मामले में एलन मस्क ने गौतम अडानी और मुकेश अंबानी को भी पीछे छोड़ दिया है। मस्क साल 2024 में 23.2 अरब डॉलर अपने नेटवर्थ में जोड़ चुके हैं। जबकि, अडानी 21.3 अरब डॉलर और मुकेश अंबानी 21.2 अरब डॉलर कमा चुके हैं। पहले नंबर पर जेनसेन हुआंग हैं, जिनकी संपत्ति में इस साल जबर्दस्त उछाल आया है। हुआंग की संपत्ति 6 महीने में ही 68.5 अरब डॉलर बढ़ी है।



**क्यों उछली इन अरबपतियों की दौलत-** मेटा के मार्क जुकरबर्ग हों या एलवीएमएच के बर्नार्ड अर्नाल्ट, जो 75 फैशन और सौंदर्य प्रसाधन ब्रांडों के साम्राज्य की देखरेख करते हैं, जिनमें लुई वुइटन और सेफोरा भी शामिल हैं, या फिर टेस्ला के मस्क ही क्यों न हों। इन अरबपतियों के नेटवर्थ में उछाल या गिरावट की वजह इनकी कंपनियों के शेयर हैं। शेयर के भाव उछले तो इनकी दौलत उछली, रैंक उछला। गिरी तो सब गिरा।

एलन मस्क की कंपनी टेस्ला के शेयर पिछले 5 दिन में 26 प्रतिशत से अधिक उछल चुके हैं। इसका असर मस्क की दौलत पर भी पड़ा। इससे मस्क ने बुधवार को 10.8, मंगलवार को 15.3 और सोमवार को 8 अरब डॉलर कमाया। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में मस्क अब 252 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ टॉप पर हैं। दूसरे नंबर पर अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस हैं। इनकी कुल संपत्ति बुधवार को 2.26 अरब डॉलर घटकर 219 अरब डॉलर पर है।

**अडानी-अंबानी की गिरी रैंकिंग-** ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स में एशिया के पहले और दूसरे नंबर के दोनों रईसों अरबपतियों वर्ल्ड रैंकिंग में झटका लगा है। मुकेश अंबानी को माइकल डेल ने एक पायदान पीछे कर 12वें स्थान पर ढकेल दिया है। जबकि, गौतम अडानी जेनसेन हुआंग से पहले ही पिछड़ चुके हैं।

12वें स्थान पर खिसके मुकेश अंबानी के पास अब 118 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। जेनसेन हुआंग अब 113 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ 13वें स्थान पर हैं। अडानी 106 अरब डॉलर के साथ 14वें पोजीशन पर हैं। माइकल डेल 119 अरब डॉलर के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टॉप-10 लिस्ट में वॉरेन बफेट 129 अरब डॉलर के साथ 10वें, सर्गी ब्रिन 155 अरब डॉलर के साथ 9वें, बिल गेट्स 158 अरब डॉलर के साथ 8वें और लैरी एलिशन 158 डॉलर के साथ सातवें स्थान पर हैं।

**टॉप-3 200 अरब डॉलर क्लब में-** इनसे ऊपर छठे स्थान पर स्टीव बाल्मर हैं, जिनके पास भी 158 अरब डॉलर का नेटवर्थ है। लैरी पेज का नेटवर्थ 164 अरब डॉलर है और यह दुनिया के 5वें सबसे अमीर शख्स हैं। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग 181 अरब डॉलर के साथ चौथे स्थान पर हैं। बाकी तीनों बर्नार्ड अर्नाल्ट, जेफ बेजोस और एलन मस्क 200 अरब डॉलर क्लब में शामिल हैं। मस्क के पास 252 अरब डॉलर की संपत्ति है, जेफ बेजोस के पास 219 और बर्नार्ड अर्नाल्ट के पास 201 अरब डॉलर का नेटवर्थ है।

# 10 टुकड़ों में बंट रहा आदित्य विजन लिमिटेड, 5 साल में 10000 प्रतिशत की आई है तूफानी तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर कंपनी आदित्य विजन लिमिटेड अपने शेयरों का बंटवारा करने जा रही है। कंपनी ने शेयरों के बंटवारे (स्टॉक स्प्लिट) को मंजूरी दे दी है। आदित्य विजन लिमिटेड ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि उसके बोर्ड ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले प्रत्येक शेयर को 1 रुपये फेस वैल्यू वाले 10 शेयरों में बांटने की मंजूरी दे दी है। यह कंपनी का पहला स्टॉक स्प्लिट है। आदित्य विजन लिमिटेड ने अभी शेयरों के बंटवारे की रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। आदित्य विजन के शेयर बुधवार को 4572.95 रुपये पर बंद हुए हैं। दिग्गज इनवेस्टर आशीष कचौलिया ने भी आदित्य विजन के शेयरों पर दांव लगाया हुआ है।



आदित्य विजन लिमिटेड के शेयरों में 5 साल में तूफानी तेजी आई है। आदित्य विजन के शेयर 5 साल में 10835 पर्सेंट चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 5 जुलाई 2019 को 42 रुपये पर थे। आदित्य विजन लिमिटेड के शेयर 3 जुलाई 2024 को 4572.95 रुपये पर बंद हुए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 4800 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 1595.50 रुपये है। आदित्य विजन लिमिटेड एक मल्टी ब्रांड कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन है और इसका हेडक्वॉर्टर पटना में है। आदित्य विजन लिमिटेड के शेयरों में पिछले 2 साल में 505 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है। कंपनी के शेयर 1 जुलाई 2022 को 759.75 रुपये पर थे। आदित्य विजन के शेयर 3 जुलाई 2024 को 4572.95 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में पिछले एक साल में 185 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है। पिछले एक महीने में आदित्य विजन के शेयरों में 43 पर्सेंट का उछाल आया है।

दिग्गज इनवेस्टर आशीष कचौलिया के पास आदित्य विजन लिमिटेड के 239506 शेयर हैं। कंपनी में आशीष कचौलिया की 1.87 पर्सेंट हिस्सेदारी है। ।।छस्त्रष्ट स्मॉलकैप फंड के पास भी आदित्य विजन लिमिटेड के 665206 शेयर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लेफ्टिनेंट-जनरल जेनी कैरिगनन कनाडा की पहली महिला सेना प्रमुख नियुक्त

**ओटावा , एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने लेफ्टिनेंट-जनरल जेनी कैरिगनन को देश की शीर्ष सैन्य प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की। यह पहली बार है जब एक महिला को देश की शीर्ष सैन्य प्रमुख नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जेनी कैरिगनन वर्तमान रक्षा प्रमुख जनरल वेन आइरे की जगह लेंगी। वह कनाडाई सशस्त्र बल (सीएएफ) से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जेनी कैरिगनन 18 जुलाई को कार्यभार संभालेंगी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कैरिगनन का सैन्य करियर 35 वर्षों से ज्यादा का है। जेनी कैरिगनन दो कॉम्बैट इंजीनियर रेजिमेंट, रॉयल मिलिट्री कॉलेज सेंट-जीन और कनाडा डिवीजन को संभाल चुकी हैं, जहां उन्होंने 10 हजार से ज्यादा सैनिकों का नेतृत्व किया है। साल 2008 में जेनी कैरिगनन सीएएफ इतिहास में लड़ाकू हथियार इकाई की कमान संभालने वाली पहली महिला बनीं। वह अफगानिस्तान युद्ध, बोस्निया-हर्जेगोविना, इराक और सीरिया में सैनिकों की कमान संभाल चुकी हैं। 2019 से 2020 तक नाटो मिशन के तहत इराक में तैनात रहीं।



### उत्तरी कैलिफोर्निया के जंगल की आग और फैली, हेलीकॉप्टर से डाला जा रहा पानी... हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा

**ऑरोविल, एजेंसी।** उत्तरी कैलिफोर्निया में भीषण गर्मी के बीच जंगल में लगी आग ने बुधवार को आस पास के क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले लिए जिसके मद्देनजर कम से कम 26,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं वहीं आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर से भी पानी डाला जा रहा है। सैक्रामेंटो से लगभग 70 मील (110 किलोमीटर) दूर बट काउंटी के ऑरोविल शहर के पास मंगलवार को वन क्षेत्र में सबसे पहले आग लगी, इससे धुएं का विशाल गुबार उठा। ऑरोविल के मेयर डेविड पिटमैन ने बताया कि बुधवार दोपहर तक इस पर कुछ हद तक काबू पा लिया गया, साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि कुछ लोगों को जल्द घर जाने की अनुमति दी जा सकती है। इस बीच बुधवार दोपहर को ऑरोविल से लगभग आठ किलोमीटर दूर दक्षिण में ग्रब्स नामक स्थान पर आग लग गई, जिसके कारण पलेर्मो शहर के लोगों को अपने घरों को खाली करना पड़ा। आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। कैलिफोर्निया वन एवं अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) के अनुसार, राज्य में 12 से अधिक स्थानों पर आग लगी हुई है, हालांकि इनमें से अधिकांश स्थानों पर आग ने विकार रूप धारण नहीं किया है। ऑरोविल में मंगलवार रात आपातकाल की घोषणा की गई थी और लोगों को ठहराने के लिए आश्रय शिविर स्थापित किए गए थे।

### जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री से की मुलाकात, सीमा विवाद मुद्दे पर की बात

**बीजिंग, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में बृहस्पतिवार को बातचीत की। भारत और चीन के मध्य पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद के बीच, दोनों देशों के विदेश मंत्री शंघाई सहयोग संगठन के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर मिले और विचारों का आदान प्रदान किया। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं के बीच मुख्य बातचीत सीमा विवाद पर केन्द्रित थी। इस दौरान सीमा संबंधी शेष मुद्दों के हल के लिए कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से प्रयासों को दोगुना करने पर सहमति बनी। भारत का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता दोनों देशों के बीच सामान्य संबंधों के लिए अहम है। बता दें कि पीएम मोदी अगले हफ्ते रूस के दौरे पर जाने वाले हैं। मोदी की रूस यात्रा को लेकर कोई आधिकारिक एलान नहीं किया गया है, लेकिन विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि पीएम आठ-नौ जुलाई को रूस और ऑस्ट्रिया जाने की तैयारी में हैं।इससे पहले, जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मुलाकात की थी। जयशंकर ने इस मुलाकात में रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे भारतीयों की वतन वापसी का मुद्दा उठाया था। साथ ही पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अगले हफ्ते मास्को में होने वाली भारत-रूस शिखर बैठक के एजेंडे पर भी बात हुई।जयशंकर ने एक्स पर लिखा, अस्ताना में विदेश मंत्री लावरोव से मुलाकात हुई।

### पिता डोनाल्ड ट्रंप की कानूनी लड़ाई पर आखिरकार इवांका ने तोड़ी चुप्पी, रोते हुए मां को किया याद

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रंप को बीते महीनों हश मनी मामने में सभी 34 आरोपों में दोषी करार दिया गया। अब उनकी सजा पर सबकी निगाहें बनी हुई हैं। इन सबके बीच लंबे समय से मौन रहीं इवांका ट्रंप ने आखिरकार अपने पिता की सजा के बारे में बात की। उन्होंने अपने पिता के साथ बचपन की एक तस्वीर साझा करते हुए आई लव यू डैड यानी पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं कहा। लेक्स फ्रिडमैन के साथ एक पॉडकास्ट करते समय अपनी मां इवाना को ग्लैमरस बताते हुए इवांका रो गईं। ट्रंप की 42 वर्षीय बेटी ने अपने पिता की लंबी कानूनी परेशानियों के बारे में बात की और 2024 के राष्ट्रपति अभियान से हटने के लिए अपना स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने स्थिति को दर्दनाक बताया। जब उनसे पूछा गया कि उनके पिता की कानूनी लड़ाई का उन पर क्या असर पड़ा, तो इवांका ने कहा, मानवीय तौर पर वो मेरे पिता हैं और मैं उनसे बहुत व्यार करती हूं। इसलिए यह अनुभव बहुत ही दर्द भरा था।

# ब्रिटेन चुनाव में भारतीयों का बोलबाला, इस बार रिकॉर्डतोड़ बन सकते हैं सांसद; दांव पर सुनक की प्रतिष्ठा

**लंदन, एजेंसी।** यूनाइटेड किंगडम (यूके) में 4 जुलाई को आम चुनाव है। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और पीएम ऋषि सुनक की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। वो अपनी जीत के दावे जरूर कर रहे हैं लेकिन, मौजूदा हालात विपक्षी दल लेबर पार्टी की तरफ ज्यादा बेहतर दिखाई दे रहे हैं। संभावित राजनीतिक बदलाव के बीच चौंकाने वाली खबर यह है कि इस बार ब्रिटेन में चुनाव परिणाम इतिहास रच सकते हैं। भारतीय मूल के सांसदों की संख्या इस बार सबसे ज्यादा हो सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, यूके में इस बार 100 से अधिक भारतीय मूल के उम्मीदवारों ने चुनाव में ताल ठोकी है।



**ब्रिटेन में भारतीय मूल के राजनेताओं का दबदबा :** निवर्तमान ब्रिटिश संसद में 65 अश्वेत सांसदों में 15 भारतीय मूल के सांसद हैं। जिसमें लेबर पार्टी से आठ और कंजर्वेटिव पार्टी से सात सांसद शामिल हैं। 15 भारतीय सांसदों की संख्या ब्रिटिश राजनीतिक इतिहास में काफी ज्यादा जरूर है लेकिन, इस बार यह रिकॉर्ड भी टूट सकता है। इस बार 100 से अधिक भारतीय मूल के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। भारतीय मूल के ब्रिटिश राजनेताओं की उल्लेखनीय उपलब्धि का पता इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2022 में ऋषि सुनक के रूप में ब्रिटेन को प्रथम अश्वेत प्रधानमंत्री मिले।

**ब्रिटेन में भारतीयों की स्थिति :** आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय परिवारों की यूके में काफी धाक है। यहां अधिकतर उच्च आय वर्ग वाले हैं। ब्रिटेन की आबादी का लगभग 3 प्रतिशत होने के बावजूद, भारतीय मूल के लोगों की सकल घरेलू उत्पाद में 6 प्रतिशत से अधिक का योगदान है। 2024 के ब्रिटेन के आम चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दलों में रिकॉर्ड संख्या में भारतीय मूल के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

**दांव पर सुनक की प्रतिष्ठा :** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड और नॉर्थअलर्टन की अपनी सीट बरकरार रखने की उम्मीद है। साथ ही उनके मंत्रिमंडल की पूर्व सहयोगी प्रीति पटेल के एसेक्स में विथम और सुएला ब्रेवरमैन के फारेहैम तथा वाटरलूविले में जीतने की उम्मीद है। 'ब्रिटिश फ्यूचर' थिंक टैंक के एक विश्लेषण के अनुसार, अगर लेबर पार्टी बहुमत हासिल करती है तो उसमें जातीय अल्पसंख्यक सांसदों की अभी तक की सबसे अधिक संख्या हो सकती है। विश्लेषण में कहा गया है कि निवर्तमान संसद में करीब 14 प्रतिशत सांसद जातीय अल्पसंख्यक समुदायों के थे, जबकि नई संसद में उनकी संख्या अधिक रह सकती है। ब्रिटिश फ्यूचर के निदेशक सुंदर कटवाला ने कहा, ''इस चुनाव में जातीय अल्पसंख्यक प्रतिनिधित्व में बड़ी वृद्धि दिखेगी और यह अब तक की सबसे विविध संसद होगी। भारतीय मूल के नामी चेहरों पर एक नजर वर्ष 2019 में हुए पिछले आम चुनाव में भारतीय मूल के 15 सांसद चुने गए थे, जिनमें से कई दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। उनके अलावा भारतीय मूल के कई लोग पहली बार आम चुनाव लड़ रहे हैं। इलींग साउथल में बड़ी संख्या में पंजाबी मतदाता हैं। वहां से इस बार दो ब्रिटिश सिख उम्मीदवार संगीत कौर भैल और जगिंदर सिंह निर्दलीयों के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं।

4 जुलाई को होने वाले चुनाव में कुछ प्रमुख ब्रिटिश भारतीय उम्मीदवारों में प्रफुल नार्गुंड शामिल हैं, जो लेबर पार्टी की टिकट पर इस्लिंगटन नॉर्थ से चुनाव लड़ रहे हैं। जस अथवाल लेबर पार्टी के गढ़ इफोर्ड साउथ से चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि बैगी शंकर डर्बी साउथ, सतवीर कौर साउथम्प्टन टेस्ट और हरप्रीत उप्पल हडर्सफील्ड से चुनाव लड़ रहे हैं। इंदौर में जन्मे राजेश अग्रवाल पहली बार लीसेस्टर ईस्ट से चुनाव लड़ रहे हैं और उनका मुकाबला एक अन्य ब्रिटिश भारतीय एवं कंजर्वेटिव पार्टी की उम्मीदवार शिवानी राजा से है। भारतीय मूल के मतदाताओं की अच्छी-खासी तादाद वाले इस निर्वाचन क्षेत्र में मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है, क्योंकि गोवा मूल की पूर्व सांसद कीथ वाज भी यहां से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं।

## निक्की हेली ने बाइडन के बचाव में आए वरिष्ठ पत्रकार को घेरा, कहा- अब तो आप मेरा विश्वास करिए

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल की नेता निक्की हेली ने अपने पुराने एक इंटरव्यू को लेकर बुधवार को एक वरिष्ठ अमेरिकी पत्रकार पर निशाना साधा। दरअसल, हेली ने दावा किया था कि राष्ट्रपति जो बाइडन अपना पहला कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे और उनके लिए मतदान करना उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के लिए वोट करना होगा। हेली ने पिछले साल दिए इंटरव्यू में एक पत्रकार से यह बात कही थी, जब वह रिपब्लिकन पार्टी की प्राथमिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार थीं। हालांकि, बाद में हेली ने अपना अभियान रद्द कर दिया। अब तो करो विश्वास उन्होंने पुराने इंटरव्यू की एक क्लिप साझा करते हुए कहा, अब तो आप (पत्रकार) मेरा विश्वास कीजिए। इस बयान पर बहस बता दें, रिपब्लिकन नेता ने यह पोस्ट ऐसे समय में किया है, जब मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि बाइडन की राष्ट्रपति की प्राथमिक बहस में खराब प्रदर्शन के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता उन्हें चुनावी दौड़ से हटने को कह रहे हैं। हेली ने क्लिप को साझा करते हुए लिखा, बाइडन बहस के बाद अपना पहला इंटरव्यू देने के लिए तैयार हैं। पिछले साल जब मैंने बाइडन के दूसरे कार्यकाल को पूरा करने की क्षमता पर सवाल उठाया था तो वरिष्ठ पत्रकार चिल्ला रहे थे कि आपको कैसे पता कि वह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकेंगे? किस सबूत पर मैंने ऐसा बोला। क्लिप में हेली ने कहा था कि बाइडन अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकेंगे। इस पर वरिष्ठ पत्रकार ने बीच में उन्हें रोकते हुए कहा था, एक्सक्यूज मी, एक्सक्यूज मी, एक सेकंड। आप कैसे कह सकतीं हैं कि बाइडन अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सकेंगे? यह किस आधार पर बोला गया? ऐसा कोई रास्ता नहीं है... रिपब्लिकन नेता ने आगे कहा था, सबसे पहले, जो बाइडन के लिए एक वोट कमला हैरिस के लिए एक वोट है। आप यह जानते हैं और मैं भी यह जानती हूं। ऐसा कोई रास्ता ही नहीं है कि जो बाइडन अपना कार्यकाल पूरा कर सकेंगे। मुझे लगता है कि कमला हैरिस अगली राष्ट्रपति बनने जा रही हैं। इस बात से हर अमेरिकी को डरना चाहिए।

## कहां गई 1300 साल से पत्थर में दबी जादुई तलवार, रातों-रात इस शहर से हो गई गायब

**पेरिस, एजेंसी।** दुनिया की सबसे धारदार मानी जाने वाली डुरंडर तलवार फ्रांस के एक शहर रोकामैडॉर से गायब हो गई है। फिलहाल, इसके गायब होने की वजह का पता अब तक नहीं चल सका है। कहा जा रहा है कि इसे किसी ने चोरी किया है। खास बात है कि तलवार 1300 साल से ज्यादा समय से एक चट्टान में दबी हुई थी। इस घटना के बाद से शहरवासी बेहद दुखी हैं, क्योंकि वे अपने भाग्य के तार इस तलवार से जोड़कर देखते थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस प्राचीन तलवार को फ्रेंच एक्सकैलिबर के तौर पर भी पहचाना जाता है। कहा जाता है कि 8वीं सदी में एक फरिश्ते ने यह तलवार रोमन राजा शारलेमोन को दी थी। इसके बाद शारलेमोन ने इस जादुई तलवार को अपने सबसे पसंदीदा सैनिक रोलैंड को तोहफे में दे दिया था। फिलहाल, इस घटना को लेकर पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है।

शहर में आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों के बीच यह तलवार एक बड़ा आकर्षण था। 11वीं सदी की एक कविता में इस तलवार की जादुई क्षमताओं का भी जिक्र किया गया था। इस तलवार को लेकर कई कहानियां भी हैं। जैसे कि ऐसा माना जाता है कि तलवार एक ही झटके में पत्थर को भी काट सकती थी।

# कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो की उल्टी गिनती शुरू, अगर अभी हुए चुनाव तो हारना तय: सर्वे

**ओटावा, एजेंसी।** भारत के खिलाफ लगातार बयानबाजी देने वाले कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। एक नए सर्वेक्षण के मुताबिक, अगर अभी कनाडा में चुनाव हुए तो जस्टिन ट्रूडो की सरकार का गिरना तय है। सिर्फ यही नहीं ट्रूडो की सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के सहयोगी दल न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी या एनडीपी भी जनता से अपना समर्थन खो रहे हैं। जस्टिन ट्रूडो लगातार भारत विरोधी बयानों और अपनी देश के विकास विरोधी कामों से जनता के बीच पहले ही विश्वास खो रहे हैं।

कनाडाई संसद में खालिस्तानियों के लिए नारेबाजी करवाना, खालिस्तानियों के कार्यक्रम में शरीक होना और भारत पर बेवजह और बेबुनियाद आरोप लगाने वाले जस्टिन ट्रूडो एक बार फिर सुर्खियों में हैं। ताजा सर्वेक्षण कहता है कि कनाडा में अगर अभी संसदीय चुनाव किए जाएं तो ट्रूडो सरकार नहीं टिक पाएगी। इंडो-कनाडाई जगमीत सिंह के नेतृत्व वाली एनडीपी भी अपना समर्थन खो रही है। 2021 के संघीय चुनावों के दौरान एनडीपी ने 18 प्रतिशत वोट हासिल किया था। वो घटकर 17 प्रतिशत जा सकता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि एजेंसी ने जिन लोगों के बयान लिए, उनमें से अधिकतर ने महसूस किया कि एनडीपी और सिंह के बारे में उनकी धारणा 32 प्रतिशत खराब हो गई है। सिर्फ 20



प्रतिशत लोगों ने पहले से अधिक विश्वास जताया है।

**क्या कहता है सर्वे :** पोल के आंकड़ों के अनुसार, कंजर्वेटिव पार्टी को 41 प्रतिशत समर्थन मिल सकता है। जो ट्रूडो की लिबरस पार्टी के 27 प्रतिशत से कहीं आगे है। यदि अभी चुनाव होते हैं, तो कंजर्वेटिव दल को 218 सीटें मिल सकती है। जबकि ट्रूडो की पार्टी को सिर्फ 67 सीटें मिलेंगी।

**उपचुनाव में करारी हार :** एनडीपी के लिए परेशान करने वाले संकेत जून में टोरंटो-सेंट पॉल के लिए हुए उप-चुनाव के दौरान सामने आ गए थे। जब उनका वोट शेयर 17 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत हो गया था। परिणाम यह निकला कि ट्रूडो की पार्टी को इस सीट से चुनाव हारना पड़ा। इस सीट पर एनडीपी का 1993 से कब्जा था।

**लगातार खो रहे विश्वास :** जगमीत सिंह अक्टूबर 2017 में एनडीपी के नेता बने। उनके नेतृत्व से पार्टी ने तब पहला संघीय चुनाव देखा। एनडीपी ने 2017 में हाउस ऑफ कॉमन्स में 44 सीटें और लगभग 20 प्रतिशत वोट शेयर हासिल किए थे। 2021 में एनडीपी के 25 एनडीपी सांसद चुने गए और वोट शेयर गिरकर 18 प्रतिशत हो गया। ताजा सर्वे में वोट शेयर और गिरा है।

**ट्रूडो पर लटक रही तलवार :** पिछले सप्ताह, सिंह ने कहा था, हम इसे वास्तव में लोगों द्वारा अपना संदेश भेजने के रूप में देखते हैं। वे ट्रूडो से निराश हैं। वे ट्रूडो के साथ काम कर चुके हैं और वे लिबरल पार्टी से निराश हैं। उनके पास इसके कारण हैं। ट्रूडो एनडीपी के समर्थन से सरकार में बचे हुए है। हालांकि सिंह ने यह नहीं बताया कि क्या वह ट्रूडो का समर्थन करना जारी रखेंगे या नहीं।

# बाइडेन ने माना डिबेट में सो गए थे; अब रेस से हटने का दबाव, कमला हैरिस पर कयास तेज

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने स्वीकार किया है कि वह डोनाल्ड ट्रंप के साथ टीवी डिबेट के दौरान मंच पर लगभग सो ही गए थे। उन्होंने यह भी मान लिया है कि ट्रंप के मुकाबले डिबेट उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। इस बीच यह मांग भी बढ़ने लगी है कि वह राष्ट्रपति चुनाव से अपना नाम वापस ले लें और कमला हैरिस को उनकी जगह पर मौका दिया जाए। कमला हैरिस भारतीय मूल की अमेरिकी नेता हैं, जिनके पास डेमोक्रेटिक पार्टी में बड़ा समर्थन है। वहीं जो बाइडेन का कहना है कि वह डिबेट से पहले लगातार दो सप्ताह तक यूरोप समेत दुनिया के कई हिस्सों में गए थे।

इसका असर उनकी सेहत पर पड़ा और थकान अनुभव कर रहे थे। इसी वजह से वह मंच पर लगभग सो गए थे। वर्जीनिया में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह बात स्वीकार की। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मैं बहुत स्मार्ट नहीं हूं। बाइडेन ने कहा कि दो सप्ताह में मैं न जाने कितने टाइम जोन में गया। 81 साल के जो बाइडेन ने कहा कि डिबेट में कमजोर रहने के पीछे



यह मेरी सफाई है। इसे लेकर मैं किसी तरह की छूट नहीं चाहता। वाइट हाउस के कर्मचारियों ने बाइडेन की सेहत के बारे में बताते हुए कहा था कि वह डिबेट में शामिल होने के दौरान सर्दी के शिकार थे। इसी के चलते वह पूरे मन से डिबेट में शामिल नहीं हो सके। वहीं बाइडेन ने स्टाफ से अलग कारण बताते हुए कहा कि वह फ्रांस गए थे। इटली में जी-7 समिट का हिस्सा थे। इसके अलावा कई आयोजनों में गए थे और इसकी वजह से थके हुए थे। उन्होंने कहा कि मेरा स्टाफ तो लगातार कह रहा था कि इतनी यात्राएं न करूं, लेकिन मैंने उनकी बात को अनसुना कर दिया था। अंत में डिबेट के दौरान थकान का अनुभव लेने लगा। ऐसी स्थिति हुई कि डिबेट के दौरान मंच पर ऐसी स्थिति हो गई थी कि मैं लगभग सो चुका था। उनकी इस स्वीकारोक्ति के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच मंथन तेज हो गया है।

जो बाइडेन के बेटे से भी नाखुश हैं डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता बाइडेन के खिलाफ उनकी पार्टी में माहौल बन रहा है। बीच में तो यह कयास भी लगे कि खुद बाइडेन अपना नाम वापस लेने की सोच रहे हैं। लेकिन उन्होंने इसे खारिज किया है और कहा कि मैं नेतृत्व करूंगा और हम जीत हासिल करेंगे। खबर है कि डेमोक्रेटिक पार्टी में कुछ लोग बाइडेन के बड़े बेटे हंटर बाइडेन के वाइट हाउस के मामलों में दखल देने से भी नाराज हैं।

## पाकिस्तान में कार बम विस्फोट, पूर्व सासंद समेत चार लोगों की मौत

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में रिमोट-कंट्रोल के जरिए एक कार में किए गए विस्फोट में पूर्व सांसद और तीन अन्य की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विस्फोट अफगानिस्तान की सीमा से लगे आदिवासी बहुल जिले मामोंड बाजौर के दामादोला क्षेत्र में हुआ। पुलिस के अनुसार विस्फोट के समय पाकिस्तानी संसद के उच्च सदन सीनेट के पूर्व सदस्य हिदायतुल्ला उपचुनाव में अपने भतीजे नजीबुल्ला खान के प्रचार अभियान के सिलसिले में वहां मौजूद थे। पीके 22 प्रांतीय विधानसभा क्षेत्र में 12 जुलाई को उपचुनाव होना है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और मुख्य सचिव नदीम असलम चौधरी ने विस्फोट की निंदा की है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी हमले की निंदा करते हुए पूर्व सीनेटर तथा अन्य लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। समाचार पत्र 'द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार हिदायतुल्ला 2012 से 2018 और फिर 2018 से 2024 तक सीनेट के निर्दलीय सदस्य रहे थे। इसके अलावा वह उच्च सदन की विमानन संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष और राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी प्राधिकरण (एनएसीटीए) के सदस्य भी रहे थे। जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान में 11 जुलाई को उपचुनाव होना है, जिसमें पूर्व



सीनेटर हिदायतुल्ला खान बतौर स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। बुधवार को खान, उनके दो साथी और दो पुलिस गार्ड कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे। अफगान सीमा से 45 किलोमीटर दूर बाजौर जिले में पहुंचने पर विस्फोट हुआ और खान सहित उनके दोनों साथी व पुलिस गार्ड मारे गए। 2021 में तालिबान द्वारा काबुल पर नियंत्रण करने के बाद इस क्षेत्र में आतंकवाद बढ़ रहा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और इससे जुड़े समूह इस क्षेत्र में सबसे अधिक सक्रिय हैं, जो बड़े पैमाने पर सुरक्षा अधिकारियों को निशाना बनाते हैं। बता दें कि जेल में बंद पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान का समर्थन करने वाले एक उम्मीदवार की आम चुनाव से पहले जनवरी में बाजौर जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# बुशरा बीबी बोलीं- देश में धोखेबाजों और चोरों का शासन; इमरान के इद्दत मामले में 12 जुलाई को सुनवाई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने बुधवार को पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान में अब धोखेबाजों और चोरों का शासन है। देश और इसकी सेना को बदनामी के लिए शहबाज शरीफ सरकार जिम्मेदार है। बुशरा बीबी फरवरी से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं। वहीं, उनके पति और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक इमरान खान भी पिछले साल से इसी जेल में बंद हैं। एक पाकिस्तानी अखबार की खबर के मुताबिक, बुशरा बीबी ने कहा है कि संघीय सरकार देश और इसकी सेना की बदनामी के लिए जिम्मेदार है। खबर के मुताबिक अदियाला जेल में पत्रकारों से बात करते हुए बीबी ने कहा, अखिरत (देवलोक) में दो जगहें हैं: एक आलिम बरजख- जहां मत्तकी (धर्मी लोग) और परहेजगार (परहेज करने वाले) हैं। जबकि दूरी जेल है, जहां आत्माएं धरती पर आती हैं। जहां एक ऐसी जगह है जिसमें (धरती में) शैतानों की सरकार है। अखबार के मुताबिक, बुशरा बीबी ने कहा कि देश में धोखेबाजों और चोरों की सरकार है। उन्होंने सरकार में शामिल हर व्यक्ति को शैतान करार दिया। इमरान खान ने पहले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली मौजूदा संघीय सरकार पर अवैध होने का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था कि सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-ए) पार्टी पर आठ फरवरी को हुए आम चुनावों में अपना जनादेश चुराने का आरोप लगाया था। इन चुनावों में अधिकांश पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। हालांकि, चुनाव के बाद हुए समझौते में पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने पीटीआई को किनारे करते हुए सरकार का गठन किया। पीपीपी का नेतृत्व पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी करते हैं।

**इद्दत मामले में 12 जुलाई को सुनवाई करेगी अदालत :** पाकिस्तान की एक अदालत ने बुधवार को कहा कि वह अवैध विवाद मामले में दोषी ठहराए जाने के खिलाफ इमरान और बुशरा की अपीलों पर 12 जुलाई को फैसला सुनाएगी। इस्लामाबाद की एक अदालत ने बुशरा के पूर्व पति खावर फरीद मेनका की शिकायत पर दंपति को इद्दत मामले में दोषी ठहराया था। इस्लाम में एक महिला तलाक या अफने पति की मृत्यु के चार महीने पूरे होने से पहले शादी नहीं कर सकती। मेनता ने अपनी याचिका में अदालत से इमरान और बुशरा की शादी को अवैध ठहराने की मांग की थी।

**लाहौर: वर्जिनिटी टेस्ट करने पर महिला डॉक्टर सेवा से बर्खास्त :** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक नाबालिग बलात्कार पीड़िता का कौमार्य परीक्षण (वर्जिनिटी टेस्ट) करने पर एक महिला डॉक्टर को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। देश में इस तरह के परीक्षण पर पाबंदी है। पंजाब सरकार ने डॉ. आलिया गिल को मंगलवार को सेवा समाप्त की। लाहौर उच्च न्यायालय ने 2020 में दुष्कर्म के मामलों में टू-फिंगर वर्जिनिटी टेस्ट पर पाबंदी लगा दी थी। अदालत ने वर्जिनिटी टेस्ट को अपमानजनक बताया था।

**पाकिस्तान में एक कार में बम विस्फोट, चार लोगों की मौत :** पाकिस्तान के अशांत उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में रिमोट-कंट्रोल के जरिये एक कार में किए गए विस्फोट में पूर्व सांसद और तीन अन्य की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विस्फोट अफगानिस्तान की सीमा से लगे आदिवासी बहुल जिले मामोंड बाजौर के दामादोला क्षेत्र में हुआ। पुलिस के अनुसार विस्फोट के समय पाकिस्तानी संसद के उच्च सदन सीनेट के पूर्व सदस्य हिदायतुल्ला उपचुनाव में अपने भतीजे नजीबुल्ला खान के प्रचार अभियान के सिलसिले में वहां मौजूद थे। पीके 22 प्रांतीय विधानसभा क्षेत्र में 12 जुलाई को उपचुनाव होना है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और मुख्य सचिव नदीम असलम चौधरी ने विस्फोट की निंदा की है। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी हमले की निंदा करते हुए पूर्व सीनेटर तथा अन्य लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया।

# शूटर रिदम सांगवान बोलीं- पूरे हिंदुस्तान का आशीर्वाद मेरे साथ है

## ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन करूंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी बहु–राष्ट्रीय प्रतियोगिता पेरिस ओलंपिक की शुरुआत 26 जुलाई से होने जा रही है। इसके लिए हर देश तैयारियों में जुटा हुआ है। भारतीय एथलीट्स भी इस मेगा इवेंट को लेकर जमकर तैयारी कर रहे हैं। कुछ एथलीट्स अपने देश में रहकर ही तैयारियों में जुटे हैं तो कुछ को विदेश भेजा गया है। इसी कड़ी में भारत को सबसे ज्यादा उम्मीदें अपने निशानेबाजों से है। भारत को सबसे पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक शूटिंग में ही मिला था, जब 2008 बीजिंग ओलंपिक में अभिनव बिंद्रा ने स्वर्ण जीता था। इसके



अलावा भी देश को गगन नारंग और विजय कुमार जैसे कुछ शीर्ष निशानेबाजों ने ओलंपिक में पदक दिलाए हैं। ऐसे में इस साल भी निशानेबाजी में भारत अपने सबसे बड़ा दल ओलंपिक के लिए भेज रहा है। इसी टीम का हिस्सा रिदम सांगवान भी हैं। रिदम पिछले साल हुए हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत चुकी हैं। इसके अलावा भी उनके नाम कई पदक हैं। रिदम निशानेबाजी में भी तीन स्पर्धाओं में खेलती हैं। 10 मीटर एयर पिस्टल के अलावा उन्हें 25 मीटर पिस्टल और 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में भी महारत हासिल है। हालांकि, पेरिस ओलंपिक में वह 10 मीटर एयर पिस्टल में हिस्सा लेंगी। रिदम विश्व चैंपियनशिप्स में एक स्वर्ण (2023 बाकू) और तीन रजत (2022 कायरो) पदक जीत चुकी हैं। इसके अलावा आईएसएसएफ विश्व कप में उन्होंने 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण अपने नाम किया था। आईएसएसएफ विश्व कप में वह तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य समेत कुल पांच पदक जीत चुकी हैं। 20 साल की रिदम से इस साल पेरिस ओलंपिक में पदक की आस है।

# अधिकारियों से तत्काल मदद मांगने के बाद विनेश फोगाट को स्पेन के लिए शेंगेन वीजा मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता महिला पहलवान विनेश फोगाट को खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, विदेश मंत्रालय और अन्य अधिकारियों से तत्काल मदद मांगने के बाद बुधवार को मैड्रिड में प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए स्पेन का शेंगेन वीजा मिल गया। विनेश, जो मैड्रिड में ग्रां प्री ऑफ स्पेन 2024 में प्रतिस्पर्धा करेंगी, उनकी उड़ान आज रात (बुधवार रात) के लिए निर्धारित है, लेकिन उन्हें बुधवार सुबह तक वीजा नहीं



मिला। लेकिन हरियाणा की पहलवान अब मैड्रिड जा सकती है जहां उसे स्पेन के ग्रां प्री में हिस्सा लेने से पहले एक सप्ताह का प्रशिक्षण मिलेगा। इसके बाद विनेश ओलंपिक खेलों से पहले फ्रांस की यात्रा करेंगी। विनेश ने एक्स पर संबंधित अधिकारियों से मामले की निगरानी करने का अनुरोध किया था। उन्होंने अपने पोस्ट में विदेश मंत्रालय के साथ–साथ खेल मंत्री और बेंगलुरु में फ्रांस के महावाणिज्य दूतावास को भी टैग किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रिय अधिकारियों, मैं तत्काल मदद का अनुरोध कर रही हूं। मैंने 24 जून को बेंगलुरु में अपने शेंगेन वीजा के लिए आवेदन किया था। मुझे 6 जुलाई को स्पेन में एक प्रतियोगिता के लिए आज रात निकलना है लेकिन मेरे वीजा के बारे में कोई जानकारी नहीं है। कुछ घंटों बाद, विनेश फोगाट ने फिर से सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उन्हें शेंगेन वीजा मिल गया है और उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

● हार्दिक पंड्या ने आईसीसी टी-20 रैंकिंग में बनाया कीर्तिमान



# पंड्या नंबर 1 ऑलराउंडर

## पहली बार किसी भारतीय ने किया ऐसा

नईदिल्ली, एजेंसी। हार्दिक पंड्या ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ) की रैंकिंग में गदर काट दिया है. हार्दिक ने ऑलराउंडर की नंबर 1 गद्दी पर पहली बार कब्जा जमाया है. भारत के ऑलराउंडर पंड्या ने पहली बार आईसीसी रैंकिंग में ऐसा किया है. आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में हार्दिक पंड्या के जोरदार प्रदर्शन की वजह से वह पुरुष ञ्20 रैंकिंग अपडेट में नंबर 1 रैंक वाले ऑलराउंडर बन गए हैं. आईसीसी की नई रैंकिंग के बाद हार्दिक पंड्या ने दो पायदान की छलांग लगाई थी. हार्दिक अब श्रीलंका के स्टार वानिंदु हसरंगा के साथ टॉप रैंक वाले ऑलराउंडर बन गए हैं. हार्दिक ने फाइनल में हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर के महत्वपूर्ण विकेट लेकर मैच पलट दिया और भारत की साउथ अफ्रीका पर 7 रनों की जीत में अहम योगदान निभाया. हार्दिक का टी20 वर्ल्ड कप में बल्ले और गेंद योगदार भी जोरदार था. इस वजह से वह इस कैटरगी में नंबर 1 पर पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं.



**पंड्या के वर्ल्ड कप 2024 के आंकड़े –**

पंड्या ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 8 मैचों में 144 रन बनाए, इस दौरान उनका एवरेज 48 का रहा. वहीं पंड्या ने इन 8 वर्ल्ड कप मैचों में 7.64 की इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट भी अपने नाम किए.

### हार्दिक ने फेंका था फाइनल ओवर

हार्दिक पंड्या ने टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में 20 रन देकर 3 विकेट लिए, वहीं 5 रन नाबाद भी बनाए. वहीं पंड्या ने टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल आखिरी ओवर किया, जहां जीत के लिए अफ्रीकी टीम को 16 रनों की जरूरत थी, पर पंड्या ने महज 8 रन दिए थे.

# शाकिब अल हसन बांग्लादेश के भारत दौरे में खेलने को लेकर अनिश्चय की स्थिति में

नई दिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेश के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने कहा कि वह इस साल सितम्बर–अक्टूबर में होने वाले भारत दौरे का हिस्सा बनने को लेकर अनिश्चय की स्थिति में हैं। बांग्लादेश को 19 सितंबर से 12 अक्टूबर तक भारत के खिलाफ दो टेस्ट और तीन टी20 मैच खेलने हैं, जिसके मेजबान शहर चेन्नई, कानपुर,



धर्मशाला, नई दिल्ली और हैदराबाद होंगे। उनकी भारत यात्रा अगस्त में पाकिस्तान के दो मैचों के टेस्ट दौरे के बाद होगी। 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में खेलने के बाद, शाकिब 5 जुलाई से यूएसए में शुरू होने वाले आगामी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) सीज़न दो में लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स के लिए खेलने को तैयार हैं। शाकिब ने यूएसए के लिए प्रस्थान करने से पहले हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, मेरे पास ज्यादा योजनाएं नहीं हैं। मेरे सामने दो टी20 टूर्नामेंट हैं एक एमएलसी है और दूसरा कनाडा में ग्लोबल टी20 लीग है और मुझे देखने दीजिए कि इन दोनों टूर्नामेंटों को खेलने के बाद मैं कहां खड़ा हूं क्योंकि मुझे यह समझने की जरूरत है ( मैं कैसे महसूस करूं )। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट है और पाकिस्तान के खिलाफ एक श्रृंखला है और मैं उस समय तक की योजना बना रहा हूं और उससे आगे की योजना नहीं बना रहा हूं। अब मेरे पास तीन चार साल की योजना बनाने का समय नहीं है और इसलिए तीन से छह महीने की योजना बनाना बेहतर है और बाद में अपनी अगली योजना के बारे में सोचूंगा और इसलिए अब तक मैं पाकिस्तान श्रृंखला तक की योजना बना रहा हूं। शाकिब ने यह भी खुलासा किया कि तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलने के लिए अपने साथियों से माफी मांगी थी, क्योंकि वह टीम बस से चूक गए थे और एंटीगा के सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में सुपर आठ मुकाबले के लिए देर से पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यह मामला उसी समय समाप्त हो गया था।



# विश्व विजेता बनकर लौटी भारतीय टीम

## बारिश के बीच फैंस ने किया जोरदार स्वागत



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के चैंपियंस वतन वापस आ चुके हैं। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम गुरूवार सुबह 6 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पर पहुंची।



एयरपोर्ट पर टीम इंडिया के कई उत्साही प्रशंसक मौजूद थे, जिनकी दीवानगी देखने लायक थी। एक फैन के सीने पर विराट कोहली की तस्वीर थी और पीठ पर खिलाड़ियों के नाम गुदे हुए थे। इस फैन के हाथ में तिरंगा भी था। जैसे ही फैन्स ने टीम इंडिया के खिलाड़ियों को देखा, उनका जोश दोगुना हो गया।

रोहित ब्रिगेड बारबाडोस से दिल्ली के टर्मिनल 3 पर पहुंची और इसके बाद आईटीसी मौर्य होटल के लिए रवाना हुई। लंबी फ्लाइट के बाद भी खिलाड़ियों के चेहरे पर थकावट नहीं दिखी। फैन्स को देखकर खिलाड़ियों के चेहरे पर एक अलग चमक नजर आई। इस दौरान एक खास फैन, जो पिछले 16 साल से टीम इंडिया का समर्थन कर रहे हैं, भी एयरपोर्ट पर दिखे। उन्होंने बताया कि वह मुंबई में होने वाली विक्ट्री परेड में भी शामिल होंगे।

एयरपोर्ट पर रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी लहराते नजर आए, जिसे देखकर फैन्स ने इंडिया-इंडिया के नारे लगाए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली और अन्य खिलाड़ियों को ट्रॉफी के साथ देखा जा सकता है। भारतीय टीम की एक झलक पाने के लिए कई फैन्स पहले ही एयरपोर्ट पर पहुंच गए थे।

# प्रज्ञानंद ने सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट में बोगडान डेनियल से ड्रॉ खेला

## अलीरेजा भी चमके



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के छठे दौर में रोमानिया के कम रैंकिंग वाले डीएक बोगडान डेनियल से ड्रॉ खेला। इस तरह दोनों के अंक बंट गए। वहीं, ईरानी–फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अमेरिका के वेस्ली सो को पराजित किया। भारत के डी गुकेश ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से बाजी ड्रॉ कराई। प्रज्ञानंद ने जीतने की कोशिश करते हुए कई चाल चली लेकिन रोमानिया के खिलाड़ी ने उनका डटकर सामना किया और 38 चाल के बाद ड्रॉ खेलने में कामयाब रहा।

विम्बलडन 2024

# फोगनिनी ने रूड को हराकर बाहर किया

## अल्कारेज तीसरे दौर में पहुंचे, ओसाका हारकर बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विम्बलडन 2024 के दूसरे राउंड में इटली के फैबियो फोगनिनी ने नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर बाहर कर दिया। चार सेट चल इस मैच को फोगनिनी ने 6-4, 5-7, 6-7 (7), 6-3 से जीत लिया। यह मुकाबला 3 घंटे 17 मिनट तक चला। डिफेंडिंग चैंपियन स्पेन के कार्लोस अल्कारेज भी तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। अल्कारेज ने ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड नंबर 69 एलेक्जेंडर वुकिक को 7-6 (7/5), 6-2, 6-2 से हराया। नाओमी ओसाका को बुधवार को अमेरिका की एम्मा नवारो ने दूसरे दौर में हराकर बाहर कर दिया। 2018 के बाद से अपना पहला विम्बलडन खेल रही ओसाका को सेंटर कोर्ट पर एक घंटे से भी कम समय में 6-4, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा। फोगनिनी (दाएं) ने रूड को 6-4, 5-7, 6-7 (7), 6-3 से हराया। फोगनिनी (दाएं) ने रूड को 6-4, 5-7, 6-7 (7), 6-3 से हराया।

### साल का तीसरा ग्रैंड स्लैम

टेनिस में 4 ग्रैंड स्लैम होते हैं। चारों हर साल आयोजित होते हैं, इसकी शुरुआत जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन से होती है। मई और जून में फ्रेंच ओपन होता है। जुलाई में विम्बलडन और अगस्त–सितंबर में स-ओपन होता है। स-ओपन साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम होता है।

**ऑल इंग्लैंड क्लब कराता है विम्बलडन–** विम्बलडन इकलौता ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है, जिसका आयोजन कोई नेशनल टेनिस एसोसिएशन नहीं करता है। इसे ऑल इंग्लैंड क्लब आयोजित करता है। क्लब की स्थापना 1868 में हुई थी। टेनिस पहले क्रॉकेट कहलाता था। 6 मेंबर्स ने मिल कर ऑल इंग्लैंड टेनिस और क्रॉकेट क्लब की शुरुआत की और फिर आगे चलकर इन्हीं ने 1877 में विम्बलडन टूर्नामेंट शुरू किया।



# सबसे तेज शतक पर भारी पड़ा एक सिक्सर

## आखिरी बॉल पर लगे छक्के ने जिताया मैच

**कोलंबो, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 जबरदस्त अंदाज में अपने अंजाम को पहुंचा. भारत और साउथ अफ्रीका के बीच एक रोमांचक फाइनल मैच हुआ, जिसमें टीम इंडिया ने 7 रन से जीत दर्ज की और 17 साल के बाद दूसरी बार ये खिताब अपने नाम कर लिया. जहां पूरा भारत इस खुशी के जश्न में डूबा है, वहीं भारत के ही पड़ोसी देश श्रीलंका में एक नया टी20 एक्शन शुरू हो चुका है, जहां एक रोमांचक मुकाबले में शतक जमाने वाले बल्लेबाज की टीम आखिरी गेंद पर हार गई. लंका प्रीमियर लीग के चौथे मैच में ये कमाल का नजारा दिखा, जहां जाफना किंग्स ने डाम्बुला सिक्सर्स को 4 विकेट से हरा दिया.

### कुसल परेरा का विस्फोटक शतक

पल्लेकेले में दोनों टीमों के बीच बुधवार 3 जुलाई को ये मुकाबला खेला गया. इस मैच में डाम्बुला ने पहले बैटिंग की और 191 रन बनाए. टीम के लिए दिग्गज



श्रीलंकाई ओपनर कुसल परेरा ने विस्फोटक पारी खेली और सिर्फ 52 गेंदों में 102 रन बनाए. लंका प्रीमियर लीग के इतिहास में ये सबसे तेज शतक है. अपनी पारी में परेरा ने 10 चौके और 5 छक्के उड़ाए. उनके अलावा डाम्बुला के लिए नुवानिदु फर्नांडो ने 40 और न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन ने 33 रन बनाए थे.

### असलंका-फर्नांडो का हमला

इसके बाद बारी जाफना किंग्स की थी लेकिन इस टीम की शुरुआत ही एकदम खराब रही. टीम ने सिर्फ 36 रन तक ही अपने 3 विकेट गंवा दिए थे. यहां से मोर्चे पर डट गए चरित असलंका और अविष्का फर्नांडो. पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में श्रीलंका के लिए बेहतरीन पारियां खेलने वाले इन दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर डाम्बुला के गेंदबाजों की धुनाई शुरू कर दी और देखते ही देखते सिर्फ 11 ओवरों के अंदर 134 रन कूटते हुए टीम को 170 तक पहुंचा दिया.

# आखिरी बॉल पर जमाया छक्का

यहीं पर ये साझेदारी टूटी और दोनों ही बल्लेबाज डेढ़ ओवरों के अंदर आउट हो गई. जबकि कुछ ही देर में धनंजया डिसिल्वा भी चलते बने. आखिरी ओवर में जाफना को सिर्फ 4 रनों की जरूरत थी और शुरुआती 2 गेंदों में ही तीन रन आ गए. अब 4 गेंदों में 1 रन चाहिए था लेकिन विमुक्ति की अगली 3 गेंदों पर कोई रन नहीं आया, जिससे मुकाबला रोमांचक हो गया. डाम्बुला के पास मैच को सुपर ओवर में ले जाने का मौका था लेकिन फैबियन एलन ने आखिरी गेंद पर जबरदस्त छक्का जमाकर टीम को रोमांचक जीत दिला दी.





# सच कहूं तो मैंने इंडियन 2 सिर्फ इंडियन 3 के कारण की : कमल हासन

**इंडियन** 2 12 जुलाई को सिनेमाघरों में आने वाली है, कमल हासन ने इंडियन 3 के बारे में एक साहसिक बयान देकर माहौल गर्म कर दिया है, उन्होंने दावा किया है कि उन्हें दूसरे भाग की तुलना में तीसरा भाग ज़्यादा पसंद है। इंडियन 2 के प्रचार के लिए देशभर में दौरे पर गए कमल हासन ने पुष्टि की है कि उन्होंने इंडियन 2 सिर्फ़ इसलिए करने के लिए हामी भरी क्योंकि उन्हें इंडियन 3 बहुत पसंद आई थी।

सच कहूं तो, मैंने दूसरे भाग को करने के लिए सिर्फ़ इसलिए हामी भरी क्योंकि मैं तीसरे भाग को देखना चाहता था। मैं तीसरे भाग का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। आम तौर पर लोग कहते हैं कि उन्हें फ़िल्म का पहला भाग या दूसरा भाग पहले भाग से ज़्यादा पसंद आता है। मेरा दूसरा भाग इंडियन 3 है। मैं खुद फ़िल्म की तारीफ़ करता रहा हूँ और मुझे सिर्फ़ इस बात की चिंता है कि इसके लिए छह महीने का इंतज़ार करना होगा, हसन ने कहा। एक बार फिर शंकर द्वारा निर्देशित, इंडियन 2 में प्रभावशाली स्टार कलाकार हैं। कलाकारों में सिद्धार्थ, एसजे सूर्या, काजल अग्रवाल, रकुल प्रीत सिंह, प्रिया भवानी शंकर, कालिदास जयराम, गुलशन ग्रोवर, नेदुमुदी वेणु, विवेक, समुथिरकानी, बॉबी सिम्हा, गुरु सोमसुंदरम, दिल्ली गणेश, जयप्रकाश, मनोबाला, वेनेला किशोर और दीपा शामिल हैं। शंकर सहित अन्य लोग शामिल थे। अनिरुद्ध रविचंदर ने फिल्म के दोनों भागों के लिए संगीत तैयार किया है। मेकर्स ने दोनों पार्ट की शूटिंग पूरी कर ली है। इंडियन 2 के ऑडियो लॉन्च पर बोलते हुए, शंकर ने खुलासा किया कि उन्होंने तीसरा पार्ट इसलिए बनाया क्योंकि एक पार्ट उनके कंटेंट की आत्मा के साथ न्याय नहीं कर रहा था। इंडियन 2, इंडियन (1996) के बाद की कहानी है, जिसमें कमल हासन ने पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका निभाई थी। हासन का किरदार सेनापति एक पूर्व स्वतंत्रता सेनानी है जो भ्रष्ट अधिकारियों का पता लगाकर आधुनिक समाज में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जब उसके बेटे के भ्रष्ट इंस्पेक्टर होने का पता चलता है, तो सेनापति उसे भी नहीं छोड़ता।

### परिणीति चोपड़ा ने तोड़े मिथक, कहा...

# पंजाबियों के लिए सब कुछ चक दे फट्टे नहीं होता



बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा हाल ही में डायरेक्टर इम्तियाज अली की फिल्म चमकीला में नजर आई। उन्होंने फिल्म में अमरजोत का किरदार निभाया, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। वह अपने फैंस से सोशल मीडिया के जरिए कनेक्ट रहती हैं। परिणीति ने बुधवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर इंटरएक्टिव सेशन रखा और फैंस के साथ बातचीत की।

इस दौरान उन्होंने कई मिथकों को भी खारिज किया। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा बहुत अच्छा लगा! आइए भारत के बारे में आम मिथकों को तोड़ें... मुझे वीडियो/मिथक भेजें! एक फैन ने मिथक को तोड़ते हुए कहा, सरदार और पंजाबी अपनी बातों में बल्ले बल्ले नहीं कहते! परिणीति ने जवाब दिया, हां! और सब कुछ चक दे फट्टे नहीं होता... लस्सी हमारा एकमात्र बेवरेज नहीं है। एक अन्य यूजर ने लिखा- राजस्थान में रहने वाला हर व्यक्ति रेगिस्तान में अपने सिर पर पानी के कई बर्तन लेकर चलता है।

इस पर एक्ट्रेस ने कहा, यह एक ब्यूटीफुल ट्रेडिशनल इमेज है! लेकिन राजस्थान में कमर्शियल और मॉर्डन शहर भी हैं। आपको बता दें, परिणीति ने अंबाला में अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी की और फिर लंदन के मैनचेस्टर बिजनेस स्कूल से बिजनेस, फाइनेंस और इकोनॉमिक्स से ट्रिपल ऑनर्स की डिग्री हासिल की। उन्होंने लंदन में ही बतौर इंवेस्टमेंट बैंकर जॉब की। इंडिया लौटने पर उन्होंने यशराज फिल्म्स में पीआर का काम किया। इस दौरान उनके पास यशराज के बैनर तले बन रही फिल्म लेडीज वर्सेस रिकी बहल में सपोर्टिंग रोल का ऑफर आया, जिसके लिए उन्होंने हां कर दी। इस फिल्म में उनके साथ रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा नजर आए।

# सोनाक्षी-रितेश की दिलचस्प फिल्म काकुड़ा का ट्रेलर आउट




*मूवी में सोनाक्षी और रितेश मुख्य भूमिका में आएंगे नजर*

*जानकारी के मुताबिक फिल्म के निर्माता रॉनी स्क्रूवाला ने साल 2021 की 20 जुलाई को फिल्म की शूटिंग शुरू होने का एलान किया था। हालांकि, दर्शकों को इसका लंबा इंतजार करना पड़ा है। इस फिल्म की रिलीज डेट दो साल से अटकी पड़ी थी और अब आखिर ओटीटी पर फिल्म आ रही है। मूवी में सोनाक्षी सिन्हा और रितेश देशमुख मुख्य भूमिका में हैं।*

**बीते** दिनों सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी को लेकर काफी सुर्खियों बटोरी थी। वहीं शादी के बाद सोनाक्षी और रितेश देशमुख अपनी फिल्म 'काकुड़ा' के एलान के बाद से लगातार चर्चाओं में हैं। खबर ये है कि इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी खुश थे। लेकिन इसी बीच फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का मन बना चुके प्रशंसकों को तगड़ा झटका लगा है। निर्माताओं ने ऐलान किया कि फिल्म 12 जुलाई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 पर रिलीज होगी। इसी बीच ऑडियंस की एक्साइटमेंट बढ़ाने के लिए इस फिल्म का ट्रेलर भी जारी कर दिया गया है।

'मुंजा' के निर्देशक आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म काकुड़ा का ट्रेलर काफी दिलचस्प है। इसे देखने के बाद दर्शक रतोडी का राज और काकुड़ा का श्राप जानने के लिए और ज्यादा उत्सुक हो उठे हैं। वहीं, ट्रेलर को साझा करते हुए सोनाक्षी सिन्हा ने कैप्शन में लिखा है, खुलेगा रतोडी का राज और क्या है काकुड़ा का श्राप। अब हर मंगलवार, शाम साढ़े सात बजे, दरवाजा खोलके रखना, क्योंकि काकुड़ा आ रहा है।

# विवेक बॉलीवुड में हुए लॉबिंग का शिकार



विवेक ओबेरॉय ने साल 2002 में फिल्म कंपनी से एक्टिंग डेब्यू किया था और कई हिट फिल्में दीं। कुछ महीने पहले वह रोहित शेट्टी की कॉप सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आए, पर उसके बाद से कोई फिल्म साइन नहीं की है। विवेक ओबेरॉय ने फिल्मों में काम करने के साथ ही बिजनेस भी करना शुरू कर दिया। आखिर ऐसी क्या वजह रही, जिसके कारण विवेक ओबेरॉय को सफल फिल्मी करियर होते हुए भी बिजनेस की दुनिया में उतरना पड़ा?

इस बारे में एक्टर ने एक इंटरव्यू में बताया और चौंकानेवाला खुलासा किया। मैं पिछले कुछ समय से कई अन्य बिजनेस कर रहा हूं। मेरी जिंदगी में एक दौर ऐसा भी आया, जब मेरी फिल्में हिट हुईं, एक्टिंग की तारीफ हुई, फिर भी अन्य कारणों से यदि आपको कोई रोल नहीं मिल रहा है, और जब आप सिस्टम और लॉबी का शिकार बन जाते हैं, तो आपके पास केवल दो ऑप्शन बचते हैं। तब या तो आप हताश हो जाते हैं या फिर इसे एक चुनौती के रूप में लेते हैं और अपनी किस्मत खुद लिखते हैं। मैंने बाद वाला रास्ता चुना और फिर कई बिजनेस शुरू किए।

# पाक अभिनेता फवाद की बॉलीवुड में वापसी

**वाणी कपूर संग करेंगे रोमांस**



**पाकिस्तानी** एक्टर फवाद खान की फैन फॉलोइंग दुनियाभर में है। जब उन्होंने हिन्दी फिल्मों में कदम रखा था तब सभी उनके दीवाने हो गए थे। उनकी फिल्म खूबसूरत, कपूर एंड सन्स को काफी पसंद भी किया गया था। इंडिया में भी फवाद की फैन फॉलोइंग बहुत तगड़ी है। हालांकि 2016 में आई फिल्म ए दिल है मुश्किल के बाद से फवाद किसी भी बॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आए हैं। ऊरी अटैक के बाद पाकिस्तानी कलाकारों को इंडिया में बैन कर दिया गया था। अब 8 साल के बाद फवाद बॉलीवुड में कमबैक के लिए तैयार हैं।

2023 में, बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें भारतीय नागरिकों, कंपनियों और संगठनों पर पाकिस्तानी कलाकारों, जैसे कि एक्टर, सिंगर, म्यूजिशियन, लिरिसिस्ट और टैक्नीशियन के साथ कोलेबरेट करने पर पूरी तरह से बैन लगाने की मांग की गई थी। जस्टिस न्यायमूर्ति सुनील बी शुक्रे और जस्टिस फिरदौस पी पूनीवाला की अध्यक्षता वाली अदालत ने घोषणा की कि याचिका सांस्कृतिक सद्भाव, एकता और शांति को बढ़ावा देने में एक प्रतिगामी कदम का प्रतिनिधित्व करती है और इसमें योग्यता का अभाव है। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक फवाद खान इस बॉलीवुड फिल्म में वाणी कपूर के साथ रोमांस करते हुए नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग लंदन में होगी। अभी तक इसे टाइटल के बारे में नहीं बताया गया है।

### गदर डायरेक्टर अनिल शर्मा की फिल्म जर्नी के लिए

# भक्ति राठौड़ ने शुरू की डबिंग



**टीवी** का लोकप्रिय सीरियल पुष्पा इम्पॉसिबल में एक साहसी महिला पुष्पा की दिल छूने वाली कहानी बताई गई है, जो जीवन की चुनौतियों का डटकर सामना करती है और कभी उम्मीद नहीं खोती। शो के अन्य किरदार भी लोगों का काफी मनोरंजन कर रहे हैं। एक्ट्रेस भक्ति राठौड़ सोनल का किरदार निभा रही हैं, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। छोटे पर्दे के अलावा, भक्ति जल्द ही फिल्म जर्नी में नजर आएंगी। इसके लिए उन्होंने डबिंग शुरू भी कर दी है। एक्ट्रेस इस फिल्म में दिग्गज एक्टर नाना पाटेकर के साथ नजर आएंगी। डबिंग के बारे में बात करते हुए भक्ति ने कहा, गदर 2 की सफलता के बाद, डायरेक्टर अनिल शर्मा ने मुझे जर्नी ऑफर की, वह मेरे स्किल और डायलॉग डिलीवरी को अच्छे से जानते हैं। डबिंग प्रोसेस में टीम और सबसे सीनियर डबिंग डायरेक्टर शामिल थे। उन्होंने मेरी आवाज और डायलॉग डिलीवरी के साथ एक्सपेरिमेंट किया, इससे यह मेरे लिए एक जादुई अनुभव बन गया। भक्ति ने गदर 2 पर काम करने का दिलचस्प किस्सा भी शेयर किया। बता दें कि सनी देओल स्टारर गदर 2 में आपने एक हिट डायलॉग तो सुना होगा, दामाद है वो पाकिस्तान का, उसे नारियल दो, टीका लगाओ, वरना इस बार वो दहेज में लाहौर ले जाएगा!

# 'मुंजा का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण था: शरवरी



**सुंदर** बॉलीवुड अभिनेत्री शरवरी दो कारणों से मुंज्या में सबसे बड़ा सरप्राइज फैक्टर साबित हुई हैं। सबसे पहले, यह बात छिपाई गई थी कि मुंज्या पहली बार शरवरी के माध्यम से शारीरिक रूप लेती है और वह लोगों को डराती है, साथ ही हंसाती भी है! दूसरा, उसका गाना तरस एक ब्लॉकबस्टर है और लोग इंडस्ट्री के नए उभरते सितारे पर प्यार लुटा रहे हैं, जो अभिनय, नृत्य और स्क्रीन पर अपनी मैग्नेटिक प्रजेंस के लिए मशहूर है।

मुंज्या अब इंडस्ट्री के लिए एक ब्लॉकबस्टर है, जिसने पहले ही 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है! शरवरी के मुंज्या बनने के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री कहती हैं, मैं बहुत उत्साहित थी, यह रोमांचकारी और निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मैं पहले दिन नर्वस एनर्जी से भरी हुई थी, क्योंकि मुझे मुंज्या के रूप में सेट पर जाना था, क्योंकि जब मुंजा शारीरिक रूप लेता है तब वह मैं थी, इसलिए यह चुनौतीपूर्ण था - मुझे लगता है, यह एक शानदार अनुभव था। उन्होंने आगे कहा, मुझे लोगों को डराना था, लेकिन साथ ही उन्हें हंसाना भी था, जो इस भूमिका का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा था, लेकिन दर्शकों से मुझे जो प्रतिक्रिया मिल रही है, उसे देखकर मैं बहुत अभिभूत और आभारी हूँ। शरवरी द्वारा अपलोड किए गए वीडियो को देखें, जिसमें फिल्म में मुंजा बनने के लिए उनके परिवर्तन को विस्तार से दिखाया गया है।

### नाग अश्विन ने प्रभास को बताया

# बॉक्स ऑफिस का सबसे बड़ा स्टार



**इस** साल की सबसे बड़ी फिल्मों में एक कल्कि 2898 एडी सिनेमाघरों में लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है। फिल्म को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। लोग फिल्म को काफी पसंद कर रहे हैं, जिसका सबूत फिल्म का दिनों-दिन बढ़ता जा रहा बॉक्स ऑफिस कलेक्श है। प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण, कमल हासन जैसे सितारों से सजी इस फिल्म ने अच्छी-खासी कमाई की है।

### नाग अश्विन ने प्रभास के लिए किया खास पोस्ट

प्रभास की कल्कि 2898 एडी सिर्फ भारत ही नहीं विदेश में भी धमाल मचा रही है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस पौराणिक कथाओं और साइंस फिक्शन के मिश्रण वाली फिल्म में कलाकारों के अभिनय की भी काफी तारीफ की जा रही है। इस बीच नाग अश्विन ने अपनी फिल्म के नायक की काफी तारीफ़ की है। उन्होंने प्रभास को फिल्म की सफलता का श्रेय देते हुए युग का सबसे बड़ा स्टार बताया है।



# शबाना ने बिग बी को दिया वरिष्ठ कलाकारों की दूसरी पारी का श्रेय

**जानी-मानी** अभिनेत्री शबाना आजमी अपने शानदार अभिनय प्रदर्शन और बयानों को लेकर जानी जाती हैं। अभिनेत्री अपनी दूसरी पारी में शानदार समय बिता रही हैं। अपनी दूसरी पारी के दौरान उन्होंने बॉलीवुड में फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और घूमर से लेकर हॉलीवुड में द इनविंसिबल्स सीजन 2, हेलो और व्हाट्स लव गॉट टू डू विद इट तक दुनिया भर में काम किया है। उन्होंने सिनेमा में वरिष्ठ कलाकारों के लिए रास्ता बनाने का श्रेय अमिताभ बच्चन को दिया है। शबाना आजमी ने कहा, मुझे वाकई लगता है कि इसका बहुत बड़ा कारण अमिताभ बच्चन हैं। क्योंकि अमिताभ बच्चन ने वरिष्ठ कलाकारों के लिए रास्ता साफ कर दिया है। दुनिया भर में महिला आंदोलन ने भी कहीं न कहीं फिल्मों को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, मैं काम करते हुए ही मर जाऊंगी। कोई मुझे काम दे या न दे, मुझे नहीं पता, लेकिन मैं मरने तक एक एक्टर ही रहूंगी। क्योंकि जो हुआ है, वह इस प्रक्रिया में है, जब दूसरा विंग हुआ, तो मुझे कई अलग-अलग भूमिकाएं मिलीं।

-साभार एजेंसी